उत्तर प्रदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ हजरतगंज... 05

डगा के पास हरदोई ब्रांच नहर में चहल कदमी करते... 10




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 34
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 15 नवंबर, 2023


**मोदी बोले, भाजपा की आंधी में कांग्रेस का तंबू उखड़ जाएगा: राहुल के मेड-इन-चाइना वाले बयान पर कहा, मूर्खों के सरदार किस दुनिया में रहते हैं**

# 'आपका ये प्रेम कइयों की नींद खराब कर रहा'

### कांग्रेस ने मान लिया है कि मोदी की गारंटी के सामने उसके झूठे वादे नहीं चलेंगे: प्रधानमंत्री

### मध्य प्रदेश हर क्षेत्र में नंबर वन, यह भाजपा की दृढ़ इच्छा शक्ति का नतीजा: योगी आदित्यनाथ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बैतूल/शाजापुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शाजापुर की चुनावी सभा में कहा, भाजपा की ऐसी आंधी चली है कि कांग्रेस का तंबू उखड़ जाएगा। दिल्ली में बैठकर चुनावों का हिसाब लगाने वाले पॉलिटिकल मेहरबान इसका आकलन नहीं कर पाए हैं। इससे पहले पीएम ने बैतूल में राहुल गांधी के मेड इन चाइना वाले बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस के एक महाज्ञानी कह रहे थे कि भारत के पास मेड इन चाइना मोबाइल फोन होता है। अरे, मूर्खों के सरदार, किस दुनिया में रहते हैं लोग? कांग्रेस नेताओं को देश की उपलब्धियां न देखने की बीमारी हो गई है। आज भारत दुनिया में मोबाइल फोन का सबसे बड़ा निर्माता है। राहुल गांधी ने सोमवार को हरदा की चुनावी सभा में कहा था, मैं चाहता हूं कि ऐसा दिन आए, जब चीन में कोई मोबाइल खोले और पीछे लिखा देखे मेड इन मध्यप्रदेश। वो सोचे कि मध्यप्रदेश कहां है, जिसने हमारी नौकरियां ले लीं।



"आज पूरा देश वोकल फॉर लोकल है। त्योहारों के मौके पर भारतीयों द्वारा बनाए गए उत्पादों का समर्थन करते हुए भारत में बने उत्पाद खरीदे जा रहे हैं। कांग्रेस के किसी भी नेता ने कभी भी वोकल फॉर लोकल होने की वकालत नहीं की। मोदी ने कहा कि भारत दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता बन गया है। जब केंद्र में कांग्रेस सरकार थी तो भारत में हर साल 20 हजार करोड़ रुपये से कम के मोबाइल फोन बना करते थे। आज भारत में साढ़े 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के मोबाइल बनते हैं। उन्होंने कहा कि कल कांग्रेस के एक महाज्ञानी कह रहे थे कि भारत के सब लोगों के पास मेड इन चाइना मोबाइल फोन होता है। अरे मूर्खों के सरदार, किस दुनिया में हो। कांग्रेस के नेताओं को अपने देश की उपलब्धियां न देखने की मानसिक बीमारी हो गई है।

–नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शाजापुर में पीएम के भाषण की 3 बड़ी बातें...

1 **महाज्ञानी की सोच ने देश को तबाह किया:** यह महाज्ञानी कहते हैं कि आपको अपनी भाषा सीखने की जरूरत नहीं है। इसी सोच ने इस देश को तबाह किया। हमने तय किया है कि गरीब से गरीब बच्चा भी अंग्रेजी आती हो या नहीं आती हो, वो डॉक्टर-इंजीनियर बनेगा।

2 **जब मौका था, कांग्रेस घोटालों में व्यस्त रही:** कांग्रेस वाले आज झूठे वादे कर रहे। जब मौका था तो घोटालों, भाई-भतीजावाद में व्यस्त थे। किसानों, नौजवानों, महिलाओं की दुश्मन हैं। जहां-जहां कांग्रेस आई - तबाही लाई। इसलिए मध्यप्रदेश को बहुत सावधान रहना होगा।

3 **कांग्रेस के स्वभाव में तुष्टिकरण, दंगे-फसाद:** कांग्रेस के पास आपको देने के लिए सिर्फ और सिर्फ विरोध है, निराशा है, नकारात्मकता है। कांग्रेस स्वभाव से ही तुष्टिकरण, गुंडागर्दी, दंगे-फसाद, भ्रष्टाचार को प्रोत्साहित करती है। कांग्रेस के न तो संगठन में दम है और न ही नीयत है।

### बैतूल में पीएम के भाषण की 3 बड़ी बातें...

1 **कांग्रेस ने हार मानी, खुद को भाग्य के भरोसे छोड़ा:** आज पूरे एमपी से रिपोर्ट मिल रही है कि कांग्रेस ने हार मानकर खुद को भाग्य भरोसे छोड़ दिया है। मान लिया है कि मोदी की गारंटी के सामने कांग्रेस के झूठे वादे एक पल भी टिक नहीं सकते। मोदी की गारंटी का मतलब है- गारंटी पूरा होने की गारंटी।

2 **कांग्रेस को डर कहीं मोदी लॉकर न खोल दे:** कांग्रेस नेताओं के भ्रष्टाचार के पाप इतने हैं कि चिंता रहती है कि मोदी कहीं लॉकर खोल देगा तो लेने के देने पड़ जाएंगे। हार तय देख बौखलाकर कर्मचारियों-अधिकारियों को धमका रहे हैं। डरने की जरूरत नहीं, एमपी में 3 दिसंबर के बाद भी भाजपा सरकार है।

3 **मोदी नर्मदा का पानी पीकर बड़ा हुआ है:** कांग्रेस वाले राम मंदिर निर्माण की तारीखें पूछा करते थे। इन्हें पता नहीं कि मोदी किस मिट्टी का बना है। मोदी नर्मदा का पानी पीकर बड़ा हुआ है। कांग्रेस ने पिछली बार कर्जमाफी का वादा कर सरकार बनाई। डेढ़ साल बाद तक वादा पूरा नहीं कर पाए।

### आदिवासियों से बार-बार कनेक्ट कर रहे पीएम मोदी

- अभी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार हो रहा है। हिंदी बेल्ट के तीन राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में आदिवासियों को रिझाने में हर पार्टी जुटी हुई है।
- दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी जनजातीय आबादी भारत में रहती है। भारत की जनसंख्या में इनकी हिस्सेदारी करीब 9 प्रतिशत है। आदिवासी लंबे समय से अनेदखी का शिकार रहे हैं। हालात ऐसे थे कि आजादी के 52 साल बाद, 1999 में जनजातीय मामलों का मंत्रालय गठित किया गया। इस तथ्य का जिक्र मोदी अपनी कई रैलियों में कर चुके हैं।
- छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर को एक रैली में पीएम मोदी ने कहा कि उनका जन्म आदिवासियों की सेवा के लिए हुआ है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हवाला देते हुए पूछा कि क्या किसी ने सोचा था कि कभी आदिवासी समुदाय से आने वाली महिला राष्ट्रपति बनेगी।
- चुनावों को देखते हुए मोदी ने कई मौकों पर आदिवासियों तक पहुंच बनाने की कोशिश की। 30 अक्टूबर को मन की बात में उन्होंने राजस्थान के आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी गोविंद गुरु का जिक्र किया।
- 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर राज?य की संस्कृति में आदिवासी समुदायों के अहम योगदान को रेखांकित किया।

### कांग्रेस आपकी आस्था का सम्मान नहीं कर सकती है: सीएम



प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एमपी विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के अंतिम दौर में मंगलवार को मध्य प्रदेश के रीवा पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, मैं आपसे अपील करना चाहता हूँ कि आप सभी मिलकर नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार को वोट देने के लिए सहमत हो और अपना समर्थन दें। 17 को मतदान होना है और मध्यप्रदेश के भाग्य का फैसला आप सबको करना है। एक बार फिर से डबलिँजिन की सरकार पर भरोसा दिखते हुए कमल की बटन दबाये। उत्तर प्रदेश में जो बदलाव देख रहे है वो डबल इंजिन की सरकार की वजह से आया है। अगर भाजपा की सरकार नहीं होती तो यूपी में इतना परिवर्तन नहीं हो पाता। हर शहर में दंगे हर सड़क पर मारकाट होती। शहरों पर माफिया ने कब्ज़ा कर लिया था लेकिन अब एक भी माफिया नहीं बचा। सब गायब। भाइयों बहनों में आज आपसे यही कहने आया हूँ कि, विकास की नई गाथा एमपी में रची जा रही है ये डबल इंजिन की सरकार की ताकत है और वहीं डबल इंजिन की सरकार जो यहाँ पर शिवराज के नेतृत्व में काम कर रही है और लगातार नये विकास की प्रतिमा उकेर रही है। पिछले 20 वर्षों में शिवराज सरकार ने मध्यप्रदेश को गरीबी की श्रेणी से उभरने में मदद की है। मध्यप्रदेश आज बीमारू राज्य नहीं है। आज मध्यप्रदेश नई दिशा में जा रहा है विकास के नए पैमाने स्थापित करने वाला है। मध्यप्रदेश में आधी आबादी का सम्मान हो रहा है। लाड़ली लक्ष्मी योजना पहले से थी, मातृ वृंदा योजना पीएम के आने के बाद शुरू हुई औइर बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं और लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित हो रही है।

# अयोध्या रेलवे स्टेशन पर आते ही राम मय हो जाएंगे आप

### श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकार रेलवे स्टेशन का करा रहीं कायाकल्प

- राम लला के दिव्य मंदिर के निर्माण के बाद यहां हर बर्ष लगभग लाखों लोगों के पहुंचने की उम्मीद
- अयोध्या को परिवहन से जोड़ने वाले हर साधन को बेहतर बनाने का प्रयास जारी



जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** दीपावली का पर्व हो तो प्रभु श्री राम और रामनगरी अयोध्या से जुड़ी हर बात खास हो जाती है। अयोध्या में राम मंदिर में रामलला के विराजने का सभी को बेसब्री से इंतजार है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने अयोध्या में पर्यटन समेत सभी सुविधाओं को बेहतरीन बनाने का निर्णय लिया है। इस कड़ी में अयोध्या के रेलवे स्टेशन का विकास और कायाकल्प किया जा रहा है। मकसद साफ है कि स्टेशन पर आते ही पर्यटकों को अयोध्या और राम मंदिर की भव्यता का एहसास होने लगे। राम लला के दिव्य मंदिर के निर्माण के बाद यहां हर बर्ष लगभग लाखों लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में सरकार अपनी तरफ से कोई भी कमी रखना नहीं चाहती, केंद्र सरकार से लेकर यूपी सरकार दोनों मिलकर आयोध्या में परिवहन को लेकर किसी भी तरह की समस्या नहीं चाहती हैं। अयोध्या को परिवहन से जोड़ने वाले हर साधन को बेहतर बनाने का प्रयास सरकार कर रहीं हैं। शहर में भव्य एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है।

### नए जंक्शन की वास्तुकला श्री राम जन्मभूमि मंदिर से प्रेरित

अयोध्या रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण का काम तेजी से चल रहा है। आयोध्या के नए रेलवे स्टेशन की खासियत ये है कि इस नए जंक्शन की वास्तुकला श्री राम जन्मभूमि मंदिर से प्रेरित है। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के कारण यात्रियों की बढ़ती संख्या को संभालने के लिए इसकी क्षमता भी बढ़ाई जाएगी। केंद्र सरकार के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भारतीय रेलवे देशभर में 1275 रेलवे स्टेशनों का पुनर्निर्माण करा रहा है। इनमें अयोध्या समेत उत्तर प्रदेश के 149 रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

### दस हजार वर्ग मीटर में हो रहा रेलवे स्टेशन का विकास

अयोध्या रेलवे स्टेशन की इमारत का विकास लगभग दस हजार वर्ग मीटर में हो रहा है। स्टेशन के बाहरी हिस्से का लुक हुबहु मंदिर के जैसा रखने का प्रयास किया जा रहा है। अयोध्या रेलवे स्टेशन पर बुजुर्ग व महिलाओं के लिए लिफ्ट, एस्केलेटर, वॉशरूम, पेयजल, एसी वेटिंग रूम, फूड प्लाजा, कियोस्क की भी सुविधाएं मुहैया कराने का पूरा इंतजाम किया जा रहा है। स्टेशन निर्माण का काम दो चरणों में पूर्ण होगा। 31 दिसंबर तक अयोध्या रेलवे स्टेशन का प्रथम चरण बनकर तैयार हो जाएगा। पहले चरण में केवल तीन ही प्लेटफार्म बनेंगे, दूसरे चरण का काम बाद में शुरू होगा।

# ट्रक में घुसी कार, छह दोस्तों की मौत

## आधी कार खिलौने की तरह पिचक गई, मुजफ्फरनगर में नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस। मुजफ्फरनगर

मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे-58 पर मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां दिल्ली से हरिद्वार जा रही सियाज कार ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में आधी कार खिलौने की तरह पिचक गई। कार सवार सभी 6 दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वाले सभी लोग शाहदरा के रहने वाले थे। हादसा सुबह 4 बजे छपार थाना क्षेत्र के रामपुर तिराहे के पास हुआ। घटना की सूचना पर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर



पहुंची। क्रेन की मदद से ट्रक में फंसी कार को निकलवाया। गाड़ी पिचक कर आधी रह गई थी। उसमें हर जगह केवल खून ही खून दिख रहा था। जबकि कार सवारों के शव पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए थे। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शवों को गाड़ी से निकाला। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। मृतकों की शिनाख्त शिवम, पार्श, कुनाल, धीरज, विशाल और एक अज्ञात के रूप में हुई है। इनमें से पार्श शर्मा बीबीए का छात्र था, जबकि शिवम बैंक में नौकरी करता था, पार्श और कुणाल चचेरे भाई हैं। मरने वाले छठे दोस्त का नाम अमन (22) निवासी मेरठ है।

### सीएम योगी ने जताया दुख

सीएम योगी ने मुजफ्फरनगर में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट किया है। सीएम ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह से चिपटा हो गया

हादसे के वक्त कार की स्पीड 100 से ज्यादा थी। तभी ड्राइवर का कार से संतुलन हट गया और गाड़ी आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे की जगह पर हर जगह केवल खून दिख रहा था। कार के टूटे हुए शीशे सड़क पर बिखरे पड़े थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा एकदम चिपटा हो गया है। जबकि पिछला हिस्सा सही सलामत है। पुलिस ने मृतकों की पहचान उनकी आईडी से की। सीओ विनय गौतम ने बताया, तेज रफ्तार सियाज कार बेकाबू होकर मुजफ्फरनगर से हरिद्वार की तरफ जा रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। जिसमें कार सवार सभी 6 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# दिल्ली में दीपावली के दूसरे दिन हवा और जहरीली हुई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में दीपावली के 48 घंटे बाद हवा और जहरीली हो गई है। 13 नवंबर को सुबह 7 बजे दिल्ली का ओवरऑल एयर क्वालिटी इंडेक्स 275 था। 14 नवंबर को सुबह 9 बजे रियल टाइम एक्यूआई 361 रिकॉर्ड किया गया। कई इलाकों में यह आंकड़ा 400 के पार पहुंच गया। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक, आर के पुरम में मंगलवार को एक्यूआई 417, पंजाबी बाग में 430 और जहांगीरपुरी में 428 रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि बैन के बावजूद 12 और 13 नवंबर को पटाखे जलाए गए। इससे प्रदूषण का स्तर बढ़ गया। आने वाले दिनों में एयर क्वालिटी और खराब होने की आशंका है। दिल्ली में 9 और 10 नवंबर को बारिश की वजह से हवा में प्रदूषण का



स्तर 50 प्रतिशत कम हो गया था। 11-12 नवंबर को दिल्ली में एक्यूआई 250 से कम था, लेकिन 13 नवंबर सुबह 6 बजे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रियल टाइम एक्यूआई 910, लाजपत नगर में 959 और करोल बाग में 779 दर्ज किया गया। यानी 23 घंटे में प्रदूषण 4 गुना से ज्यादा बढ़ गया। इधर, दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में स्पेशल पॉल्यूशन ओपीडी खोलने की तैयारी की जा रही है। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अजय शुक्ला ने बताया कि प्रदूषण से इंसान के कई अंगों पर असर पड़ता है। इसलिए ओपीडी में मल्टी डिपार्टमेंट क्लिनिक भी शामिल होगा। इसमें ईएनटी, स्किन, रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट, आंख, साइकेट्रिक सहित पांच डिपार्टमेंट होंगे। दिल्ली पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक, पिछले साल के मुकाबले इस साल दीपावली के मौके पर पीएम2.5 (पीएम यानी पार्टिकुलेट मैटर) का लेवल 45 प्रतिशत तो पीएम10 का स्तर 33 प्रतिशत तक बढ़ गया था। इस साल दीपावली पर हवा में पीएम2.5 का कंसन्ट्रेशन 314 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था, जो पिछले साल 217 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रिकॉर्ड किया गया था। वहीं, इस साल हवा में पीएम10 का कंसन्ट्रेशन 430 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था, जो पिछले साल 322 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रिकॉर्ड किया गया था। पार्टिकुलेट मैटर प्रदूषण के कण की मोटाई मापने की यूनिट माइक्रॉन है। इंसान का बाल औसतन 50-70 माइक्रॉन जबकि समुद्र तट की रेत का एक कण 90 माइक्रॉन मोटा होता है।




# युवती समेत चार लोगों ने फांसी लगाकर जान दी

* बिसंडा के ओरन, कालिंजर के रक्सी, मरका के काजीटोला, चिल्ला के महेदू में घटनाएं

जन एक्सप्रेस | बांदा

चार गांवों में एक युवती समेत चार लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किसी ने पत्नी वियोग में तो किसी ने नशे के चलते जीवन लीला समाप्त कर ली। इनमें एक मृतक युवती के घरवालों ने ससुरालीजनों पर मारपीट कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव के हरदिया थोक निवासी राकेश कुमार पांडेय (35) पुत्र कृष्ण कुमार पांडेय ने सोमवार की रात छत के छल्ले पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह जब वह देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और परिजनों से पूछताछ की। मृतक के चचेरे भाई नरेंद्र ने बताया कि राकेश किसानी करता था। उसके छह बीघा जमीन है।

एक वर्ष पहले उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पत्नी की मौत के बाद वह अपनी दो बेटियां और एक बेटे का भरण पोषण करता था। पत्नी वियोग में राकेश ने आत्महत्या कर ली। कालिंजर थाना क्षेत्र के रक्सी गांव निवासी रामकिशुन (30) पुत्र मुन्नीलाल ने रविवार की रात करीब साढ़े 11 बजे साफी से पंखे की हुक पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह पत्नी ने शव देखा तो परिजनों को जानकारी दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों से पूछताछ करने के बाद शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पिता ने बताया कि रामकिशुन सब्जी का धंधा करता था। वह नशे का आदी था। दीपावली के दिन नशे में घर आया और उपद्रव मचाने लगा।

गांव वालों ने किसी तरह उसे समझाया बुझाया। घर आकर उसने पत्नी को पीटा। इसी बात को लेकर दोनो के बीच विवाद हो गया। पत्नी कमरे से बाहर चली आई। रामकिशुन ने दरवाजा बंदकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक अपने पीछे पत्नी प्रेमा के अलावा एक पुत्री और दो पुत्र छोड़ गया है। मरका थाना क्षेत्र के काजीटोला गांव निवासी रीता देवी (46) पत्नी सुरेंद्र कुमार ने सोमवार सुबह कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे पति ने देखा तो फंदा काटकर शव को नीचे उतार लिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पति ने बताया कि उसकी पहली पत्नी से एक बेटा और एक बेटी है। वह लोग घर आते-जाते हैं। रीता देवी उनके घर आने का विरोध करती है। इसी बात को लेकर पति और पत्नी के बीच विवाद हो गया। नाराज होकर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उधर मृतका के भाई पीतांबर निषाद का कहना है कि उसका बहनोई राजमिस्त्री है।

## तमंचे से किशोर को मारी गोली, भर्ती

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** गाली-गलौज का विरोध करने पर एक युवक ने तमंचे से किशोर को गोली मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद युवक मौके से फरार हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसका उपचार किया जा रहा है। मटौंध थाना क्षेत्र के जखौरा गांव निवासी अंकुश (16) पुत्र रघुवीर बसहरी तिराहे पर चाय-नाश्ते की दुकान किए है। वह सामान लेने दुकान जा रहा था। तभी रास्ते में पड़ोसी युवक अजय ने उसे गाली-गलौज कर दी। दोनो के बीच विवाद हो गया। अंकुश और उसके भाई ने अजय को पीट दिया। इस पर अजय की मां गोमती और पिता श्रीपाल अंकुश के घर उलाहना देने गए। पीछे-पीछे अजय भी आ गया। उलाहना देने पर दोनो के बीच विवाद हो गया।

# सीएम योगी ने चित्रकूट पहुंचकर जगद्गुरू रामभद्राचार्य से की मुलाकात

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विशेष विमान से एयरपोर्ट देवांगना घाटी पहुंचकर जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज एवं जनप्रतिनिधियों से भेंट वार्ता की। इसके बाद मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ विपिन कुमार मिश्रा, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला से एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी से कहा कि कार्यदाई संस्थाओं के साथ लगातार समीक्षा कर एयरपोर्ट के कार्यों में प्रगति कराए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री का पुष्प गुच्छ एवं भगवान श्री कामतानाथ की फोटो भेट कर स्वागत किया।

इस मौके पर सांसद आरके सिंह पटेल, मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्र, पूर्व राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक मानिकपुर आनंद शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, रामनगर गंगाधर मिश्रा, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव कुमार मिश्रा, मऊ अमित द्विवेदी, महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, भाजपा नेता आनंद त्रिपाठी, बद्री प्रसाद त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

# रघुवीर मन्दिर में रामनाम कीर्तन के साथ हुई गोवर्धन पूजा

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के अंतर्गत स्थापित रघुवीर मंदिर (बड़ी गुफा) में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को रामनाम कीर्तन के साथ बृज के भगवान और पर्वतों के राजा कहे जाने वाले गिरिराज अर्थात गोवर्धन की पूजा बड़े ही विधि विधान और हर्षोल्लास के साथ की गई।

इस अवसर पर गोवर्धन भगवान को अन्नकूट के छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। जानकी कुंड के रघुवीर मंदिर में श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ. बी के जैन, ऊषा जैन, डॉ. ईलेश जैन की मौजूदगी में भजन कीर्तन हुआ और भगवान गोवर्धन की पूजा अर्चन हुई। इसके बाद गोवर्धन भगवान को छप्पन तरह के व्यंजनों का भोग लगाया गया।

## चार किलो अवैध गांजे के साथ दो अन्तर्जपदीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि थाना पहाड़ी पुलिस ने अन्तर्जनपदीय 2 गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर 4 किलो गांजा व 1 मोटरसाइकिल बरामद की। उप निरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा तथा उप निरीक्षक रविकान्त राय, आरक्षी दिलीप कुमार, नीलेश कुमार द्वारा बिसण्डा तिराहा कस्बा पहाड़ी से बरातीलाल पुत्र राममिलन, दिलशाद पुत्र शमशेर निवासीगण चैसठ थाना विसण्डा जनपद बांदा को दो-दो किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना पहाड़ी में एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया तथा बरामद मोटरसाइकिल को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।

# धूमधाम से मनाई गई दीपावली, जमकर हुई आतिशबाजी

* शहर की इमारतों में जगमगाती नजर आई विद्युत झालरें

जन एक्सप्रेस | बांदा

दीपोत्सव पर्व के मौके पर रविवार को निर्धारित मुहूर्त पर लोगों ने माता लक्ष्मी और गणेश भगवान की पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के बाद दीये जलाकर घर के चारों कोनों में रखे गए। घर-घर दीये जलाए गए इससे सारा जहां जगमग हो गया। इसके बाद आतिशबाजी का दौर शुरू हुआ। आतिशबाजी के दौरान आसमान में सतरंगी छटा नजर आई। देर रात तक आतिशबाजी का दौर चलता रहा। इधर, पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से गश्त करती नजर आई।

एक पखवारे पूर्व से ही लोगों ने दीपावली पर्व की तैयारियां शुरू कर दी थीं। धनतेरस के बाद दीवाली पर्व की खुशी लोगों के सिर चढ़कर बोल रही थी। रविवार को दीपावली पर्व की शाम को घर में माता लक्ष्मी और गणेश की पूजा अर्चना की गई।



### धार्मिक स्थलों में हुई भव्य आरती और पूजा

**बांदा।** शहर के महेश्वरी देवी मंदिर और काली देवी मंदिर के अलावा बामदेवेश्वर पर्वत पर विराजमान भगवान बामदेवेश्वर शिव की विशेष पूजा और आरती का आयोजन किया गया। देवी मंदिरों में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आरती के दौरान मौजूद रहे। काली देवी मंदिर और महेश्वरी देवी मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने जगत माता की आरती में प्रतिभाग किया। इसी तरह पर्वत पर विराजमान बामदेवेश्वर शिव की भी विशेष पूजा का आयोजन किया गया।

बुजुर्गों का कहना है कि माता लक्ष्मी और गणेश की पूजा अर्चना करने से घर में सुख समृद्धि और धन्य धान्य की वृद्धि होती है। रविवार शाम को लोगों ने अपने घरों में विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद मिष्ठान का वितरण किया और लोगों ने एक-दूसरे को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद आतिशबाजी का सिलसिला शुरू हुआ। आतिशबाजी के दौरान शहर के चारों कोनों से धूमधड़ाके की आवाजें आती रहीं। आसमान पर सतरंगी छटा नजर आई। इधर, शहर के विभिन्न इलाकों में जमकर आतिशबाजी की गई। इसके साथ ही जीआईसी ग्राउंड में सजे पटाखा बाजार में जमकर खरीददारी का दौर चला। दीपावली पर्व के मौके पर जहां लोगों ने घरों को बिजली की झालरों से सजाया था, वहीं सरकारी और गैर सरकारी इमारतें भी विद्युत की झालरों से रौशन रहीं।

### रूट डायवर्जन से लोगों को जाम से मिली निजात

**बांदा।** दीपावली पर यातायात व्यवस्था के लिए शहर में रूट डायवर्जन किया गया था। कोई भी भारी वाहन, चार पहिया वाहन तथा ई-रिक्शा मुख्य बाजार महेश्वरी देवी, बलखंडीनाका में 12 नवंबर तक प्रवेश नहीं करेंगे। रेलवे स्टेशन तिराहा की तरफ से कोई चार पहिया वाहन, ई-रिक्शा व आटो रिक्शा बांकरगंज चौराहा की तरफ नही जाएंगे। बलखंडीनाका चैकी की तरफ से कोई चार पहिया वाहन, ई-रिक्शा व आटो रिक्शा बांकरगंज चैराहा की तरफ नही जाएंगे। कोतवाली मोड़ से महेश्वरी देवी की तरफ से कोई चार पहिया वाहन, ई-रिक्शा व आटो रिक्शा बाकरगंज चौराहा की तरफ नही जायेंगे। शंकरगुरु चौराहा से महेश्वरी देवी की तरफ से कोई चार पहिया वाहन, ई-रिक्शा व आटो रिक्शा बाकरगंज चौराहा की तरफ नही जायेंगे। गूलरनाका चौराहा से महेश्वरी देवी की तरफ से कोई चार पहिया वाहन, ई-रिक्शा व आटो रिक्शा बांकरगंज चौराहा की तरफ नहीं जायेंगे।

## दिव्यांग स्कूल में हुआ खेल-कूद व चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** बाल दिवस के अवसर पर जी टी रोड स्थित भावना दिव्यांग स्कूल में खेल कूठ सहित चित्रकारी आदि के कार्यक्रम सम्पन्न कराये गये। दिब्यांगता के आधार पर बचचो ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। वही विद्यालय के संचालक व प्रधानाचार्य ने दिव्यांगो का उत्साह बर्धन करते हुये पुरष्कार वितरण किया। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के उपलक्ष में श्रवण बाधित एवं मानसिक मंदित बच्चों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अध्यापकों ने बच्चों को क्षमता के अनुसार खेलकूद कराये, जिनमे जलेबी दौड़ में उदय प्रथम आया गोल में रिंग फेंकने में विपिन प्रथम आया, इसके साथ ही साथ जवाहरलाल नेहरू का पसंदीदा पुष्प गुलाब के फूल में रंग भरो प्रतियोगिता में बहुत सारे बच्चों ने प्रतिभा किया।

# खुलेआम बेचा जा रहा गांजा, युवा व किशोर हो रहे नशे के आदी

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

गांव की गलियों से लेकर नगर क्षेत्र में बिक रहे नशीले पदार्थ युवा पीठी को खोखला करने मे लगे है। युवाओ से लेकर किशोर भी नसेले पदार्थे के आदी होते जा रहे है। जहाँ हाई क्लास सोसाइटी में जहां नशा एक फैशन बन गया है। वहीं गरीबों की बस्तियों में रहने वाले युवा बीड़ी-सिगरेट के अंदर गांजा भरकर कश लगते खुलेआम देखे जा रहे हैं। जिसके चलते अपराध भी तेजी से बढ रहा है। शराब, गॉजा सहित अनेक मादक पदार्थ ग्रामीण खेत्रो सहित नागरीय क्षेत्रो मे गली-गली बिक रहा है और आबकारी सहित पुलिस प्रशासन रोकने मे नाकाम साबित हो रही है। खागा सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे खुलेआम नसीले पादार्थे की बिक्री किया जा रहा है। कस्बे में कुछ मोहल्ले में घरों से गांजा का अवैध कारोबार किया जा रहा है। नौबस्ता हाईवे किनारे, गदाई मोहल्ला, रामनगर, मानू का पुरवा, बैरागी का पुरवा, न?ई बाजार, गढ़ी मोहल्ला, संग्रामपुर चैराहा, टेसाही बुजुर्ग आदि प्रमुख स्थानों पर अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। गांजा की पुड़िया गांव की गलियों व भॉग की सरकारी दुकानो में खुलेआम बेची जा रही है। सामाजिक मर्यादाओं के बंधन में बंधे होने के कारण ज्यादातर युवा गांजा का नशा कर रहे है। तो उससे बचने वाले युवा दवाइयां का सेवन करने लगे हैं। लोगों की माने तो यह कारोबार पुलिस के संरक्षण में फल-फूल रहा है। देखा जाता है कि नशे के आदी व्यक्ति कभी भी चिलम सुलगाने लगते हैं, चाहे वह सार्वजनिक स्थान हो या फिर खुला मैदान अब तक एक भी नशे के कारोबारी पर प्रशासनिक चाबुक नहीं चल पाया है। गांव-गांव तक फैले नशे के व्यापारी तेजी से लोगों के बीच नशा बांट रहे हैं। इस अवैध व्यापार को रोकने के लिए नारकोटिक्स एक्ट बनाया गया है, लेकिन पुलिस व आबकारी विभाग गांजा की बिक्री पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है। वही आबकारी निरीक्षक निधी सिंह से बात करने पर बताया कि नशा के कारोबारिये पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मादक पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही किया जा रहा है।

## नदी में डूबने से मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** दीपावली में मौनिहारों के साथ यमुना नदी नहाने गया किशोर गहरे पानी में समा गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों के माध्यम से उसकी तलाश कराई। कई घंटे के बाद उसका शव नदी से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पैलानी थाना क्षेत्र के चैकीपुरवा गांव के मजरा डांड़ामऊ गांव निवासी अनीस (14) पुत्र भइयालाल अपने परिवार के साथ जसपुरा में रहता है। वह पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 8 में पढ़ता था। रविवार की दोपहर वह मौनिहारों के साथ पिपरोदर गांव स्थित यमुना नदी नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में समा गया। इससे उसकी डूबकर मौत हो गई। अनीस देर शाम तक घर नहीं आया तो परिजनों ने देर तक खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला।

# 3 लाख 80 हजार लूट का पुलिस ने किया खुलासा, नकदी सहित दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

बहुचर्चित किशनपुर थाना क्षेत्र मे बीते शुक्रवार धनतेरस पर्व पर बी सी संचालक ऋतिक त्रिपाठी ने अपने सहयोगी मित्र दीपक सोनी को बैंक ऑफ बड़ौदा किशनपुर चेक माध्यम से तीन लाख 80 हजार भुगतान के लिए बैंक भेजा था। जहां लौटते वक्त एकडला अहमदगंज मार्ग पर सामने बाइक खड़ी करके अज्ञात लोगों द्वारा 380000 हजार रुपए की नगदी छिनौती कर लिया गया था। प्रकरण की सूचना पर मौके का जायजा लेने एसएसपी विजय शंकर मिश्रा, थाना प्रभारी जयप्रकाश शाही समेत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

गुरुवार व शुक्रवार को लगातार दो दिनो मे 7 लाख 80 हजार की लूट व चोरी से जनपद मे हडकम्प मचा गया। वही पुलिस ने दुसरे दिन दिनदहाडे हुई लूट की सुरागकसी करने मे सफलता हासिल किया। जब कि पहले दिन 4 लाख की बीच बाजार बाईक की डिग्गी से हुई चोरी के चारी का का अनवरण करने मे आज भी फेल रही।

जबकि चोर सीसीटीवी कैमरे मे कैद रहे। वही बीसी संचालक रितिक त्रिपाठी की तहरीर के आधार पर अभियोग भी थाना स्थानीय पर पंजीकृत हुआ था। साथ ही पुलिस अधीक्षक के निर्देशन घटना के अनावरण के लिए क्राइम ब्रांच समेत दो पुलिस टीम गठित किया गया था। घटना के 48 घंटे बीत जाने पर घटना का सफल अनावरण खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि लूट की घटना एक षड्यंत्र स्वाग के तहत प्रभावी तथ्यो द्वारा पता चला कि नगदी लेकर जाने वाला अभियुक्त दीपक सोनी अपने हितैषी लोगों को बुलाकर षड्यंत्र रचकर घटना का अंजाम दिया। दीपक सोनी के मोबाइल नंबर से कॉल डिटेल खंगालने पर उक्त समय लगाये गये मोबाइल नंबर स्विच ऑफ आये। इसके बाद पुलिस ने गहनता से तथ्यों के आधार पर छानबीन करके घटना में शामिल दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 350000 नगदी बरामद कर लिया। घटना में शामिल एक अन्य अभियुक्त की तलाश जारी है शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। उक्त घटना पर सम्मिलित बाईक बरामद करते घटना के अनावरण का सफलता पूर्वक खुलासा किया।

## कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट (चित्रकूट)

पत्रांक- 537/न0प0मा0/2023-24 निविदा सूचना

दिनांक- 14 नवम्बर, 2023

### निविदा सूचना

समस्त कृषको/दुकानदारों/आपूर्ति फर्मों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत मानिकपुर सरहट के कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय स्थल में संरक्षित गोवंशों के भरण पोषण हेतु भूसा, जौ का आटा, चूनी-कराई, सरसों की खली, नमक, गुड़ की आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं को दिनांक **14.11.2023 समय 12:00 बजे से दिनांक 20.11.2023 को अपरान्ह 02:00 बजे तक** निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर में दिनांक **19.11.2023** को अपरान्ह 02:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर क्रय की जा सकती है, आपूर्ति से सम्बन्धित नियम व शर्तें कार्यालय दिवस में निविदा विक्रय की तिथि तक देखी जा सकती है। निविदा निर्धारित शर्तों के तहत निर्धारित तिथि 20.11.2023 समय 02:00 बजे तक निविदा बाक्स में आपूर्ति कर्ताओं द्वारा डाली जायेगी, जो उसी दिन सक्षम अधिकारी के समक्ष कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर में समय 04:00 बजे अपरान्ह में खोली जायेगी। आपूर्तिकर्ता के बिल से नियमानुसार समस्त देयों की कटौती की जायेगी।

| क्र0सं0 | आपूर्ति सामग्री का विवरण | मात्रा | टेण्डर फीस (जी0एस0टी0 सहित) | जमानत धनराशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भूसा | 1000 कुन्तल | 2500.000रू0 | 25000.000रू0 | 15 दिवस |
| 2 | जौ का आटा | 10 कुन्तल | | | |
| 3 | नमक / खारी | 05 कुन्तल | | | |
| 4 | चूनी-कराई | 05 कुन्तल | | | |
| 5 | गुड़ | 03 कुन्तल | | | |
| 6 | सरसों की खली | 05 कुन्तल | | | |

**नोट:-नियम व शर्तें किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।**

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट

**गांजा तस्कर गिरफ्तार: जन एक्सप्रेस/बांदा।** बबेरू कस्बा के चैकी प्रभारी तुषार श्रीवास्तव, कांस्टेबिल सौरभ यादव, राहुल साहू व अजय कुमार सघन चेकिंग अभियान में थे। मुखबिर की सूचना पर दतिया (मध्य प्रदेश) के प्रकाश नगर निवासी ओशोगिया को गिरफ्तार कस्बे के अतर्रा रोड से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से दो किलो 250 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

## निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि विकास खंड शिवपुर के ग्राम पंचायत बेहड़ा में राकेश वर्मा के घर से कंदुवनपुरवा तक, पी डब्लू डी रोड से राजेश अवस्थी के घर तक, विवेक अवस्थी के घर से इंटरलॉकिंग तक तथा अजय वर्मा के घर से हजारी वर्मा के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य हेतु इंटरलॉकिंग ईंट, मौरंग, गिट्टी, सीमेंट, बालू आदि समस्त प्रकार की निर्माण सामग्री के लिए सीलबंद निविदाएं दिनांक17-11-2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर दें। निविदा 18-11-2023 को अपराह्न तीन बजे खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकार या निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**सूर्य प्रकाश सिंह**
(प्रधान)
ग्राम पंचायत-बेहड़ा

**मो0 अक़दस**
(सचिव)
वि.ख.-शिवपुर जनपद बहराइच।

## निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि विकास खंड शिवपुर के ग्राम पंचायत बेहड़ा में संदीप वर्मा के घर से राम फेरन वर्मा के घर तक, राम खेलावन मिश्र के घर से राम कुमार वर्मा के हाता तक तथा मोती लाल शुक्ल के घर से भाग्यनन्दन तिवारी के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य हेतु इंटरलॉकिंग ईंट, मौरंग, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, बालू आदि समस्त प्रकार की निर्माण सामग्री के लिए सीलबंद निविदाएं दिनांक17-11-2023तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर दें। निविदा 18-11-2023 को अपराह्न तीन बजे खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकार या निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**सूर्यप्रकाश सिंह**
(प्रधान)
ग्राम पंचायत-बेहड़ा

**मो0 अक़दस**
(सचिव)
वि.ख.-शिवपुर जनपद बहराइच।

## निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि विकास खंड शिवपुर के ग्राम पंचायत बेहड़ा में अमृत लाल कान्दू के घर से मुलायम वर्मा के घर तक तथा मोतीलाल मिश्र के घर से मनोज वर्मा के हाता तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य एवं प्राथमिक विद्यालय दक्षिणी बाग में आंगनबाड़ी निर्माण कार्य हेतु इंटरलॉकिंग ईंट, मौरंग, गिट्टी, सरिया, दरवाजा, खिड़की, रोशनदान ईंट, सीमेंट, बालू आदि समस्त प्रकार की निर्माण सामग्री के लिए सीलबंद निविदाएं दिनांक17-11-2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर दें। निविदा 18-11-2023 को अपराह्न तीन बजे खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकार या निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**सूर्यप्रकाश सिंह**
(प्रधान)
ग्राम पंचायत-बेहड़ा

**मो0 अक़दस**
(सचिव)
वि.ख.-शिवपुर जनपद बहराइच।

## निविदा सूचना

विकास खंड शिवपुर के ग्राम पंचायत मुसल्लमपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए मनरेगा पंचमवित्त आयोग,15वें वित्त आयोग, एस बी एम, गौआश्रय केंद्र वाहन योजनांतर्गत आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, इंटरलॉकिंग, खड़ंजा, आर सी सी सेंटर,नोडेप, वर्मीकम्पोस्ट,सिल्टकैचर फ़िल्टर चैम्बर, नाली, प्लास्टिक बैंक, सोकपिट, सामुदायिक घूर गड्ढा, ई रिक्शा, ठेलिया, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, फर्नीचर, गौआश्रय केंद्र निर्माण, प्रसाशनिक सामग्री तथा ओ डी एफ ग्राम में निर्माण हेतु ईंट, मौरंग, सीमेंट, बालू, गिट्टी, ह्यूम पाइप, सरिया, इंटरलॉकिंग ईंट, सीधा खंजड, खिड़की, रोशनदान,टाइल्स, समरसेबल, पेंट, फाइबर, अलुमिनियम, साइनबोर्ड, भूसा सहित अन्य समस्त निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्में अपनी अपनी निविदा 17-11-2023 को शाम 5 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर दें।निविदा 18-11-2023 को प्रात: 11 बजे खोली जाएगी। निविदा नि:शुल्क होगी तथा बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**रूमान अली**
(प्रधान)
ग्राम पंचायत-मुसल्लमपुर

**ब्रिज बहादुर**
(सचिव)
विकास खंड-शिवपुर जनपद बहराइच।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 29.5 (+0.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 15.6 (-2.1)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 96 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 54 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

काकादेव थाना क्षेत्र में हुई दो मौतें पुलिस के लिए बनीं पहेली

# मंजू और जानवी की हुई मौत या हत्या, खुलासे का इंतजार

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर




**कानपुर नगर।** शहर के थाना काकादेव क्षेत्र में बीते दो दिनों के अंदर हुई दो संदिग्ध मौतें कई सवाल खड़े कर रहीं हैं और इन सवालों के जवाब सिर्फ़ और सिर्फ़ कानपुर पुलिस को ही देनें हैं। कानपुर की सेंट्रल पुलिस ने एक मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ भी शुरू कर दी है वहीं दूसरे मामले में मामला जी.आर.पी. से जुड़ा होने के बाद भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। इस मामले में और भी बातें निकालकर के सामने आ रही हैं लेकिन इंतजार है तो सिर्फ और सिर्फ अब पुलिस रिपोर्ट का और पुलिस अधिकारियों के द्वारा दिए जाने वाले बयान का जिस पर कार्यवाही होगी।

**मामला नंबर 1**

थाना काकादेव के कुलवंती हॉस्पिटल के ठीक सामने सड़क पार स्थित हरिजन बस्ती में रहने वाले नगर निगम में श्रमिक पद पर कार्यरत प्रताप खोटे की 17 वर्षीय बेटी जानवी बीती 11 नवम्बर को धर से अपनी एक सहेली के साथ निकली तो वापस नहीं आई,12 नवम्बर को पुलिस ने सूचना देकर बताया कि उनकी बेटी हैलट अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल में इलाज के दौरान जानवी को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत होने के बाद परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताते हुए एक लड़की को आरोपी करार देते मुकदमा दर्ज किए जाने के लिए थाना काकादेव में तहरीर दी है लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। सूत्रों की मां माने तो जानवी रेलवे ट्रैक पर घायल अवस्था में पाई गई थी। इस मामले में रेलवे प्रशाशन जीआरपी थाने की पुलिस जॉच करेगी लेकिन उसके बाद भी काकादेव पुलिस मामले की जॉच पड़ताल में लगी हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

## गर्ल्स हॉस्टल में महिला केयरटेकर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या की आशंका

थाना काकादेव क्षेत्र स्थित बिरहाना के एक गर्ल्स हॉस्टल में वार्डन का काम करने वाली अधेड़ महिला का शव निर्वस्त्र अवस्था में लहूलुहान पाया गया था। परिजनों ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। परिजन इस मौत को हत्या मान रहे हैं वहीं पुलिस इस मौत को कुदरती मौत मान रही है। लेकिन पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ करनी भी शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार थाना काकादेव क्षेत्र के बिरहाना में एक गर्ल्स हॉस्टल है जिसके मालिक महेंद्र गुप्ता हैं। तीन मंजिलें गर्ल्स हॉस्टल में मौजूदा समय में करीब 28 लड़कियां रहकर पढ़ाई कर रही हैं। हॉस्टल की देखरेख के लिए मंजू द्विवेदी उम्र 35 वर्ष नाम की महिला को रखा गया था। मंजू चौथा फ्लोर के टीन सेड में बने कमरे में दो बच्चों 16 साल की बेटी शालिनी और 12 साल का बेटा सौरभ के साथ रहती थीं उनके साथ ही टिफिन सर्विस का भी काम करती थी ।मंजू की बेटी शालिनी ने बताया कि 13 नवंबर की शाम को मम्मी के दोस्त चिंटू तिवारी आए थे इसी दौरान मां के नजदीकी वह टिफिन सप्लाई का काम करने वाले कल्याणपुर के मस्वानपुर निवासी अर्जुन यादव उर्फ कुलदीप अपने दो साथी रोहित यादव और रिंकू यादव के साथ पहुंचा था बताया कि चिंटू अंकल घर चले गए थे इसके बाद रोहित और रिंकू के साथ दूध लेने के लिए अर्जुन ने उसे भेज दिया था करीब आधे घंटे बाद लौटकर आई तो हॉस्टल का गेट भीतर से बंद मिला आवाज लगाने और शोर मचाने पर अर्जुन ने कहा कि थोड़ी देर रुको अभी आ रहे हैं करीब 30 मिनट बाद भी नीचे नहीं आने पर हॉस्टल में मौजूद लड़कियों को सूचना दी तो उन लोगों ने मंजू को कॉल किया लेकिन फोन अर्जुन उर्फ कुलदीप यादव ने रिसीव किया और कहा कि थोड़ी देर में आ रहे हैं हंगामा शुरू होने पर कुलदीप बदहवास हालत में बाहर निकाला और खून से उसकी शर्ट खून से सनी हुई थी वह दरवाजे से निकलते ही वहां से भाग निकला और उसके साथी भी लापता हो गए। घटनास्थल पर खुद जांच करने डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार और एडीसीपी सेंट्रल आरती सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे हुए थे। इस दौरान बहुत ही बारीकी से दोनों उच्च अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। एडीसीपी सेंट्रल आरती सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि मामले में जांच की जा रही है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है परिजनों के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। काकादेव थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह का मानना है कि मंजू देवी बीमार रहती थी कुछ दिन पहले ही उनकी तबीयत खराब हुई थी निजी अस्पताल में इलाज कराया गया था ठीक हो गई थी इसी तरह सोमवार को भी ओवर ब्लीडिंग हुई होगी और उनकी मौत हो गई।

## ऊसर भूमियों में गेहूं के उत्पादन की आधुनिक तकनीक के लिए दी जानकारी



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह द्वारा जारी निर्देश के क्रम में मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के मृदा वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने ऊसर भूमियों में गेहूं उत्पादन की आधुनिक तकनीक विषय पर किसानो के लिए एडवाइजरी जारी की। उन्होंने बताया कि भारत में लगभग 6.73 मिलियन हेक्टेयर भूमि ऊषर प्रभावित है। जिसमें 3.77 मिलियन हेक्टेयर छारीय और 2.96 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र लवणीय है। उत्तर प्रदेश में 13.69 लाख हेक्टेयर भूमि ऊषर से प्रभावित है जिसमें मुख्य रूप से कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, इटावा, औरैया, उन्नाव, फर्रुखाबाद, कन्नौज,मैनपुरी सहित कई जनपद लवण तथा छार से प्रभावित है। उन्होंने बताया कि इन भूमियों में लवण सहनशील गेहूं की प्रजातियां एवं नवीनतम तकनीकों के संयोजन से उत्पादन में वृद्धि कर खाद्य सुरक्षा को सतत रूप से स्थाई करने में महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने बताया कि उसर भूमि में हमेशा उचित नमी पर ही जुताई करें तथा बड़े-बड़े ढेलों को भुरभुरा कर दें तथा मृदा परीक्षण की संस्तुति के आधार पर 200 किलोग्राम जिप्सम प्रति हेक्टेयर अवश्य प्रयोग करें। डॉ.खान ने बताया कि ऊसर भूमियों में बीज का जमाव कम होता है। अतः संस्तुति मात्रा से सवा गुना ज्यादा अर्थात 115 से 120 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर की दर से अवश्य प्रयोग करना चाहिए। बीज का शोधन कार्बेडाजिम 2.5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से शोधन करने के बाद किसान बुवाई करे। उन्होंने किसानों को उसर भूमियों में गेहूं की बुवाई 20 नवंबर तक करने की सलाह दी। जिससे की फसल अच्छी हो।

## आग का कहर जारी, दुकान को किया स्वाहा



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के थाना स्वरूप नगर इलाके में बीते दिन सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कैलाश भवन के नीचे स्थित दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इलाकाई लोगों ने आग की सूचना दमकल कर्मियों की दी मौके पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार थाना स्वरुप नगर क्षेत्र में कानपुर विद्या मंदिर स्कूल की अपोजिट साइड वाली पट्टी में प्रमोद सक्सेना के कैलाश भवन के नीचे चाइनीज फूड सहित आधा दर्जन अन्य दुकानें हैं। लोगों की माने तो चाइनीज फूड की दुकान में शॉर्ट सर्किट हुआ तो इसी दौरान सिलेंडर लीकेज होने से से आग लग गई। धीरे धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचीं दमकल की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया है।

## हैलट अस्पताल में इलाज करा रहा बंदी पुलिस हिरासत से फरार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में सोमवार को थाना स्वरुप नगर क्षेत्र स्थित हैलट अस्पताल में जनपद उरई से इलाज के लिए एक बंदी लाया गया था। इस दौरान पुलिस को चकमा देकर बंदी भाग निकला। जैसे ही इस मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। पुलिस के द्वारा फरार बंदी को ढूंढने का प्रयास किया गया लेकिन वह नहीं मिल सका है। कानपुर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि थाना स्वरुप नगर में 13 नवम्बर में एक सूचना प्राप्त हुई कि एक अभियुक्त उरई से हैलट में दाखिल हुआ था, जिसका नाम जितेंद्र



परिहार उर्फ शैलेन्द्र पुत्र प्रताप सिंह उर्फ बबलू नि0 जगम्मनपुर थाना रामपुरा जनपद जालौन का रहने वाला है जिसे उरई जेल का कोर्ट से वारंट बनने के बाद रेफर होकर हैलट अस्पताल में थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन पुलिस के द्वारा उपचार हेतु भर्ती कराकर देखरेख की जा रही थी, अभियुक्त की देखरेख के लिए दो आरक्षी कोतवाली उरई से लगे हुये थे। अभियुक्त जितेंद्र अस्पताल से हिरासत से भाग गया है। अभियुक्त जितेंद्र परिहार के पैर में गोली लगने के कारण प्लास्टर चढ़ा हुआ है, भागे हुए अभियुक्त के सम्बन्ध में कोई सूचना और जानकारी थाना स्वरुपनगर-9454403752 सहायक पुलिस आयुक्त-9454401460 पर दी जा सकती है। सूचना देने वालों के नाम गोपनीय रखे जायेगे।

## केमिस्ट शॉप की छत पर लगी आग, हड़कंप




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीते दिन मंगलवार को थाना स्वरूप नगर क्षेत्र स्थित मोहन केमिस्ट मेडिकल स्टोर की छत पर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग विकराल रूप धारण न कर ले इसके लिए शॉप में काम करने वाले कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की पर नाकाम रहे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। वही फायर अफसर प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है, और जान माल की हानि नहीं हुई है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## मैथानी ने गोशाला भौती में गोवर्धन पर्वत की पूजा-आरती कर गिरिराज के महत्व पर डाला प्रकाश

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीते दिन मंगलवार को कानपुर गौशाला सोसाइटी के तत्वावधान में भौती शाखा में गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें महिलाएं रंग बिरंगे कपड़े में नृत्य कर गाय के गोबर से बने गोवर्धन पर्वत की पूजा कर रही थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपेक्षानुसार गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने गौशाला भौती में आकर गोवर्धन पर्वत की पूजा-आरती कर गिरिराज के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही सुरेन्द्र मैथानी ने अपने सम्बोधन में कहा कि गोवर्धन पूजा धार्मिक व पर्यावरण का बोध कराती है। भगवान श्रीकृष्ण ने जहां एक ओर गोवर्धन पर्वत को उठाकर गोकुल की जनता को सरक्षण दिया वही पर्वत की पूजा कराकर जंगलो को व पर्यावरण को बचाने का भी संदेश दिया। गोवर्धन पूजा प्रकृति के आधार के रूप में की जाती है और प्रकृति के प्रति आभार



जताने का पर्व है। यह त्यौहार प्रकृति के मानव से सीधे सम्बंध का प्रतीक है। वर्तमान में गोवर्धन बृज की पहाडी है किन्तु इसे गिरिराज यानि पर्वतो का राजा कहा जाता है। इसे भगवान कृष्ण का स्वरूप और प्रतीक भी मानकर पूजा जाता है। बल्लभ सम्प्रदाय के उपास्य देव श्रीनाथ जी का प्राकट्य स्थल होने के कारण इसकी महत्ता और बढ जाती है। पुरूषोत्तमलाल तोषनीवाल ने अपने सम्बोधन में बताया कि गोवर्धन धाम दिव्य गोलोक धाम है। महर्षि व्यास जी ने तो श्रीमद्भागवत में इसे आदि वृन्दावन बताया। गोवर्धन गिरिराज स्वयं भगवान कृष्ण स्वरूप है। भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली में उठाकर ग्वालवालो व गोपियों की रक्षा की। इस कार्यक्रम में सुरेश गुप्ता उपसभापति, श्रीकृष्ण गुप्ता बब्बू, विश्वनाथ कनौडिया मंत्रीगण, नीरज दीक्षित, डा0 दिवाकर मिश्रा, रमेशचन्द्र मिश्रा, श्यामकृष्ण कनौडिया, प्रदीप गुप्ता, अजय मित्तल रामगोपाल मिश्रा, संजीव दुबे, विवेक सिंह, गणेश पाण्डे, नरेन्द्र सिंह, दिनेश शुक्ला सहित नगर के गणमान्य उपस्थित रहे।

## बोरी में फटा बम, एक दर्जन घायल

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीती दीपावली की रात्रि कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मदारपुर निवासी अंकित राजपूत बोरी में बम भरकर सर्वेश और राधा कृष्ण की दुकान के सामने छोड़ रहा था इलाकाई लोगों की माने तो युवक नशे में धुत था अचानक उसका नियंत्रण बिगड़ा और बोरी सहित जमीन पर गिर गया जमीन पर बोरी के गिरते ही उसमें रखे पटाखे वाले बम धमाके के साथ फट गए ,हादसे में अंकित राजपूत गंभीर रूप से घायल हो गया है वहीं सर्वेश और राधा कृष्ण की दुकान में भी काफी नुकसान हो गया। पटाखा बम का धमाका इतना तीव्र था कि इसकी चपेट में आने से सर्वेश का गेट उखड़ गया और कई मकानों के शीशे भी चकनाचूर हो गए वहीं लोगों ने बताया कि बम फटने से इसकी चपेट में आकर सर्वेश कमल यादव प्रदीप अंश युसूफ कृष्णा बंटी समेत आधा दर्जन लोग चुटहिल हो गए घटना से मदारपुर इलाके में अफरा तफरी का माहौल बन गया वहीं मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को लेकर हैलेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां अंकित राजपूत की हालत डॉक्टर ने नाजुक बताइ लोगों ने यह भी बताया कि अंकित राजपूत एक विधायक के ड्राइवर का भतीजा है घटना की जानकारी पर फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंची छानबीन शुरू कर दी पुलिस मामले की पूरी जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

## लोहार खेड़ा गोशाला में गोवंशो की मौत का सिलसिला जारी

जन एक्सप्रेस | भरत पाण्डे

कानपुर नगर। बिठूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा नौरंगाबाद के लोहार खेड़ा गांव में स्थित अस्थाई गौशाला में गौवंशो की मौत का सिलसिला जारी है और ग्राम प्रधान पशु, चिकित्सक, सेक्रेटरी की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जहां एक तरफ योगी सरकार गौ सेवा को लेकर बड़े-बड़े वादे करती है वहीं दूसरी तरफ इस तरीके की लापरवाही योगी सरकार के वादों को मट्टी पलेत करते नजर आ रहे हैं। मामले की जानकारी देते हुए गौ सेवक अमित त्रिपाठी ने बताया कि वह जब अपनी टीम के साथ गौशाला में पहुंचे तो उन्होंने देखा की वहां गांव



की बहुत बुरी दुर्दशा हो रही है उनकी भूंख के कारण मृत्यु हो रही है। गोवंशों को समय से चारा नहीं मिल पा रहा है। रजिस्टर पर 54 गोवंशों की उपस्थिति दर्ज कराई गई है ,जबकि मौके पर 48 ही गौवंश मिले हैं ,जिसमें से कुछ तो मौत में जूझ रहे हैं कुछ को तो उनके जिंदा में ही कान में लगे ट्रैक को काटकर, उनको दफनाने की व्यवस्था की जा रही थी। करीब 1 महीने से यह शिकायतें इस गौशाला के लिए मिल रही थी कि यहां पर गोवंशों की चेयर की कमी में मृत्यु हो रही है पर अभी तक किसी ने इसको संज्ञान में नहीं लिया है। जब मैं और हमारी टीम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी श्याम जी दुबे, उत्कर्ष तिवारी, साहब लाल वर्मा आदि लोग मौके पर पहुंचकर हंगामा किया ,जिसकी वजह से वहां पर क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन व सेक्रेटरी विठूर क्षेत्र के डॉक्टर मौके पर पहुंचे, पहुंचने के बाद में मौके पर जायजा लिया गया,जिसमें ग्राम प्रधान सही से पूरी जानकारी व जवाब नहीं दे पाए, जिसके कारण क्षेत्र में आक्रोश प्राप्त है।

## आग पर जनता ने खुद पाया काबू

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कर्नलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक मकान में आग लगने से हड़कंप मच गया मकान में आग के सूचना के बाद क्षेत्रीय लोग आग बुझाने में जुट गए। फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी गई तो दमकल की गाड़ी आने से पहले ही क्षेत्रीय लोगों ने आसपास मकान में लगे समरसेबल के द्वारा आग पर काबू पा लिया घर का फर्नीचर और सामान जलने का नुकसान हुआ है कोई जनहानि नहीं हुई है। बेनाझावर स्थित केसा के बगल में मकान में मंगलवार शाम अचानक आग लग गई लोगों ने बताया कि ऐसी से आग लगना शुरू हुई और आगे धीरे-धीरे घर के अंदर पहुंच गई और फर्नीचर को पकड़ लिया आग लगने की सूचना के बाद इलाके के लोग इकट्ठा हो गए लोगों ने आग बुझाने शुरू कर दिया तीन से चार लोग मकान के अंदर घुस गए अंदर रख सिलेंडर को बाहर निकाल दिया अंदर कुछ पटाखे भी रखे हुए थे उन्हें भी लोगों ने बाहर निकाल दिया आसपास लगे दो समरसेबल के द्वारा तकरीबन 15 से 20 मिनट में आग पर काबू पाया गया एफएसओ प्रदीप कुमार ने बताया कि कंट्रोल रूम को आग लगने की सूचना मिली थी इसके बाद मौके पर दमकल की गाड़ी और फायर कर्मी पहुंचे लेकिन तब तक यहां रहने वाले लोगों ने यह आग बुझा दिया था। तथा आग पर क़ाबू पा लिया था।

## शराब न देना सेल्समैन को पड़ गया भारी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शराब न देने पर दबंग युवकों ने सेल्समैन को लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। छावनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मरे कंपनी पल के नीचे बियर शॉप और शराब के ठेके के पास सोमवार देर रात दबंगों ने सड़क पर उपद्रव किया सेल्समैन की पिटाई तीन से चार लोग लाठी डंडों से कर रहे थे जिसका किसी ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया । शराब ठेके के ठेकेदार ने छावनी थाने में तहरीर दी है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विधायक अभिजीत सांगा द्वारा आयोजित कार्यकर्ता समागम एवं सम्मान समारोह में उमड़ा जन सैलाब

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

पाली स्थित एक गेस्ट हाउस में बीते दिन विधायक अभिजीत सिंह सांगा द्वारा कार्यकर्ता समागम एवं सम्मान समारोह में संगीत संध्या एवं देश भक्ति पर आधारित नाटक का आयोजन किया गया। साथ ही क्षेत्र के कई बुजुर्ग समाजसेवी एवं गढ़मान्य व्यक्तियों का अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वल्लित एवं दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसास मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई इसके बाद प्रसिद्ध रॉक द बैंड द्वारा देश भक्ति पर आधारित नाटक की प्रस्तुति हुई एवं गायिका अर्चना पाण्डेय ने ए मेरे वतन के लोगो खूब लगाओ नारा सुनाया तो लोगो की आँखे भर आयी इसके बाद गायक हरमीत सिंह रॉकी द्वारा **सांगा भैया है जनता की पहली पसंद** गाकर सुना कर खूब तालिया बटोरी द्यइसके बाद विधायक अभिजीत सिंह सांगा जी द्वारा क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षक, चिकित्सक, समाजसेवी, बुजुर्गो एवं दिव्यांग जनो का अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओ द्वारा विधायक अभिजीत सिंह सांगा और पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला व रामदेव शुक्ला का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## इस्कॉन मंदिर में हुआ गोवर्धन पूजा अन्नकूट महामहोत्सव का आयोजन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के मैनावती मार्ग स्थित इस्कॉन मंदिर में गोवर्धन पूजा का अद्भुत आयोजन किया गया। भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन लीला त्याग, समर्पण, शुद्ध कृष्ण भक्ति एवं शरणागति को दर्शाती है। श्री गिरिराज गोवर्धन की महिमा अपार है। श्रील सनातन गोस्वामी बृहद भागवतमृत में गिरिराज गोवर्धन का अत्यंत सुंदर यश गान करते हैं और उन्हें श्री कृष्ण के सेवकों में सबसे प्रमुख घोषित करते हैं। इस महा आयोजन की पूर्व संध्या में दीपावली के पावन पर्व पर मंदिर प्रांगण को हजारों दीपकों से सजाया



गया था। संपूर्ण वातावरण अयोध्या नगरी के सामान देदीप्यमान था। गोवर्धन पूजा कार्तिक मास में आयोजित होने वाले भव्यतम उत्सवों में से एक है। इस्कॉन कानपुर में अन्नकूट ,फल रसों एवं अन्य खाद्य सामग्रियों से अत्यंत सुंदर गिरिराज गोवर्धन जी का निर्माण किया गया। प्रातः कालीन श्रीमद्भगवतम कक्षा में श्रीमान प्रिया गोविंद प्रभु जी के द्वारा गोवर्धन लीला का मार्मिक वर्णन किया गया जिसमें उन्होंने उससे ली जाने वाली शिक्षाओं को संक्षेप में प्रस्तुत किया। हरे कृष्ण महामंत्र के सुमधुर कीर्तन से समस्त मंदिर प्रांगण आध्यात्मिक तरंगों से गूंज उठा। श्री श्री राधा माधव जी, श्री श्री जानकी जानकी वल्लभ लक्ष्मण हनुमान जी एवं श्री श्री गौर निताई जी के सुंदर श्रृंगार ने सभी को उनकी और आकर्षित किया। श्री गिरिराज गोवर्धन जी के इस सुंदर स्वरूप की सभी भक्तों ने परिक्रमा की । साथी उन्हें 108 भोग अर्पित किए गए। मंदिर अध्यक्ष श्रीमान प्रेम हरि नाम प्रभु जी ने श्री गिरिराज महाराज की महा आरती संपन्न की और उपस्थित भक्तों को गिरिराज जी से प्रार्थना करने का सही भाव समझाया। अंत में सभी श्रद्धालुओं ने कृष्ण प्रसाद ग्रहण करके संतुष्टि का अनुभव किया।

# दीपावली पर लक्ष्मी पूजन क्यों

जन एक्सप्रेस। अमेठी



अधिकतर घरों में बच्चे यह दो प्रश्न अवश्य पूछते हैं, कि जब दीपावली भगवान राम के चौदह वर्ष के वनवास से अयोध्या लौटने की खुशी में मनाई जाती है।तो दीपावली पर लक्ष्मी पूजन क्यों होता है? राम और सीता की पूजा क्यों नही? दूसरा यह कि दीपावली पर लक्ष्मी जी के साथ गणेश जी की पूजा क्यों होती है, विष्णु भगवान की क्यों नहीं? इनप्रश्नों का उत्तर अधिकांशतः बच्चों को नहीं मिल पाता और जो मिलता है,उससे बच्चे संतुष्ट नहीं हो पाते।आज की शब्दावली के अनुसार कुछ 'लिबरर्ल्स लोग' युवाओं और बच्चों के मस्तिष्क में यह प्रश्न डाल रहें हैं,कि लक्ष्मी पूजन का औचित्य क्या है,जबकि दीपावली का उत्सव राम से जुड़ा हुआ है।कुल मिलाकर वह बच्चों का ब्रेनवॉश कर रहे हैं कि सनातन धर्म और सनातन त्यौहारों का आपस में कोई तारतम्य नहीं है। सनातन धर्म बेकार है।आप अपने बच्चों को इन प्रश्नों के सही उत्तर बतायें। दीपावली का उत्सव दो युग, सतयुग और त्रेता युग से जुड़ा हुआ है। सतयुग में समुद्र मंथन से माता लक्ष्मी उस दिन प्रगट हुई थी इसलिए लक्ष्मीजी का पूजन होता है। भगवान राम भी त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या लौटे थे तो अयोध्या वासियों ने घर घर दीपमाला जलाकर उनका स्वागत किया था।

इसलिए इसका नाम दीपावली है।अतः इस पर्व के दो नाम हैं, पहला लक्ष्मी पूजन जो सतयुग से जुड़ा है।दूसरा दीपावली जो त्रेता युग प्रभु राम और दीपों से जुड़ा है। लक्ष्मी गणेश का आपस में क्या रिश्ता है? और दीवाली पर इन दोनों की पूजा क्यों होती है? लक्ष्मी जी सागर मन्थन में मिलीं। भगवान विष्णु ने उनसे विवाह किया। और उन्हें सृष्टि की धन और ऐश्वर्य की देवी बनाया गया।लक्ष्मी जी ने धन बाँटने के लिए कुबेर को अपने साथ रखा। कुबेर बड़े ही कंजूस थे।वे धन बाँटते ही नहीं थे।वे खुद धन के भंडारी बन कर बैठ गए। माता लक्ष्मी खिन्न हो गईं।उनकी सन्तानों को कृपा नहीं मिल रही थी। उन्होंने अपनी व्यथा भगवान विष्णु को बताई। भगवान विष्णु ने कहा कि तुम कुबेर के स्थान पर किसी अन्य को धन बाँटने का काम सौंप दो। माँ लक्ष्मी बोली कि यक्षों के राजा कुबेर मेरे परम भक्त हैं उन्हें बुरा लगेगा।तब भगवान विष्णु ने उन्हें गणेश जी की विशाल बुद्धि को प्रयोग करने की सलाह दी। माँ लक्ष्मी ने गणेश जी को भी कुबेर के साथ बैठा दिया। गणेश जी ठहरे महाबुद्धिमान। वे बोले माँ मैं जिसका भी नाम बताऊँगा, उस पर आप कृपा कर देना, कोई किंतु परन्तु नहीं। माँ लक्ष्मी ने हाँ कर दी।अब गणेश जी लोगों के सौभाग्य के विघ्न,रुकावट को दूर कर उनके लिए धनागमन के द्वार खोलने लगे।

कुबेर भंडारी देखते रह गए। गणेश जी कुबेर के भंडार का द्वार खोलने वाले बन गए। गणेश जी की भक्तों के प्रति ममता कृपा देख माँ लक्ष्मी ने अपने मानस पुत्र श्रीगणेश को आशीर्वाद दिया कि जहाँ वे अपने पति नारायण के सँग ना हों। वहाँ उनका पुत्रवत गणेश उनके साथ रहें। दीवाली आती है कार्तिक अमावस्या को। भगवान विष्णु उस समय योगनिद्रा में होते हैं। वे जागते हैं ग्यारह दिन बाद देव उठनी एकादशी को। माँ लक्ष्मी को पृथ्वी भ्रमण करने आना होता है। शरद पूर्णिमा से दीवाली के बीच के पन्द्रह दिनों में। इसलिए वे अपने सँग ले आती हैं अपने मानस पुत्र गणेश जी को। इसलिए दीवाली को लक्ष्मी गणेश की पूजा होती है। यह कैसी विडंबना है, कि देश और हिंदुओ के सबसे बड़े त्यौहार का पाठ्यक्रम में कोई विस्तृत वर्णन नही है,और जो वर्णन है, वह अधूरा है।

## तीस लीटर अवैध शराब बरामद, दो अभियोग पंजीकृत

जन एक्सप्रेस। अमेठी

अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी अमेठी व उपआबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी, अमेठी के पर्यवेक्षण में मंगलवार को जनपद के क्षेत्र- मुसाफिरखाना के थाना जगदीशपुर अन्तर्गत ग्राम हारीमऊ एव देवकली में दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। करीब 150 किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया।इस कार्यवाही में दो अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया।साथ ही गाँव के लोगो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर सूचना देने की अपील की गई।इस कार्यवाही में चन्द्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 व आबकारी स्टॉफ सम्मलित रहे।साथ ही दुकानों का निरीक्षण भी किया गया। और रोड चेकिंग भी किया गया।

# धूमधाम से मनाया गया दीपावली का त्योहार, देर रात तक चली आतिशबाजी

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



दीपावली का त्योहार जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने घरों-दुकानों में पूजन के बाद एक-दूसरे को बधाइयां दी। पूजा खत्म होने के बाद बच्चों-बड़ों ने जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान रोशनी से आकाश जगमगा उठा। शाम ढलते ही शुरू हुई धूम-धड़ाके की तेज आवाजें देर राततक सुनी गई।

कल-कारखानों व व्यावसायिक केंद्रों पर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की हुई पूजा

शाम ढलते ही रंग-बिरंगी रोशनी से शहर व गांव जगमगा उठा। देर रात तक कल-कारखानों व व्यावसायिक केंद्रों पर लोगों ने मां लक्ष्मी, भगवान गणेश व कुबेर की पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। बाजारों में दिन भर मिठाई, लाई-चूरा, फूलमाला व आतिशबाजी की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ लगी रही। शहरी व ग्रामीण अंचलों में प्रकाश पर्व दीपावली को हर्षोल्लास से मनाया गया। दीपावली पर्व पर व्यापारियों ने जहां व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाया, वहीं शहर के हर गली-कूचे में स्थित मकान रंग-बिरंगी विद्युत झालरों की रोशनी से जगमगा उठे। उधर चैक, बस अड्डा, सब्जीमंडी, ठठेरी बाजार, शाहगंज चैराहा आदि सड़कों पर खरीददारों की भीड़ देखी गई। दियाली, लाई-चूरा, खील व मिष्ठानों की दुकानों पर देर शाम तक खरीदारों का तांता लगा रहा।

शहर के खुर्शीद क्लब मैदान में जहां पटाखों की दुकानों पर आतिशबाजों को भी सिर उठाने की फुरसत नहीं मिली। पटाखों व फुलझड़ियों के मनमाने दाम लगाकर दुकानदारों ने जमकर कमाई की। महंगाई होने के बाद भी पर्व को लेकर उत्साहित बच्चों की जिद के सामने बड़ों को झुकना ही पड़ा। बच्चे दिन भर पटाखा दागने में मशगूल रहे, लेकिन शाम ढलते ही शहर की रौनक में चार-चांद लग गए।आतिशबाजी से पूरा शहर गूंज उठा। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। शाम को आकर्षक परिधानों में सजी महिलाओं व बच्चों ने मंदिरों में दीप जलाकर पर्व की शुरुआत की। इस दौरान गोमती नदी के किनारे सीताकुंड घाट पर भी लोगों ने दीपदान कर पुण्य लाभ कमाया। उधर शहर भर में कई एक पूजा पंडाल भी सजे हुए हैं जिसमें मां लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमाएं रखी हुई हैं। लोग यहां पर भी माथे टेकने और आशीर्वाद लेने पहुंचे।

## दलित युवक ने लगाई फांसी, मौत

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

कूरेभार थानाक्षेत्र के सेमरा गांव में रात में दलित परिवार में दीपावली की खुशियां मनाई गई। लेकिन आज सुबह जब बेटे का शव फंदे से लटकता मिला तो खुशियों वाले घर में कोहराम मच गया। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच किया, उसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम में भेजा है।

सेमरा गांव निवासी दलित राम कलप के पारिवारीजन दीपावली की रात भोजन कर सो रहे थे। सुबह नींद से जागे परिजन उस समय दंग रह गए जब दलित रामकलप के 18 वर्षीय बेटे मनोज कुमार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर बने आवासीय छप्पर की बडेर में फांसी के फंदे से लटकता पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। वही माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है की मृतक मनोज दो भाई थे। वो गाड़ी बनाने का काम सीख रहा था।

उधर सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल किया। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर बुलाई गई जिसने साक्ष्य संग्रहित किए हैं। घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। प्रभारी थानाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा ने बताया कि सूचना मिली थी जिसके आधार पर मौके पर जाकर जांच की गई। शुरुआती दौर में फांसी का मामला लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# स्मृति ईरानी और भूपेंद्र चौधरी सत्रह को अमेठी दौरे पर

* रामलीला मैदान में कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा

जन एक्सप्रेस। अमेठी



केंद्रीय मंत्री व सासंद अमेठी स्मृति ईरानी एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी 17 नवंबर को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी आ रहे हैं। वे रामलीला मैदान अमेठी में आठ हजार जरूरत मंदो को रजाई और कंबल का वितरण करेंगे। यह कार्यक्रम अमेठी के जाने माने उद्योगपति जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला द्वारा आयोजित किया गया है। राजेश मसाला यह कार्यक्रम कई वर्षों से आयोजित करते आ रहे हैं। और अब तक करीब 1 लाख 40 हजार लोगों तक सर्दी से बचने के लिए रजाई व कंबल उपलब्ध करा चुके हैं। इसके लिए उनके द्वारा हर वर्ष कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस बार सत्रह नवंबर को अमेठी रामलीला मैदान में कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें केंद्रीय मंत्री सांसद अमेठी दीदी स्मृति ईरानी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, अमेठी के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव सहित कई नेता मौजूद रहेंगे। राजेश मसाला समाज सेवा व जरूरतमंदो की मदद के लिए जाने जाते हैं। कोरोना महामारी के दौरान राजेश ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ पच्चीस लाख रूपये जिला प्रशासन और पांच लाख रूपये अमेठी स्वास्थ्य विभाग को दिया था। यही नहीं उन्होंने 80 लाख रुपए ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना के लिए दिया था। दो एटीएम लैब की स्थापना के लिए सात लाख पच्चास हजार रुपए खर्च किए थे।उनका शिक्षा पर बहुत जोर रहता है। जिन छात्र-छात्राओं को किसी तरह की परेशानी आती है। उनकी भी मदद करते हैं साथ ही देवी पाटन प्राथमिक विद्यालय को गोद लेकर उस पर एक करोड़ पच्चीस लाख रुपए खर्च किए जिसमें आज स्मार्ट क्लास चल रही है। जिले में लावारिस मिलने वाले शवों का अंतिम संस्कार भी इनके द्वारा कराया जाता है।दो एंबुलेंस सेवा भी जरूरत मंदो के लिए चलाते हैं।

आये दिन इलाज, शिक्षा, दैविय आपदा से प्रभावित लोगों, गरीब बच्चियों की शादी के लिए भी मदद करते रहते हैं। इनके द्वारा राम मंदिर के निर्माण में एक करोड़ पच्चीस लाख रुपए का चंदा दिया गया। यही नहीं अयोध्या में अमेठी के नाम से 2 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से अमेठी द्वार भी बनवा जा रहा है। जोअमेठी के लिए गर्व की बात है। जो भी अयोध्या पहुंचेगा वह अमेठी शब्द लिखा जरूर देखेगा।

## कुएं में मिली शटरिंग मजदूर की लाश

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

रामायण सुनने गए शटरिंग मजदूर का शव कुएं मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज मामले की पड़ताल शुरू कर दिया है। घटना को लेकर लोगों में संशय बना हुआ है। मामला जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के टेहसा गांव की है। गांव निवासी वासुदेव (40) पुत्र सत्यराम का शव घर से कुछ दूर पर स्थित कुएं में मिला। वह शटरिंग का कार्य करता था। दीपावली के दिन गांव में काली माता चैराहे पर हो रहे रामायण में शामिल होने गया और शाम को पूजा का सामान पहुंचाकर टेहसा गांव निवासी शटरिंग मालिक सोनू से मिलने गया। बताया जा रहा है कि देर रात लौट कर उसने दोस्तों के साथ खाना खाया और सब चले गए। लेकिन वासुदेव घर नहीं गया। इधर परिजनों ने सोचा जहां रामायण हो रहा वहीं होंगे।सोमवार सुबह जब वो घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसे ढूढ़ना शुरू किया। उसका मोबाइल व चप्पल घर के बगल स्थित देवस्थल महादेवन कुएं के पास मिला। जिसे लोग उठाकर घर ले गये। कुछ समय बाद ग्रामीणों ने कुएं में लग्गी डाल देखा तो पता चला शव कुएं में है। सूचना पर पहुंचे कोतवाल ने गांव पहुंचकर कुएं से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मृतक अपने पीछे चार पुत्रियों व एक पुत्र को छोड़ गया है।

# नये कलेवर में दिखेगा सीताकुण्ड का चित्रगुप्त धाम

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर




आदि गंगा गोमती के तट पर स्थित चित्रगुप्त धाम का लाल पत्थर से मुख्य द्वार बन जाने से नए कलेवर में दिखेगा। आज 15 नवंबर को दिन भर चलने वाले कलम पूजन व सम्मान समारोह में नामी हस्तियों के साथ सैकड़ों चित्रांश जुटेंगे।

पांच दशक पुराना चित्रगुप्त धाम पर्यटन के नक़्शे पर भी आ गया है। पूर्व मंत्री व विधायक विनोद सिंह के प्रयास से यहाँ सुविधाजनक श्रद्धालु निवास बनाया जा चुका है। मुख्य द्वार भी राजस्थानी शैली में बनकर तैयार है, जो आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

आज यहाँ सुबह से ही कार्यक्रमों की शुरुआत हो जाएगी। 9 बजे चित्रगुप्त भगवान की कथा होगी जिसमें संस्था के प्रबंधक पवन श्रीवास्तव सपत्नीक मुख्य यजमान होंगे, फिर सामूहिक कलम पूजन, हवन और महा आरती होगी। बालाजी म्यूजिकल फेम राजबीर श्रीवास्तव के संचालन में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिसमे स्पिन गर्ल अनन्या श्रीवास्तव व सृष्टि खरे का क्लासिकल डान्स और ग्वालियर से आये धर्मेन्द्र श्रीवास्तव के साथ स्थानीय कलाकारों का गायन भी होगा। जीतेन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता व संदीप श्रीवास्तव के संयोजन में मुख्य समारोह दिन में एक बजे होगा। जिसमे कायस्थ समाज के वरिष्ठ व विशिष्ट जनों को सम्मानित किया जायेगा। मीडिया प्रभारी दिनकर श्रीवास्तव ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि लखनऊ के इकाना स्टेडियम का निर्माण करने वाले मशहूर उद्योगपति सुधांशु श्रीवास्तव होंगे। विशिष्ट अतिथि सुलतानपुर व प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव, आईपीएस विपुल श्रीवास्तव, डॉ राजीव श्रीवास्तव, जज अभिषेक सिन्हा, मजिस्ट्रेट पॉमेला श्रीवास्तव होंगे। विधायक विनोद सिंह पालिकाध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल व सभासदों के साथ सर्व समाज के स्थानीय सम्मानित जन व सैकड़ो चित्रांश इस कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।

## इलाज करने वाले डॉक्टर को कहीं इलाज ना करवाना पड़ जाए



**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** ओपीडी, ईमरजेंसी, पोस्टमार्टम, वीआईपी काल-डे सहित प्रतिदिन रात्रिकालीन वार्डों में राउंड करके मरीजों की यथास्थिति जानना और उनका इलाज करना, इतना सबकुछ होने के बाद भी डॉक्टर के बैठने और मरीजों का इलाज करने वाले केबिन के हालात देखकर ऐसा लगता है कि डाक्टर हो या मरीज़ जिम्मेदार पर कोई फर्क नही पड़ता। पिछले कई दिनों से एक नंबर ओपीडी में डॉ.एसी गुप्ता का स्लाइडिंग डोर टूटकर लटक गया है, कभी भी डाक्टर या किसी मरीज के ऊपर दरवाजा गिरकर चोटिल कर सकता है। परंतु सूचना देने के बाद भी अभीतक एक नंबर केबिन को बनवाया नही जा सका।ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ के कारण आने वाले दिनों में केबिन का स्लाइडिंग टूटकर किसी पर भी गिरकर घायल कर सकता है।

# आज से शुरू नवजात शिशु देखभाल सप्ताह

* 15 से 21 नवंबर तक मनाया जायेगा नवजात शिशु देखभाल सप्ताह

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



समुदाय को नवजात देखभाल के बारे में जागरूक करने तथा नवजात मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जनपद में 15 से 21 नवम्बर तक नवजात शिशु देखभाल सप्ताह मनाया जा रहा है। इस साल इस दिवस की थीम है- ÷नवजात जीवन की देखभाल- सामुदायिक एवं स्वास्थ्य इकाई की सहभागिता से÷।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह बताते हैं कि नवजात के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक कार्यकर्ताओं तथा परिवार की भूमिका अहम होती है। इसके साथ ही नवजात के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल एवं नवजात मृत्यु को कम करने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

इस सप्ताह के आयोजन का उद्देश्य अधिक जोखिम वाली गर्भवती की पहचान एवं देखभाल, नवजात की आवश्यक देखभाल करने के संबंध में जनसमुदाय को जागरूक कर नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाना, कम वजन के नवजात की ट्रेकिंग करना, प्रसव पूर्व जन्मे नवजात की देखभाल करना, जन्म के तुरंत बाद शीघ्र स्तनपान एवं छह माह तक केवल स्तनपान करणन एवं छह माह के बाद ऊपरी आहार के द्वारा बच्चों को कुपोषित होने से बचाना तथा नवजात का समय से टीकाकरण कराना है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बताते हैं कि नवजात के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है प्रसव अस्पताल में ही कराएं तथा प्रसव के 48 घंटे बाद तक माँ और नवजात की देखभाल के लिए अस्पताल में ही रुकें। जन्म के तुरंत बाद नवजात का वजन लें और विटामिन के का इंजेक्शन लगवाएं। शिशु तभी स्वस्थ रहेगा जब उसकी देखभाल सही तरीके से होगी। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी एस अस्थाना बताते हैं कि इसके लिए आवश्यक है कि उसे बाहरी संक्रमण से बचाया जाए क्योंकि शिशु को संक्रमण होने की संभावना अधिक होती है। इसलिए पहले दिन से ही तीन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

सबसे पहले नवजात को संक्रमण से बचाने के लिए जरूरी है कि उसे शीघ्र स्तनपान कराएं। नवजात को पीला गाढ़ा दूध जिसे कोलस्ट्रम या खीस कहते हैं उसे अवश्य दें। इसे बहुत से लोग खराब या बासी समझकर फेंक देते हैं पर बच्चे के लिए यह पहला टीका होता है। स्तनपान से पहले नवजात को चीनी या गुड़ का पानी, मिसरी का घोल शहद, बकरी का दूध या घुट्टी न दें। नवजात जितनी बार दिन में या रात में स्तनपान करे उसे कराएं। नवजात को केवल स्तनपान कराएं उसे माँ के दूध के अलावा कुछ भी न दें।

## विश्व मधुमेह दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय सुलतानपुर मे एक संगोष्ठी का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.एस.के.गोयल की अध्यक्षता में की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ फिजिशियन डा.अनिल कुमार ने डायबिटीज पर विस्तार से चर्चा किया।

वही डा.अविनाश गुप्ता ने तेजी से बढ़ रहे मधुमेह रोगियों के उपचार एवं रोकथाम पर चर्चा किया। इस अवसर पर आयुष विभाग के चिकित्सक डा. राघवेंद्र सोनकर व डा. एस.के. श्रीवास्तव ने आयुष विधा द्वारा मधुमेह रोगियों के उपचार, संतुलित आहार एवं व्यस्त दिनचर्या में नियमित योग व्यायाम पर जोर दिया। लैब टेक्निशियन विकास पाण्डेय ने बहुतायत मरीजों का मधुमेह जांच किया। डा. सुनील पटेल, डा. वैभव शर्मा, डा. तारिक खान, पूजा श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार, अजीज, रिचा आदि उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ.एसके गोयल ने कहाकि नियमित खानपान व व्यायाम से व्यक्ति स्वयं को निरोगी रख सकता है।

## राम मंदिर के बाद ही बिजेथुआ लेगा अपना सही स्वरूप: विवेक तिवारी

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

बिजेथुआ महावीरन धाम को लेकर सत्या माइक्रो कैपिटल के सीईओ विवेक तिवारी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि बिजेथुआ जो है वो 2024 के भगवान राम के मंदिर के बाद ही अपना सही स्वरूप ले सकता था। उसके पहले जब अयोध्या नगरी ही उस स्वरूप में नहीं थी तो बिजेथुआ होना उचित नहीं था। भगवान राम के भक्त हैं हनुमान जी तो हमेशा चाहेंगे की पहले भगवान का घर अपना स्थान ले। बता दें कि विवेक तिवारी ने बिजेथुआ धाम पर तीन दिवसीय महोत्सव आयोजित कराया। उसके समापन के बाद उन्होंने अब मीडिया से कहा है कि हनुमान महोत्सव राष्ट्रीय स्तर पर अपनी गूंज पैदा कर पाया है। बिजेथुआ धाम में भद्राचार्य जी की उपस्थिति के बाद और अगले साल कथा की घोषणा के बाद और प्रधानमंत्री को बिजेथुआ लाने की घोषणा के साथ और अनेक पद्मश्री कलाकारों द्वारा जो मंचन किया गया उसकी वजह से ये प्रोगाम ज्यादा से ज्यादा लोगों में सर्च किया जा रहा है। उन्होंने ये भी कहा हनुमान जी को अपना काम कब, कैसे और किससे कराना है उनको बेहतर पता है। मुझे लगता है आने वाले वर्षों में बिजेथुआ महोत्सव एक नया स्वरूप लेगा। विवेक तिवारी ने कहा बिजेथुआ ग्लोबल स्तर पर धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में अपनी जगह बनाएगा। उन्होंने ये भी कहा अवध की शुरुआत बिजेथुआ के आसपास से हो जाती है। शायद उन्होंने हमारे गांव को चुना और हम सबको यहां जन्म लेने का मौका दिया।

# पुलिस अधीक्षक रायबरेली ने बच्चों के साथ मनायी दिवाली, बांटी खुशियां

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक त्योहार दीपावली खुशियां व समृद्धि लाने वाला है। लोग एक-दूसरे को मिठाई बांटकर बधाई देते हैं, लेकिन कुछ ऐसे लोग भी हैं जो मिठाई तो दूर रोटी के लिए भी तरसते हैं। दीपावली के दिन सभी बच्चे परिवार के साथ मौज-मस्ती और पटाखे चलाते हैं। थाना मिलएरिया क्षेत्र स्थित बाल आश्रम में कई अनाथ बच्चे रहते हैं। उनका परिवार न होने से अकेला महसूस करते हैं। दीपावली के अवसर पर रविवार को पुलिस अधीक्षक रायबरेली आलोक प्रियदर्शी द्वारा अपने परिवार के साथ बाल आश्रम में जाकर बच्चों को मिठाई खिलाई, उन्हें उपहार स्वरूप फल, मिठाइयां, ग्रीन फायर क्रैकर्स आदि दिए और उनके साथ पटाखे चलाए। बच्चों ने मिठाई खाई और पटाखे भी चलाए। उन्होंने बच्चों को पाठ्य सामग्री भी बांटी। उन्होंने कहा की जब वह छोटे थे तो पटाखों को एक-एक करके जलाते थे, ताकि जल्दी खत्म न हो जाएं। आजकल ऐसा नहीं है। बच्चे पूरे बंडल को ही जला देते है। उन्होंने बच्चों को मिठाई खिलाई व खुद भी बच्चों के साथ पटाखे जलाकर उनके साथ खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि इन बच्चों के साथ दिवाली मनाकर उन्हें बचपन का एहसास हुआ है। इस मौके पर उनके साथ क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह, मिलएरिया थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह, बाल आश्रम के प्रभारी व बाल आश्रम के सदस्य मौजूद रहे।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक रायबरेली कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत जेल रोड स्थित मलिन बस्ती में जाकर असहायों के साथ दीपावली मनाई। इस अवसर पर सीओ सिटी अमित सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर संजय त्यागी मौजूद रहे। जनपद के सभी सीओ, थानेदार व पुलिस अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र के गरीब व असहाय बच्चों के साथ दीपावली का त्यौहार मनाया। एसपी रायबरेली ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया था कि हर जगह पर कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों व उनके परिवारीजनों के साथ त्यौहार मनाया जाए और उनके साथ कुछ समय बिताया जाए। जिसके तहत एसपी ने शहर के अनाथ आश्रम में तो अन्य अफसरों ने ग्रामीण इलाकों में दीवाली मनाई। प्रत्येक थाना क्षेत्र मे कार्यक्रम का आयोजन कर वहां बच्चों में मिठाई व पटाखों का भी वितरण कराया गया है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने आदेश दिया था कि पुलिस के सभी अधिकारी गरीब व असहाय बच्चों के साथ दीपावली का त्यौहार मनाएंगे। जिसके बाद एएसपी और सभी सीओ व थानेदार अपने अपने क्षेत्र में जाकर गरीब व अनाथ आश्रम में रहने वाले बच्चों मे मिठाई, पटाखों का वितरण कर उनके साथ दीवाली मनायी।

## देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की मनाई गई जयंती

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू जी की जयंती (बाल दिवस) पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कायालर्य तिलक भवन में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि देश की आजादी से पहले और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद किये गये पं.जवाहर लाल नेहरू जी के योगदान को देश कभी भुला नहीं सकता है। अंग्रेजों की जेलों में अपने जीवन का लम्बा समय नेहरू जी ने कैदी बनकर यातनाये सहते हुए गुजार दिया, परन्तु कभी भी अंग्रेजो से न समझौता किया न ही कभी माफी मांगी।

शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों में ''चाचा नेहरू'' के नाम से लोकप्रिय पं.नेहरू जी ने देश के निमार्ण में अपना बहुमूल्य योगदान दिया, उन्होंने बड़े-बांध, आई.आई.टी, विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थान, बोकारो इस्पात कारखाने की स्थापना की।

कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि जवाहर लाल नेहरू जी ने अपनी दूर-दृष्टि और समझ से जो पंचवर्षीय योजनाएं बनाई, उनसे देश को आज भी लाभ मिल रहा है, 1952 में देश के पहले आम चुनाव हुए, 1957 और 1962 में लगातार जीत के बाद भी उन्होंने लोकतंत्र में आस्था रखते हुए न के बराबर विपक्ष को पूरा सम्मान दिया और हर मोड़ पर विपक्षी नेताओं की बात सुनी विशेषकर अटल बिहारी बाजपेई की।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । बुधवार । 15 नवंबर 2023



**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# दीपावली पर 27 स्थानों पर लगी आग: घर से लेकर दुकान तक हुए हादसे, समय रहते पाया गया काबू

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

दीपावली की रात शहर भर में 27 अलग-अलग जगहों आग लगी। आग लगने की वजहें अलग-अलग रहीं। गनीमत रही कि समय से दमकल कर्मी पहुंचे और आग पर काबू पाया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि धन की हानि जरूर हुई। आग की वजह आतिशबाजी, दीपक और शॉर्ट सर्किट बताई गई।



### यहियागंज में बर्तन की दुकान में लगी आग

यहियागंज गुरुद्वारे के पास तीन मंजिला बिल्डिंग में स्थित शिव प्लास्टिक नाम से अनिल व उनके भाई जितेंद्र की दुकान है। रविवार रात अचानक दुकान के दूसरे व तीसरे तल पर आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। संकरी गलियों में लगी आग की वजह से वहां अफरा-तफरी मच गई। दमकल की गाड़ियों को भी पहुंचने में दिक्कत हुई। सात दमकल की गाड़ियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। आग की वजह से दुकान रखा प्लास्टिक और अन्य सामान जलकर राख हो गया।

### पटाखे से घर में लगी आग

महानगर के निरालानगर स्थित राज टंडन के मकान में रविवार रात आग लग गई। घटना के वक्त मकान बंद था। आग मकान में रखे कबाड़ में लगी थी। एफएसओ के मुताबिक आग पर कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। पटाखे से आग लगने की बात सामने आ रही है।

### पिछले साल दिवाली पर 41 जगहों पर लगी थी आग

सीएफओ मंगेश कुमार के अनुसार बीते वर्ष दीपावली के मौके पर शहर में 41 जगह आग लगी थी। इस बार सिर्फ 27 जगह आग लगी जो पिछले साले के मुकाबले 40 प्रतिशत कम रही।

### इन जगहों पर भी लगी आग

- आशियाना के रजनीखंड में मकान की तीसरे तल पर लगी आग।
- इंदिरानगर के पटेल नगर के पास मकान में आग लग गई।
- गाजीपुर में साइकिल पार्ट्स की दुकान में लगी आग।
- गाजीपुर कल्पना अपार्टमेंट के पास झोपड़ी में लगी आग।
- इंदिरानगर सेक्टर सी स्थित मकान में लगी आग।
- मामा चौराहे के पास फ्लैट में आग लग गई।
- पीजीआई के कृष्ण विहार कालोनी में सब्जी की दुकान में लगी आग।
- बाजारखाला स्थित कोयला मंडी में लगी आग।
- दुबग्गा हरदोई रोड पर दुकान में लगी आग।
- बाजारखाला कोयला मंडी में लगी आग।
- नगराम के मुकुंदखेड़ा गांव में एक मकान में लगी आग, नकदी व गृहस्थी जली।

### क्रॉकरी की दुकान में लगी भीषण आग

अमीनाबाद जूते वाली गली में स्थित सुधीर केसरवानी की क्रॉकरी की दुकान है। रविवार रात अचानक दुकान में आग लग गई। कुछ ही देर में आग विकराल हो गई। आग की चपेट में आकर क्राकरी के बर्तन तेज आवाज के साथ टूटने लगे। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

### बिल्डिंग के तीसरे मंजिल पर लगी आग

हजरतगंज नवल किशोर रोड स्थित लाला ओमकारनाथ ज्वैलर्स बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर रविवार रात आग लग गई। आग की लपट देख अफरा तफरी मच गई। एफएसओ राम कुमार रावत ने बताया की सूचना पर दो दमकल के साथ मौके पर पहुंच गए।

# बेसिक स्कूलों में शिक्षकों के साथ अब छात्रों की भी ऑनलाइन हाजिरी, जियो फेसिंग से होगी पहचान



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में बेसिक के विद्यालयों में टैबलेट वितरण के साथ ही विद्यालयों के नियमित काम-काज का डिजिटाइलेशन भी तेज हो गया है। इसी क्रम में 20 नवंबर से राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के सात जिलों में शिक्षक-छात्रों की रियल टाइम उपस्थिति दर्ज होगी। इसके अगले चरण में शिक्षकों व छात्रों की फेस रिक्गनाइज अटेंडेंस भी शुरू की जाएगी। शासन की ओर से बेसिक व कस्तूरबा विद्यालयों में 20 लाख से अधिक टैबलेट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इसी के साथ उपस्थिति पंजिका, प्रवेश पंजिका, कक्षावार छात्र उपस्थिति पंजिका, एमडीएम पंजिका, स्टॉक पंजिका, निरीक्षण पंजिका, आय-व्यय व चेक इश्यू पंजिका, बैठक पंजिका आदि का डिजिटाइजेशन भी कराया जा रहा है। यह काम लगभग आखिरी चरण में है। इसी क्रम में अब शासन की ओर से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर सात जिलों में इन पंजिकाओं व शिक्षकों-छात्रों की उपस्थिति को रियल टाइम अपडेशन करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसमें लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई, उन्नाव, श्रावस्ती व लखीमपुर खीरी शामिल हैं। निर्देश दिए गए हैं कि डिजिटल उपस्थिति पंजिका में शिक्षक, कर्मचारी व छात्रों की उपस्थित प्रेरणा पोर्टल पर अपने मोबाइल नंबर से दर्ज कराएंगे। शिक्षकों के लिए 01 अप्रैल से 30 सितंबर तक विद्यालय आने का समय सुबह 7:45 से आठ बजे तक और जाने का दोपहर 2:15 से 2:30 बजे है। वहीं एक अक्तूबर से 31 मार्च तक यह सुबह 8:45 से नौ बजे और दोपहर 3:15 से 3:30 बजे है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने कहा है कि मोबाइल/ टैबलेट को जियो फेसिंग से पहचाना जायेगा। साथ ही पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करते समय अध्यापक/प्रधानाध्यापक को विद्यालय परिसर में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। विद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों की उपस्थिति का ऑनलाइन सत्यापन प्रधानाध्यापक करेंगे। पूरी तरह डिजिटल प्रक्रिया शुरू होने तक यह काम ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरह से किए जाएंगे। उन्होंने इन सात जिलों के बीएसए को निर्देश दिए हैं कि इस व्यवस्था को प्रभावी कराने के साथ ही डिजिटल रजिस्टर के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जाए।

### पहले शिक्षकों को मिले उनका हक, फिर ऑनलाइन उपस्थिति

इस आदेश के जारी होने के साथ ही शिक्षकों में इसे लेकर नाराजगी भी सामने आई है। उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि 20 नवंबर से व्यवस्थाएं ऑनलाइन करने का आदेश जारी हुआ लेकिन अभी तक शिक्षकों को टैबलेट चलाने की ट्रेनिंग नहीं दी गई। एक साल से शिक्षकों के जिले के अंदर तबादले की प्रक्रिया चल रही है। पदोन्नति भी फंसी हुई है। पहले शिक्षकों को उनका हक दिया जाए, फिर ऑनलाइन उपस्थिति ली जाए। 20 नवंबर को प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा व बेसिक शिक्षा मंत्री से मिलकर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराएंगे। वहीं विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि दूर दराज क्षेत्र के स्कूलों में रियल टाइम अटेंडेंस लेना व्यवहारिक नहीं है। नेटवर्क आदि की समस्या भी बड़ी है। इससे शिक्षकों का शोषण ही बढ़ेगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गरीबों के घर दीया और मिष्ठान लेकर पहुंची खाकी, गरीबों के खिले चेहरे



**जन एक्सप्रेस/इटौंजा, लखनऊ।** समाज के अंतिम व्यक्ति के घर भी दीपोत्सव की खुशियां मनाई जाएं, इस उद्देश्य से इटौंजा थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार शुक्ला ने इटौंजा सुभाष नगर व अहमदपुर खेड़ा एवं स्वास्थ्य केंद्र के पास स्थित गरीब असहाय झोपड़ी में रहने वाली महिलाओं के घर हमराहियों संग पहुंचकर दीपावली की खुशियां बांटी। बता दें कि महिला को मिष्ठान, फल, मोमबत्ती, पटाखे देकर मदद की। वहीं इटौंजा थानाध्यक्ष दरवाजे पर पहुंचे, तो महिला को विश्वास नहीं हुआ लेकिन गिफ्ट पाने के साथ उसने दुआएं दीं। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष सर्वेश कुमार शुक्ला, वरिष्ठ उपनिक्षक ओमप्रकाश तिवारी, राघवेंद्र पांडेय,हेड कांस्टेबल देवेंन्द्र सिंह, आदि मौजूद रहें।

### आला अफसरों से मिला राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधिमंडल

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी के नेतृत्व में आज सचिवालय में कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर दिवाली की बधाई का आदान-प्रदान किया। प्रतिनिधि मंडल में संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी, उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ चौरसिया, महामंत्री अरुणा शुक्ला एवं महेंद्र सिंह सम्मिलित थे। संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला ने बताया कि संयुक्त परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ हरिओम ,विशेष सचिव कार्मिक आर पी सिंह, विशेष सचिव समाजकल्याण रजनीश चंद , एवं विशेष सचिव वित्त पुष्पराज से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ देकर दिवाली की बधाई दिया। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष ने प्रमुख सचिव समाज कल्याण को समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने जनजाति विकास विभाग के संविदा शिक्षकों की संविदा राशि में संशोधन का आदेश उस दिनांक से ही जारी करने का अनुरोध किया, जिस दिनांक से समाज कल्याण विभाग के संविदा शिक्षकों को लाभ दिया गया है। बरेली के भोजीपुरा एवं बांदा के बबेरू राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के नवीनीकरण पर भी बात हुई। भोजीपुरा एवं बबेरू के आश्रम पद्धति विद्यालयों के शिक्षकों के नवीनीकरण के संबंध में एटीएस प्रकोष्ठ की सह प्रभारी शिल्पी सिंह से दूरभाष पर बात हुई उन्होने अवगत कराया की नवीनीकरण से संबंधित कार्यवाही पूरी हो चुकी है निदेशक चुनाव ड्यूटी पर है उनके वापस आते ही आदेश जारी हो जाएगा।अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल से कर्मचारियों की मुख्य समस्याओं पर बात करते हुए संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने विभिन्न विभागों में समय से पदोन्नति किए जाने, वेतन विसंगतियों पर निर्णय लिए जाने तथा जनजाति विकास विभाग के संविदा शिक्षकों की संविदा राशि में संशोधन का आदेश में शीघ्र कराए जाने का अनुरोध किया।

### हाईटेक नर्सरी बढ़ाएंगी किसानों की आमदनी

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में किसानो को विभिन्न प्रजातियों के उच्च क्वालिटी के पौधे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इजरायली तकनीक पर आधारित हाइटेक नर्सरी तैयार की जा रही है। यह कार्य मनरेगा अभिसरण के तहत उद्यान विभाग के सहयोग से कराया जा रहा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियां भी इसमें हांथ बंटा रही है। इससे स्वयं सहायता समूहों को काम मिल रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन से कृषि और औद्यानिक फसलों को नई ऊंचाई मिलेगी। विशेष तकनीक का प्रयोग करके ये नर्सरी तैयार की जा रहीं हैं। सरकार की मंशा है कि प्रदेश का हर किसान समृद्ध बने और बदलते समय के साथ किसान हाईटेक भी बने।सरकार पौधरोपण को बढ़ावा देने के साथ बागबानी से जुड़े किसानों को भी आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम कर रही है। मनरेगा योजना से 150 हाईटेक नर्सरी बनाने के लक्ष्य के साथ तेजी से कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के निर्देश व पहल पर ग्राम्य विकास विभाग ने इसको लेकर प्रस्ताव तैयार किया था,जिसको लेकर जमीनी स्तर पर युद्धस्तर पर कार्य हो रहा है। हाईटेक नर्सरी से किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है। प्रदेश भर में 150 हाईटेक नर्सरी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बुलंदशहर के दानापुर और जाहिदपुर में हाईटेक नर्सरी बनकर तैयार भी हो चुकी है। 32 जिलों की 40 साइटों पर हाईटेक नर्सरी बनाने का कार्य किया जा रहा है।कन्नौज के उमर्दा में स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल की तर्ज पर प्रदेश के जनपदों में दो-दो मिनी सेंटर यानि 150 स्थापित करने की कार्यवाही जारी है। किसानों को उन्नत किस्म के पौध के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।नर्सरी की देख-रेख करने के लिए स्वयं सहायता समूह को जिम्मेदारी दी गई है। समूह के सदस्य नर्सरी का काम देखते हैं, जो पौधों की सिंचाई, रोग, खाद-बीज आदि का जिम्मा संभालते हैं। इसके लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है ।सरकार उच्च क्वालिटी व उन्नत किस्म के पौधों की नर्सरी को बढ़ावा देने के लिए तेजी से काम कर रही है। प्रत्येक जनपद में पौधशालाएं बनाने का कार्य किया जा रहा है। किसानों को फूल और फल के साथ सर्पगंधा, अश्रवगंधा, ब्राह्मी, कालमेघ, कौंच,सतावरी, तुलसी, एलोवेरा जैसे औषधीय पौधों को रोपने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# यूपी-112 : अगले सप्ताह तैनात हो जाएंगे सारे आउट सोर्स कर्मी, नई कंपनी बुला सकती है पुराने कर्मचारी भी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




यूपी पुलिस की आपातकालीन सेवा यूपी-112 में अगले सप्ताह तक नई सेवा प्रदाता कंपनी के सारे आउटसोर्स कर्मी तैनात कर दिए जाएंगे। वहीं आंदोलनरत रहे पूर्व कर्मचारियों को भी कंपनी दोबारा काम पर बुला सकती है। पुरानी कंपनी के 673 कर्मियों में से 158 ने नई कंपनी को अपनी सेवाएं देने का फैसला लिया है। एडीजी यूपी-112 नीरा रावत ने बताया कि बीते दिनों टेक महिंद्रा कंपनी के कर्मचारियों द्वारा आंदोलन करने के बाद विभिन्न जिलों में तैनात रहे करीब 300 पुलिसकर्मियों को बुलाकर आपातकालीन सेवाओं का संचालन जारी रखा गया था। ये सभी पूर्व में यूपी-112 में कार्यरत होने की वजह से प्रशिक्षित थे, जिसकी वजह से सेवाओं में बाधा नहीं आई। नई कंपनी वी-विन की ओर से अब तक 409 कर्मियों को तैनात किया जा चुका है, 100 कर्मी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नई कंपनी का चयन जेम पोर्टल के जरिये किया गया है। पुरानी कंपनी अपने कर्मियों को अर्द्ध प्रशिक्षित मानकर 10,303 रुपये प्रतिमाह भुगतान कर रही थी। जबकि नई कंपनी ने उनको प्रशिक्षित कर्मी के रूप में ज्वॉइन करने के लिए ऑफर लेटर दिया। जिसमें उनको 12,661 रुपये प्रतिमाह का भुगतान करने तथा पीएफ समेत कई अन्य सुविधाएं देने का आश्वासन दिया गया है।

### 66 हजार से अधिक शिकायतें आईं

एडीजी यूपी-112 नीरा रावत ने बताया कि दीपावली पर तीन दिनों के दौरान यूपी-112 में करीब 66 हजार शिकायतें आई थी, जिनका निस्तारण किया गया। हेल्पलाइन पर होली और दीपावली के दौरान सबसे जयादा शिकायतें आती हैं, जिसकी वजह से जिलों में तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी यूपी-112 में लगाई गई।

### 'डायल 112 की बहनों के संघर्ष की आवाज बनेगी सपा'

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस बार अपने विक्रमादित्य मार्ग स्थित निवास पर डायल 112 की संघर्षरत बहनों के साथ दीपावली मनाई। सपा अध्यक्ष ने उन्हें आश्वस्त किया कि समाजवादी पार्टी डायल 112 की बहनों के संघर्ष की आवाज बनेगी। साथ ही इस संवेदनात्मक संकल्प के दीप भी जलाए कि उनके साथ, बिना किसी दुर्भावना के सच्चा न्याय सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि कैसी विडंबना है कि दीप पर्व पर जब हर घर में लक्ष्मी जी का आवाह्न किया जाता है, भाजपा ने हमारी बहन, बेटी स्वरूपा लक्ष्मी को घरों से बाहर बारिश और ठंड में बैठने के लिए मजबूर कर दिया। भाजपा सरकार ने अपनी हृदयहीनता का क्रूर प्रदर्शन किया है।

### 4 करोड़ की चोरी वाले भी छूट के दायरे में, बिजली चोरों को ओटीएस में छूट देने से मचा बवाल

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** पावर कॉरपोरेशन की ओर से बिजली चोरी करने के मामले में छूट देने के प्रकरण को लेकर अब नए सिरे से बवाल मच गया है। कई ऐसे लोगों को ओटीएस का लाभ दिया जा रहा है जो करीब 4 करोड़ की बिजली चोरी में पकड़े जा चुके हैं। प्रकरण सामने आने के बाद उपभोक्ता परिषद ने मंगलवार को नियामक आयोग पहुंचकर अपनी आपत्ति जता दी है। मांग की है कि बिजली चोरों को छूट दिए जाने से आदर्श उपभोक्ताओं का मनोबल गिरेगा और चोरी की प्रवृत्ति बढ़ेगी। मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन की ओर से बकायेदारों के साथ ही बिजली चोरी करने वालों को 65 फीसदी की छूट दी जा रही है। खास बात यह है कि चोरी करने वालों में सितंबर से अक्तूबर माह में कई तीन से चार करोड़ के बकाएदार हैं। यदि 4 करोड़ वाले को 65 फीसदी की छूट दे दी जाएगी तो उसे सिर्फ 35 फीसदी रकम ही जमा करनी पड़ेगी। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों से मिलकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। तीन से चार करोड़ वाले बकायेदारों को ओटीएस का छूट देने पर आपत्ति भी जताई। तर्क दिया कि जब 4 करोड़ के बकायदाओं को 65 फीसदी की छूट दी जा सकती है तो फिर आदर्श उपभोक्ता नियमित तौर पर बिजली बिल क्यों जमा करेगा?

# अब दिल्ली-मुंबई वापस लौटने के लिए ट्रेनों में मारामारी तत्काल की 4500 सीटों के भरोसे 38 हजार यात्री

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



दीपावली बाद दिल्ली-मुंबई लौटना आसान नहीं होगा। रेगुलर ट्रेनों में लंबी वेटिंग है तो महंगे किराये के बावजूद फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें भी फुल हो गईं। अब करीब 38 हजार यात्री तत्काल की 4500 सीटों के भरोसे हैं। बुधवार तक त्योहार मनाने के बाद लखनऊ से लोगों की वापसी शुरू होगी। 15 व 16 नवम्बर को तेजस की चेयरकार में 18, 26 वेटिंग है। शताब्दी की चेयरकार में 77, 48, हमसफर एक्सप्रेस की थर्ड एसी में 48, 18 वेटिंग है। एसी एक्सप्रेस की थर्ड एसी में 97, 60 तथा लखनऊ मेल की स्लीपर में 202, 140, गोमती की चेयरकार में 21, 25 वेटिंग है। मुंबई जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस में 15, 16 नवंबर को स्लीपर में 130, 109 व थर्ड एसी में 24, 35 एवं गोरखपुर एलटीटी की स्लीपर में 65, 68 व थर्ड एसी में 35, 27 वेटिंग है। अवध एक्सप्रेस, गोरखपुर बांद्रा, कुशीनगर एक्सप्रेस में भी वेटिंग है।

### स्पेशल ट्रेनों की वेटिंग छुड़ा रही पसीने

लखनऊ से दिल्ली के बीच चलने वाली 02569 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली स्पेशल की स्लीपर में 76, 52 व थर्ड एसी में 30, 14 वेटिंग है। 01663 आनंदविहार स्पेशल की स्लीपर में 34, 12 व थर्ड एसी में 12, दो वेटिंग है। 02563 बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल की स्लीपर में 70, 51 व थर्ड एसी में 27, 10 वेटिंग है। 04079 वाराणसी-नई दिल्ली स्पेशल की स्लीपर में 15 को 25 व 18 को 84 वेटिंग है। थर्ड एसी में 30 व 23 वेटिंग है। 01675 मुजफ्फरपुर-आनंदविहार फेस्टिवल स्पेशल की स्लीपर में 15 को 17 व थर्ड एसी में आठ वेटिंग है। 17 नवंबर को वाराणसी-मुंबई स्पेशल की थर्ड एसी में 38, सेकेंड एसी में 21 वेटिंग है। 18 को छपरा-एलटीटी स्पेशल की थर्ड एसी में 13 वेटिंग है। 15 को 05089 आनंदविहार स्पेशल की थर्ड एसी में 964 सीटें खाली हैं। इन पर तेजी से बुकिंग हो रही है।

### तीन अतिरिक्त बोगियों से तेजस में राहत

यात्रियों की सुविधा के लिए आईआरसीटीसी ने मंगलवार को तेजस एक्सप्रेस चलाई। इसमें तीन अतिरिक्त कोच लगे। जिसमें दो चेयरकार व एक एग्जीक्यूटिव क्लास का होगा। आम दिनों में मंगलवार को यह ट्रेन नहीं चलती है।

### आजमगढ़ से दिल्ली वाया लखनऊ चलेगी स्पेशल ट्रेन

यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे रविवार को आजमगढ़ से दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई थी। यह दोनों दिशाओं से लखनऊ से होकर गुजरी।

### यहां मिलेगी बसों की जानकारी

दीपावली बाद बसों से सफर के लिए परिवहन निगम के टोल फ्री नंबर 18001802877 पर यात्री जानकारी ले सकते हैं। आलमबाग अड्डे से चलने वाली बसों के बारे में 8726005891, कैसरबाग की बसों की 8726005893 व चारबाग अड्डे से चलने वाली बसों की जानकारी 8726005892 पर ले सकते हैं।

# स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ हजरतगंज पुलिस से शिकायत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बयान को लेकर अखिल भारत महासभा के लोगों ने उनके खिलाफ हजरतगंज थाने में तहरीर दी है। नाराज लोगों ने स्वामी प्रसाद मौर्य और अखिलेश यादव के खिलाफ थाने के बाहर नारेबाजी भी की। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी अपने समर्थकों के साथ मंगलवार दोपहर हजरतगंज थाने पहुंचे। उन लोगों का आरोप है कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने पहले भी सनातन धर्म का अपमान, हिंदू देवी-देवताओं, रामचरित मानस के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की। महंत राजूदास पर भी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हमला बोला था। उन लोगों का कहना है कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने करोड़ों हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाई है। महासभा के लोगों ने स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने को लेकर तहरीर दी। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर लेकर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर को तहरीर देने के बाद हिंदू महासभा के लोगों ने थाने के बाहर नारेबाजी की और स्वामी प्रसाद को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की।

### हाल ही में इस बयान पर हुआ था विवाद

सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने सोमवार को सोशल मीडिया साइट पर एक विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया में किसी भी नस्ल और जाति में दो हाथ वाले बच्चे पैदा होते हैं तो चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो गईं। अगर आपको पूजा करनी ही है तो अपनी पत्नी की करें।

# लेखपाल के निधन पर तहसील सभागार में लेखपाल संघ के पदाधिकारी ने दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद शाखा लखनऊ के लेखपालों द्वारा समस्त तहसीलों में माँ सरस्वती एवं संस्था संस्थापक श्रद्धेय पं. मुरारी लाल शर्मा के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्पांजली करके उनके बताए हुए सिद्धांतों कर्तव्यों पर सांगठनिक एवं शासकीय सेवा में किसानो व आम जनमानस के हितों के लिए कार्यों पर चर्चा करते हुए सादगी पूर्ण ढंग से स्थापना दिवस मनाया गया। बता दें कि बीकेटी तहसील से गत माह जून में स्थानांतरित होकर तहसील मलिहाबाद में कार्यरत साथी लेखपाल चन्द्रभूषण सिंह 40 वर्ष जो कि ग्राम मशीढ़ा रतन माल मलिहाबाद के थे दिवंगत साथी लेखपाल की पुण्य आत्मा की शान्ति व परिजनों को इस अशीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु 2 मिनट का मौन रखकर जनपद की सभी तहसीलों में प्रार्थना सभाएँ की गई जिसमें सभी लेखपाल व संगठन पदाधिकारी एवं अन्य राजस्व कर्मी व अधिकारी उपस्थित रहें। वहीं तहसील मलिहाबाद में जिलासंघ लखनऊ जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार वर्मा व जिलामंत्री सुजीत कुमार द्वारा उपस्थित होकर प्रतिभाग किया गया। वहीं शोक सभा के उपरांत दिवंगत लेखपाल के परिजनों से उनके घर पर लेखपाल संघ के पदाधिकारी ने शोक संवेदना प्रकट करने घर पहुंच गए। वहीं उनके परिवार में पत्नी व नाबालिग पुत्री 14 वर्ष व पुत्र 11 वर्ष उनकी वृद्ध माँ से मिलकर लखनऊ के सभी लेखपालों व जिला संघ की ओर से संगठन द्वारा प्राविधित धनराशि प्रदान की गई और सांत्वना देतें हुए भविष्य में संगठन के द्वारा हर सम्भव सहयोग देने को आस्वस्त किया गया।



**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे पुत्र वसीम का विवाह नाजरीन पुत्री मोहम्मद शकील उर्फ कल्लू निवासी अंसारी मोहल्ला शहजादपुर अमेठी, थाना-गोसाईगंज, जिला लखनऊ के साथ दिनांक 03.10.2022 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। मेरी पुत्रवधू के चरित्र के कारण मैं अपने पुत्र व पुत्र वधू को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ तथा आज के बाद मेरे पुत्र व पुत्रवधू जो कोई कृत्य करते हैं तो उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। इन लोगों के कृत्य से मेरा व मेरे परिवार को कोई सरोकार नहीं होगा

-फजलेहक
पुत्र स्व. अब्दुलहक
निवासी-ग्राम मऊ, थाना-पोस्ट व तहसील मोहनलालगंज
जिला-लखनऊ

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# अमृतकाल श्रीराम की अयोध्या का विश्व कीर्तिमान

**उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में राम की पैड़ी पर 22 लाख से अधिक दीपों के प्रज्ज्वलन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के विजयोत्सव की यात्रा के रूप में देखा जाना चाहिए। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की अयोध्या का नया कीर्तिमान बनाते हुए दीपोत्सव 2023 में 22.23 लाख दीपों का प्रज्ज्वलन करना घटना नहीं अभूतपूर्व परिघटना है। पिछले वर्ष 2022 में प्रज्ज्वलित15.76 लाख दीपों से इस बार यह संख्या लगभग छह लाख 47 हजार अधिक रही।**

*भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या ने इस बार दीपावली की पूर्व संध्या पर राम की पैड़ी पर 22 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। सारे संसार की तरह अयोध्या में भी सूरज रोज उगता और डूबता है। अंग्रेजी कैलेंडर की तारीख और पंचांग की तिथि भी रोज बदलती है। कभी न कभी समय का कोई पल इतिहास बनता है। इस ऐतिहासिक कीर्तिमान के साक्षी लाखों-लाखों लोग बने हैं। अमृतकाल में समय की शिला पर इस कीर्तिमान की पताका फहरा रही है। यकीन मानिए अयोध्या का यह कीर्तिमान सिर्फ इतिहास नहीं, यह भारत के अमृतकाल का सांस्कृतिक आख्यान भी है। ऐसा लग रहा है रामकथा की अमरकंठी आदि कवि वाल्मीकि के मुख से निःसृत होकर दोबारा सरयू की यात्रा पर है। इसे आदि-आरंभ के बीच के असंख्य उत्सव की श्रृंखला भी कह सकते हैं। कहते हैं पहली रामकथा वनों में बैठकर लिखी गई, इसीलिए वह जन-जन के मन और गांव-नगर के घर-घर में रमी हुई है। दो छोटे सुंदर बालकों लव-कुश ने राम कथा को गाया। मां सीता के इन बालकों ने जिंदगी की करुणा को गाया है। सब जानते हैं कि एक दिन अयोध्या के राजमहल के द्वार इन्हीं नन्हे मुखों से मां सीता की व्यथा-कथा सुनकर कराह उठे। प्रभु राम फूट-फूटकर रो पड़े। इसके बाद बालकांड और उत्तराकांड रचे गए। तब संपूर्ण रामचरित सामने आया। रामकथा निसंदेह उजाले का आख्यान है। संपूर्ण भारतीय साहित्य में विष्णु के दस अवतारों में से राम एक अवतार माने जाते हैं। बौद्धों ने बुद्ध को राम का अवतार स्वीकार किया। जैन मत में राम आठवें बलदेव के रूप में प्रतिष्ठित हुए। संस्कृत काव्य में रघुवंश, भट्टकाव्य, महावीरचरित, उत्तररामचरितम्, प्रतिमा नाटक, जानकीहरण, कुंदमाला, अनर्घराघव, बाल रामायण, हनुमन्नाटक, अध्यात्म रामायण, अद्भुत रामायण, आनंद रामायण, कंब रामायण आदि अनेक काव्य-कृतियां इस बात का प्रमाण हैं कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों के कवियों पर रामकथा का कितना गहरा प्रभाव पड़ा। प्रत्येक भारतीय भाषा में रामकथा की सरयू-मंदाकनी बहती है। रामायण से लेकर गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस तक की यह कथा-यात्रा अनंत है। दैविक है। रामचंद्रिका, साकेत, अग्निलीक, प्रवादपर्व, तमिल रामायण, तेलगू-द्विपाद रामायण, मलयालम रामचरितम् कन्नड़-तोरवे रामायण, बंगला-कृतिवास रामायण, उड़िया-बलरामदास-रामायण, मराठी-भावार्थ रामायण, कश्मीरी-रामवतारचरित, पंजाबी-दिलशाद रामायण, गुजराती रामचरित, असमी-माधव कंदली, उर्दू-रामायण खुश्तर, सिंधी-कोकिल कलरव, नेपाली भानुभक्त को रामायण और सिंहली-सिंहली रामायण हमारी सांस्कृतिक एकता के विराट कुंभ हैं। यही नहीं तिब्बत, चीन, खोतान, साईबेरिया, पूरब में हिंदेशिया, हिंदी-चीन, कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, ब्रह्मदेश, दक्षिण में लंका, मारिशस, फिजी, गिनी, ट्रिनिडाड, केनिया, घाना, युगांडा और पश्चिम में ईरान, मिस्त्र, फ्रांस, इंग्लैंड में रामकथा आधारित कृतियों की रचना हुई है। लंदन के इंडिया-ऑफिस पुस्तकालय में एक सचित्र रामायण के कुछ अंश मौजूद हैं। जोधपुर संग्रहालय में लगभग 100 वर्ष पुराने इक्यानवें रामकथा विषयक चित्रों का संग्रह है। राम किसी एक के नहीं, वो सबके हैं। तभी तो कंबोडिया के टावर ऑव द गोल्डन हार्न% के सबसे ऊंचे प्रकोष्ठ की दीवारों पर रामायण के दृश्यों का अंकन है। रामकथा की यह यात्रा विश्वव्यापी है। इसी रामकथा का प्रताप अयोध्या में दीपपर्व की पूर्व संध्या पर जीवंत हुआ है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**हादसों में घायल होने वाले लोगों की संख्या में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में एक बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही। सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की इन हादसों में मौत हो गई जिनमें से 8,384 लोग ड्राइवर थे जबकि बाकी 8,331 लोग वाहन में बैठे यात्री थे। इसके अलावा 50,029 दोपहिया सवार भी हेलमेट न पहनने की वजह से इन हादसों में अपनी जान गंवा बैठे। यह सच है कि जहां हमारे यहां सड़कों का जाल विश्व स्तर का हो चुका है। इसका लगातार विस्तार और सुधार भी हो रहा है। पर सड़क हादसों की संख्या में कमी न आना उदास तो करता है। इस मसले का हल तो खोजना ही होगा।**

# कैसे खून से लथपथ होने से बचें हमारी सड़कें



आर.के. सिन्हा

**आप जानते हैं कि टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमेन सायरस मिस्त्री की एक सड़क हादसे में ही अकाल मौत हुई थी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, मशहूर कलाकार जसपाल भट्टी, कांग्रेस के नेता राजेश पायलट और केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे सड़क हादसों का ही शिकार हुए। अभी तो इन्हें देश को बहुत कुछ देना था।**

एक बार फिर से देश में सड़क हादसों पर आई एक सरकारी रिपोर्ट को पढ़कर कोई भी इंसान डर जाता है। समझ नहीं आता कि आखिर कैसे हम अपने यहां होने वाले सड़क हादसों के कारण होने वाली मौतों पर काबू कर पाने में सफल होंगे। फिलहाल तो स्थिति सच में बेहद चिंताजनक है। हाल ही में आई रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल यानी 2022 में 4.61 लाख सड़क हादसे हुए। इन दुर्घटनाओं में 1.68 लाख लोगों ने जान गंवाई। ये वास्तव में एक बहुत ही बड़ा आंकड़ा है। इन आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि तकरीबन हर एक घंटे में 53 सड़क हादसे हुए। हम जिस रिपोर्ट की बात कर रहे हैं उसे सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ही जारी किया है। हादसों का वे अभागे लोग खासतौर पर शिकार हुए जो सीट बेल्ट और हेलमेट का इस्तेमाल नहीं करते। मेरा मानना है कि हमारे यहां निजी कारों और दूसरे वाहनों को चलाने वाले ड्राइवरों को जितना काम करना पड़ता है उसके चलते भी बहुत सारे हादसे होते हैं। एक औसत ड्राइवर दिन में 14-15 घंटे ड्यूटी करता है। उसे सोने का सही से मौका नहीं मिलता। उसकी कायदे से नींद पूरी ही नहीं हो पाती। चूंकि उसे अपने बीवी- बच्चों का पेट भरना होता है इसीलिए उसे दिन-रात गाड़ी चलानी पड़ती है। अमृत मान ने 1986 से लेकर 1991 तक अपनी सेकेंड हैंड एंबेसेडर कार को टैक्सी के रूप में चलाया। उसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे कई टैक्सियां खरीद कर अपनी ट्रांसपोर्ट कंपनी खोल ली। अमृत मान कहते हैं कि वे मन से अब भी ड्राइवर हैं। वे कहते हैं- ÷ड्राइवरी के पेशे में सिर्फ खटना होता है। ड्राइवर के सुख-दुख से किसी को कोई सरोकार नहीं होता। उसके जीवन में जिल्लत और अपमान ही है। उसने कब खाना खाया या नहीं खाया, वो कहां सोया या नहीं सो पाया, इससे आमतौर पर किसी कोई को लेना-देना नहीं होता। आप कभी किसी सरकारी या अन्य बिल्डिंग की पार्किंग को देख लें। वहां पर सैकड़ों कारें खड़ी मिलेंगी। किसी एक कार के बोनट पर चार-पांच ड्राइवर ताश खेल रहे होते हैं। उन्हें उनके कुछ साथी देख भी रहे होते हैं। अचानक से बॉस का फोन आया। एक ड्राइवर ने अपने ताश के पत्ते साथी को दिए और निकल पड़ा बॉस को लेने। यही ड्राइवर की जिंदगी है। कब कहां जाना है, कुछ पता नहीं। उसे सवाल पूछने तक का हक नहीं है। उसकी ड्यूटी का कोई समय



**सायरस मिस्त्री की मौत से भारत का आम जन और कोरपोरेट संसार हिल गया था। मिस्त्री चमक-धमक से दूर रहने वाले, सज्जन, प्रतिभाशाली और गर्मजोशी से भरे मनुष्य थे। मिस्त्री अपनी पीढ़ी की श्रेष्ठ व्यावसायिक प्रतिभाओं में से एक और बेहद सज्जन व्यक्ति थे।**

नहीं। आपको देश के बहुत सारे शहरों में सड़क किनारे टैक्सी स्टैंड मिलेंगे। वहां पर कुछ ड्राइवर चारपाई पर बैठे होते हैं। पीछे एक छोटा सा टेंट लगा होता है। इन टेंटों के आसपास ही ड्राइवरों की जिंदगी गुजर जाती है। टेंट में चाय बनाने वाला एक स्टोव भी रखा होता है। कई ड्राइवरों से बात हुई। सबका कहना था कि जब किसी को लेकर शहर से बाहर जाते हैं, तो रात को गाड़ी में ही सो जाते हैं। इतना पैसा तो मिलता नहीं कि होटल या धर्मशाला में रूक सके। बेशक, ड्राइवरी के पेशे से वे ही जुड़ते हैं जिनके पास कोई विकल्प नहीं होता। कोई भी ड्राइवर नहीं बनना चाहता। कोई ड्राइवर अपने बच्चों को ड्राइवर बनाना भी नहीं चाहता। पर मजबूरी क्या नहीं करवाती। औसत ड्राइवर तो जीवन भर संघर्ष ही करता रहता है। चूंकि ड्राइवरों को रोज 14-15 घंटे तक काम करना होता है तो इनकी सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। सोने का इन्हें समय नहीं मिलता। इसका नतीजा यह होता है कि इतने ज्यादा हादसे होते हैं। ड्राइवर कभी यह नहीं कह सकता कि रात के वक्त चलना खतरे से खाली नहीं है। ड्राइवरों को तो हुक्म को मानना ही है। उसकी सिर्फ कमी निकाली जाएगी। कौन सुनता है उसकी कहानी। आप जानते हैं कि टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमेन सायरस मिस्त्री की एक सड़क हादसे में ही अकाल मौत हुई थी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, मशहूर कलाकार जसपाल भट्टी, कांग्रेस के नेता राजेश पायलट और केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे सड़क हादसों का ही शिकार हुए। अभी तो इन्हें देश को बहुत कुछ देना था। सायरस मिस्त्री की मौत से भारत का आम जन और कोरपोरेट संसार हिल गया था। मिस्त्री चमक-धमक से दूर रहने वाले, सज्जन, प्रतिभाशाली और गर्मजोशी से भरे मनुष्य थे। मिस्त्री अपनी पीढ़ी की श्रेष्ठ व्यावसायिक प्रतिभाओं में से एक और बेहद सज्जन व्यक्ति थे। उनका वैश्विक दिग्गज कंपनी शापूरजी पालोंजी को खड़ा करने में अहम योगदान था। सायरस मिस्त्री में नेतृत्व के पर्याप्त गुण थे। बहरहाल, रिपोर्ट के अनुसार, देश में हुए कुल हादसों में 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेसवे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए। वहीं 1,06,682 यानी 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों जबकि 43.9 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए। रिपोर्ट में कहा गया कि सालाना आधार पर सड़क हादसों की संख्या में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी। हादसों में घायल होने वाले लोगों की संख्या में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जैसा कि जानकार कहते हैं, सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में एक बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही। सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की इन हादसों में मौत हो गई जिनमें से 8,384 लोग ड्राइवर थे जबकि बाकी 8,331 लोग वाहन में बैठे यात्री थे। इसके अलावा 50,029 दोपहिया सवार भी हेलमेट न पहनने की वजह से इन हादसों में अपनी जान गंवा बैठे। यह सच है कि जहां हमारे यहां सड़कों का जाल विश्व स्तर का हो चुका है। इसका लगातार विस्तार और सुधार भी हो रहा है। पर सड़क हादसों की संख्या में कमी न आना उदास तो करता है। इस मसले का हल तो खोजना ही होगा। अब यह सुनकर भी दिल दहल जाता है कि साल 2022 में लगातार चौथे साल घातक सड़क दुर्घटना का सबसे अधिक नौजवान शिकार हुए।

## एक्सप्रेस कविता

*नफरतों से प्यार का नही रास्ता बनता ,*
*लालच,लोभ से कोई नही वास्ता बनता।*
*जहां राग, द्वेष और दुश्मनी व्याप्त हो,*
*ऐसे में कोई सच्चा नही रिश्ता बनता।*
*कौन किसी का दुखड़ा सुनता है यहां,*
*ऐसे में कोई किसी से नही वास्ता बनता।*

*ऊपरी तौर पर मिलते , सब अच्छे से,*
*दिलों से दिल का रास्ता नही मिलता।*
*हर तरफ सन्नाटा अकेलापन क्यों है,*
*भाई भाई से खास नही रिस्ता रखता।*
*रिश्ते, प्यार, सहानुभूति अब हवा हो गई ,*
*दो मीठे शब्द बोलने वाला नही सच्चा मिलता।*
*कैसे दिखावटी रिश्ते बच गए हैं,*
*अपनों से सच्चा कोई नही वास्ता रखता।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*मेरे लिए धर्म कार्य के प्रति समर्पण है, और निष्ठापूर्वक काम करना ही धर्म है।*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितिया 13:44 तक |
| नक्षत्रः | ज्येष्ठा 26:52 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | अतिगंदा, 12:02 |
| सूर्योदयः | 06:46 |
| सूर्यास्तः | 17:23 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 12:05-13:24 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

**तेज़ी से प्रचार !**

*दुआधार रैली और ।*
*तेज़ी से प्रचार ।।*
*अपनी और पार्टी की ।*
*है लानी बहार ।।*
*धीरे-धीरे बढ़कर ।*
*आ गए नजदीक ।।*
*है अब पूरी कोशिश ।*
*प्रहार हो सटीक ।।*
*उसी दिशा में अग्रसर ।*
*है लगाया ज़ोर ।।*
*बढ़ जाए मुनाफा ।*
*रहे आज झकझोर ।।*
*खोलेंगे फिर पत्ते ।*
*हो जाए बस जीत ।।*
*रहा कुरेद बार बार ।*
*अपना जो अतीत ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बढ़ते प्रदूषण और सर्दी के कारण बच्चे को हो गई है चेस्ट कंजेशन की समस्या? दूर करने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

**बढ़ता** प्रदूषण सबसे ज्यादा बच्चों के लिए हानिकारक होता है। प्रदूषण और बदलते मौसम के कारण बच्चों को कई तरह की स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मौसम बदलने के कारण बच्चों को सर्दी, जुकाम, खांसी, गला खराब और चेस्ट में कंजेशन की समस्या होना आम बात है। लंबे समय तक जुकाम और खांसी होने से बच्चों में चेस्ट कंजेशन की समस्या हो जाती है। बच्चे चेस्ट कंजेशन होने पर काफी परेशान होने के साथ चिड़चिड़े भी हो जाते हैं। इस समस्या में बच्चे ठीक से सो भी नहीं पाते हैं। जिस कारण उनका डेली रूटिन भी प्रभावित होता है। चेस्ट कंजेशन में बच्चे के छाती में कफ जमा हो जाता है, जिस कारण उनको सांस लेने में दिक्कत होने के साथ सीने में जकड़न की समस्या भी हो जाती है। बच्चे दवाई लेने में बहुत आनाकानी करते हैं। ऐसे में बच्चों को यह समस्या होने पर डॉक्टर से पूछकर ही दवाई दें। लेकिन कुछ टिप्स की मदद से भी बच्चों की चेस्ट कंजेशन की समस्या को कम किया जा सकता हैं।

**हैंडवॉशः** बच्चों को प्रदूषण और सर्दी के कारण होने वाली चेस्ट कंजेशन से बचाने के लिए नियमित तौर पर उन्हें हैंडवॉश कराएं। इससे बच्चों में होने वाले इंफेक्शन का खतरा कम होता है



और वह लंबे समय तक स्वस्थ रहते हैं। बच्चों को साबुन की बजाए लिक्विड हैंडवॉश से हाथ को धुलाएं।

**हाइड्रेटेड रखेंः** बच्चों को सर्दी होने के कारण उनको प्यास का एहसास कम होता है। जिस कारण वह कम पानी पीते हैं। ऐसा लंबे समय तक करने से उनके शरीर में पानी की कमी हो सकती है। ऐसे में कोशिश करें कि बच्चों को नियमित तौर पर पानी पिलाएं। बच्चों को पीने के लिए हल्का गुनगुना पानी ही दें।

**नेबुलाइजरः** बच्चों को चेस्ट कंजेशन की समस्या से राहत देने के लिए नेबुलाइजर का प्रयोग भी किया जा सकता है। नेबुलाइजर देने से कफ की समस्या से राहत मिलती है और जुकाम भी ठीक होता है। नेबुलाइजर से नाक खुलती है और बच्चों को चेस्ट कंजेशन से राहत मिलती है। ध्यान रखें बच्चे को नेबुलाइजर देने के समय किसी एक्सपर्ट की अवश्य मदद लें।

**बच्चों को सुलाने के लिए सिर ऊंचा रखेंः** बच्चे चेस्ट कंजेशन के कारण वह सो नहीं पाते हैं। ऐसे में बच्चों को सुलाने के लिए उंचे तकिए या उनका सिर हल्का सा उंचा रखने से बच्चे ठीक से सोएगा और नाक भी खोलेगी। ऐसा करने से वायुमार्ग खुल जाएंगे और बलगम आसानी से बाहर होगा।

**हल्दी**: हल्दी में करक्यूमिन होता है जो शरीर के अंदर जमा बलगम को बाहर निकालने में मदद करता है। इसे गर्म पानी में मिलाकर बच्चे को दिया जा सकता है और यह बच्चों में सूखी खांसी को ठीक करता है। हालांकि, बच्चों को ज्यादा हल्दी देने से बचें क्योंकि इस कारण मितली की समस्या हो सकती है। प्रदूषण और सर्दी के कारण बच्चों में चेस्ट कंजेशन की समस्या को दूर करने के लिए इन टिप्स को फॉलो किया जा सकता हैं। हालांकि, इन टिप्स को फॉलो करने से पहले डॉक्टर की राय अवश्य लें।

## एक्सप्रेस विशेष


# भाई-बहन के पावन संबंधों की मजबूती का पर्व



- योगेश कुमार गोयल

**बहुत से भाई इस दिन सौभाग्य तथा आयुष की प्राप्ति के लिए इस दिन यमुना अथवा अन्य पवित्र नदियों में साथ-साथ स्नान भी करते हैं। भैया दूज मनाने के संबंध में कई किवंदतियां प्रचलित हैं। एक कथा यमराज और उनकी बहन यमुना देवी से संबंधित है।**

**आमतौर** पर दीपावली के दो दिन बाद अर्थात् कार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाए जाने वाले भाई दूज पर्व को 'यम द्वितीया' व 'भ्रातृ द्वितीया' के नाम से भी जाना जाता है। भाई दूज की तिथि को लेकर इस वर्ष बड़ा भ्रम बना हुआ है। दरअसल पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि इस साल 14 नवम्बर को दोपहर 2.36 मिनट से शुरु हो रही है, जिसका समापन 15 नवम्बर को दोपहर 1.47 मिनट पर होगा। ऐसे में भाई दूज का त्योहार वैसे तो 14 और 15 नवम्बर को दोनों दिन मनाया जाएगा लेकिन ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष भाई दूज का त्योहार उदया तिथि के अनुसार 15 नवम्बर को मनाया जाएगा और इस त्योहार को भाई के साथ मनाने का शुभ समय 15 नवम्बर को सुबह 10.45 बजे से दोपहर 12.05 बजे तक है। बहुत से भाई इस दिन सौभाग्य तथा आयुष की प्राप्ति के लिए इस दिन यमुना अथवा अन्य पवित्र नदियों में साथ-साथ स्नान भी करते हैं। भैया दूज मनाने के संबंध में कई किवंदतियां प्रचलित हैं। एक कथा यमराज और उनकी बहन यमुना देवी से संबंधित है। भगवान सूर्यदेव की पत्नी छाया की कोख से यमराज और यमुना का जन्म हुआ था। यमुना अपने भाई यमराज से बहुत स्नेह करती थी और अक्सर उनसे अनुरोध करती रहती थी कि वे



अपने इष्ट मित्रों सहित उसके घर भोजन के लिए पधारें लेकिन यमराज हर बार उसके निमंत्रण को किसी न किसी बहाने से टाल जाते। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना ने यमराज को एक बार फिर भोजन के लिए आमंत्रित किया। उस समय यमराज ने विचार किया कि मैं तो अपने कर्त्तव्य से बंधा सदैव प्राणियों के प्राण ही हरता हूं, इसलिए इस चराचर जगत में कोई भी मुझे अपने घर नहीं बुलाना चाहता लेकिन बहन यमुना तो मुझे बार-बार अपने घर आमंत्रित कर रही है, इसलिए अब तो उसका निमंत्रण स्वीकार करना ही चाहिए। यमराज को अपने घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना न रहा। उसने भाई का खूब आदर-सत्कार करते हुए उनके समक्ष नाना प्रकार के व्यंजन परोसे। बहन के आतिथ्य से यमराज बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने उसे कोई वर मांगने को कहा। इस पर यमुना ने उनसे अनुरोध किया कि आप प्रतिवर्ष इसी दिन मेरे घर आकर भोजन करें और मेरी तरह जो भी बहन इस दिन अपने भाई का आदर-सत्कार करे, उसे तुम्हारा भय न रहे। यमराज ने बहन यमुना को उसका इच्छित वरदान दे दिया। ऐसी मान्यता है कि उसी दिन से 'भाई दूज' का पर्व मनाया जाने लगा। भाई दूज के संबंध में और भी कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक अन्य कथा के अनुसार, एक ब्राह्मण की दो ही संतानें थी-एक पुत्र एवं एक पुत्री। पुत्री बहुत समझदार एवं गुणवती थी। वह अपने भाई से जी जान से प्यार करती थी। एक दिन उसका भाई उससे मिलने उसकी ससुराल पहुंचा। उस समय वह सूत कातने में व्यस्त थी। अतः उसे भाई के आने का पता ही न चल सका। भाई भी बिना कुछ बोले चुपचाप एक ओर बैठा रहा। जब थोड़ी देर बाद बहन की नजर उस पर पड़ी तो भाई को अपने घर आया देख उसे बेहद खुशी हुई। उसने भाई का भरपूर आदर-सत्कार किया। अगले दिन भाई को वापस लौटना था, अतः रास्ते के लिए वह आटे के पकवान बनाने के उद्देश्य से चक्की में आटा पीसने लगी। अनजाने में चक्की में बैठा सांप भी आटे के साथ पिस गया। उसी आटे के पकवान एक पोटली में बांधकर उसने भाई को विदा किया और उसके घर से जाने के बाद जब उसे यह मालूम हुआ कि आटे में सांप पिस गया है तो अपने पुत्र को पालने में ही सोता छोड़कर वह अपने भाई के प्राणों की रक्षा के लिए दौड़ी। कुछ दूर जाने पर उसे एक पेड़ की छांव में अपना भाई सोता दिखाई दिया। उसने अभी तक पोटली में से कुछ भी नहीं खाया था। उसने भगवान का शुक्रिया अदा किया और पोटली उठाकर दूर फैंक दी तथा भाई के साथ मायके की ओर चल दी। रास्ते में उसने देखा कि भारी-भारी शिलाएं आकाश में उड़ रही हैं। उसने एक राहगीर से इस रहस्य के बारे में जानना चाहा तो उसने बताया कि जो बहन अपने भाई पर कभी नाराज न होती हो और उसे दिलो-जान से चाहती हो, उस भाई की शादी के समय ये शिलाएं उसकी छाती पर रखी जाएंगी। थोड़ी दूर चलने पर उसे नाग-नागिन दिखाई दिए। नाग ने बताया कि ये शिलाएं जिस व्यक्ति की छाती पर रखी जाएंगी, हम उसे डस लेंगे। जब बहन ने इस विपत्ति से बचने का उपाय पूछा तो नाग-नागिन ने बताया कि अगर भाई के विवाह के समय उसके सभी कार्य बहन स्वयं करे, तभी भाई की जान बच सकती है। जब उसके भाई के विवाह के लग्न का शुभ मुहूर्त आया तो वह भाई को पीछे धकेलती हुई स्वयं ही लग्न चढ़वाने के लिए आगे हो गई और घोड़ी पर भी स्वयं चढ़ गई।

# सीएसआर से बहुरे गोद लिए विद्यालय के दिन, जिलाधिकारी ने दी कई सौगातें

* दिव्यांग,सुलभ शौचालय, आरओ- वाटरकूलर, झूले से लैस हुआ विद्यालय, नौनिहालों के खिले चेहरे

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपनी धर्मपत्नी जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अल्पना सिंह के साथ अपनी गोद लिए विद्यालय पहुंचे, तो स्कूल के सभी बच्चों ने उन्हे चारों तरफ से घेर लिया। साथ ही अपना प्रेम प्रदर्शित किया।डीएम ने अपनी धर्मपत्नी अल्पना सिंह संग बलरामपुर फाउन्डेशन, बलरामपुर द्वारा (वित्तीय वर्ष 2023-24 ) निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत संविलियन विद्यालय (सदर) नगर क्षेत्र लखीमपुर में ÷दिव्यांग शौचालय एवं शुलभ शौचालय÷ का नव निर्माण तथा पेयजल के लिए वाटर कूलर एवं बच्चों हेतु झूले÷ का पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर लोकार्पित किया।डीएम ने पत्नी संग नौनिहालों को स्कूल बैग, शिक्षण सामग्री किट, चॉकलेट मिष्ठान आदि सामग्री बाटी। इस दौरान डीएम ने न केवल बच्चों को दुलारा बल्कि उन्हें प्रदान की बेंच डेस्क और बेंच पर बैठकर एक-एक नौनिहाल से काफी देर संवाद किया। डीएम ने संस्था को आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्य करने के लिए बधाई व शुभकामनायें दी।कार्यक्रम की शुरुआत में बलरामपुर चीनी मिल्स लि0 इकाई-गुलरिया के मुख्य महाप्रबन्धक योगेश कुमार सिंह और उनकी पत्नी बबिता सिंह ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत, अभिनंदन किया। मुख्य महाप्रबन्धक योगेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि जिलाधिकारी के आह्वान पर बलरामपुर फाउंडेशन की ओर से निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत उनके गोद लिए संविलियन विद्यालय (सदर) नगर क्षेत्र में दिव्यांग शौचालय एवं शुलभ शौचालय का नव निर्माण तथा पेयजल के लिए वाटर कूलर एवं बच्चों हेतु झूले÷ की सौगात दी है, जो निश्चित रूप से बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनेगी।बलरामपुर फाउन्डेशन संस्था क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संस्था द्वारा पूर्व, वर्तमान व भविष्य में किए जाने वाले कार्यों से भी सभा को अवगत कराया।इस मौके पर मुख्य महाप्रबन्धक योगेश कुमार सिंह, उनकी पत्नी बबिता सिंह, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी श्रद्धा सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, आकांक्षा समिति की सदस्य रश्मि सिंह, बलरामपुर फाउंडेशन की इकाई गुलरिया से अजीत सिंह, संतोष कुमार सिंह,अभिनेश कुमार मिश्रा, स्कूल का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में नौनिहाल मौजूद रहे। बताते चले कि इससे पहले डीएम ने क्रिटिकल गैप योजना÷ वर्ष 2023-24 के तहत विद्यालय में नवनिर्मित चारदीवारी एवं गेट की सौगात दी थी। वही कारपोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी (सीएसआर) की मदद से उनके गोद लिए नगर क्षेत्र में परिषदीय विद्यालय की तस्वीर बदलती जा रही है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू का मनाया गया जन्मदिन

जन एक्सप्रेस/सीतापुर। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सन्तोष भार्गव के तत्वाधान मे शहर कॉंग्रेस कार्यलय घण्टा घर पर आधुनिक भारत के निर्माता व देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरु जी की जयंती पर एकत्रित होकर कांग्रेस जनो ने चाचा नेहरु जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। तत्पश्चात वार्ड आलम नगर में दलित गौरव संवाद स्वाभिमान के वास्ते संविधान के रास्ते दलित अधिकार मांग पत्र दलित परिवारों के घर घर जाकर उनकी 5 प्रमुख मांगे क्या हैं? भरवाये। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष सन्तोष भार्गव महिला शहर अध्यक्ष शवनम खान,सेवादल शहर अध्यक्ष संजय दीक्षित, पीसीसी सदस्य अल्पना सिंह, शहर उपाध्यक्ष शावेज मुख्तार, राजेन्द्र निगम,उपदेश गुप्ता,सर्वेश सिंह, दीपा वैश्य, इमरान खान, शरवन राठौर, पीयूष मिश्रा, रामलाल,जमील खान, ओम प्रकाश कनोजिया,डॉ मशरुर खान, दुर्गेश भारतीय, रामकिशोर, दीपक चोधरी, बाबू राम कनोजिया आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### पलिया देहात के ग्राम रिक्खीपुरवा में दिवाली की रात में लगी आग, हादसा होने से टला



जन एक्सप्रेस/पलिया कला खीरी। पलिया देहात ग्राम रिक्खीपुरवा में दीपावली की रात गणेश सोनी के घर में अज्ञात कारणों से लगी आग जिसमें ?22000 की नकदी और हजारों रुपए का सामान व कपड़े जलकर हुए राख दिवाली की रात लगी आग में कुमारी संगम की शिक्षा के सारे दस्तावेज जल कर राख हो गए गणेश सोनी के यहां मेहमानी में आए भतीजे सुधाकर ने रात में लगी आग को अचानक देखा और बुझाने का प्रयास करने लगा जिसमें उसका हाथ भी जल गया जिसका इलाज पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया जा रहा है मौके पर सुधाकर इस आग ना देख पाता तो शायद यह आग गंभीर रूप से ले लेती और बड़ी क्षति हो सकती थी किंतु सुधाकर आग को देखते ही बुझाने लगा और मदद की गुहार लगाने लगा मौके पर परिवार वाले जाग गए और आग पर काबू पा लिया व बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

### सड़क हादसे में गोवंश की हुई दर्दनाक मौत



जन एक्सप्रेस/उचौलिया खीरी। उचौलिया थाना क्षेत्र के एनएच 30 लखनऊ दिल्ली हाइवे पर कोटरा गांव में टावर के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गौवंश की हुई दर्दनाक मौत। बीते दिन देर शाम करीब 7 बजे के आसपास एक तेज रफ्तार बड़े वाहन ने हाइवे क्रॉस कर रहे गौवंश को रौंद दिया जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जिसकी सूचना पाकर मौक़े पर पहुंची जनता दरबार की टीम ने तत्काल मृत गौवंश के शव को हाइवे से उठाकर साइड करवाया ताकि शव के चिथड़े न उड़ने पाए व आवागमन बाधित न हो इसके लिए हाइवे क्लीयर किया गया। जनता दरबार पूर्व की भांति जनहित के कार्यो में लगी नजर आई, इस दौरान जनता दरबार की टीम की तरफ से संस्थापक, सीईओ व एमडी डॉ. संजीत सिंह सनी, मोहम्मद सोनू, मनी सिंह, जीतू भार्गव, अजय कश्यप आदि साथी सम्मलित रहे।

### अजगर को पकड़ कर जंगल में छोड़ा



जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी। बरबर में आदर्श इंटर कॉलेज बरवर घर खीरी विद्यालय के पीछे टमाटर के खेत में अजगर देखा गया जिसके बाद लोगों में दहशत का मौहल बन गया ।उपरोक्त घटना की जानकारी बरवर चौकी प्रभारी को मिलते ही दल बाल के साथ पहुंचे चौकी प्रभारी ने वन विभाग को सूचना दी,सूचना पाकर वन विभाग की टीम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और अजगर को हमराह के साथ मौके पर मौजूद कर्मियों द्वारा पकड़ा गया ।चौकी प्रभारी बरवर और वन विभाग अधिकारियों की टीम ने अजगर को पकडकर जंगल में छोड़ दिया।

### भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु की जयंती धूमधाम से मनाई गई

जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी। भारत के प्रथम पंडित प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु की जयंती पर पलिया विधान सभा के कांग्रेस कार्यालय संपूर्णा नगर में नगर अध्यक्ष राजन यादव द्वारा आयोजित समारोह में कार्यक्रम के अतिथि किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष /संगठन प्रभारी बृज किशोर मौर्य ने कार्यक्रम अध्यक्षता की कार्यक्रम का संचालन ब्लाक अध्यक्ष सचिन शाह ने किया। जिसमे भारत के पूर्व प्रधानमन्त्री जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन कियाऔर नन्हे मुन्ने बच्चों को मिष्ठान वितरण कर चाचा नेहरू के जीवन चरित्र और आदर्शो का चित्रण कर बच्चों को प्रेरित किया। इस दौरान यूथ ब्लाक अध्यक्ष आदिल खान, संचालक दिनेश शर्मा, जीत सिंह, रामस्वरूप, रामसेवक, राम दयाल, दिनेश गुप्ता , हरीश चन्द्र वर्मा, बिकाऊ शर्मा,राम ज्ञान शर्मा, निशा कनौजिया, वीर कुमार मनोज उपस्थिति रहे इस दरमियान संगठन को वल प्रदान करने के लिए पत्रकार मनोज प्रजापति ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

# थाना भीरा पुलिस द्वारा 9 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

जन एक्सप्रेस । मनोज कुमार मिश्रा



**बिजुआ-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी अपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा चलाए जा रहे अपराधों की रोकथाम हेतु अभियान में आज दिनांक 14. 11. 2023 को क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन में व भीरा थानाध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में भीरा पुलिस टीम द्वारा 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।अमित कुमार पुत्र राकेश उम्र करीब 24 वर्ष, सूरज कुमार पुत्र गोपाल उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम बिजुआ थाना भीरा जनपद खीरी रोहित कुमार पुत्र श्री पाल उम्र करीब 23 वर्ष, सुधीर गौतम पुत्र श्रीपाल उम्र करीब 25 वर्ष,अजय शर्मा पुत्र सोबरन लाल उम्र करीब25 वर्ष, आदेश पुत्र श्री केसन उम्र करीब 27 वर्ष, निवासी ग्राम गदियाना थाना भीरा जनपद खीरी छेंनू पुत्र जगत राम उम्र करीब 30 वर्ष, निवासी ग्राम मालपुर, थाना भीरा खीरी अंकित पुत्र शिवचरण उम्र करीब 19 वर्ष ,जीत राम पुत्र नन्दराम उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम रतना पुर थाना भीरा जनपद खीरी को गिरफ्तार कर हिदायत दी गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध स्थानीय थाने पर विधिक कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में बिजुआ चौकी इंचार्ज चेतन तोमर, उप0 नि0 प्रदीप कुमार, उप0 नि0 मो. नसीम खां, हे0 का0 कुलदीप कुमार, आ0 संजय सिंह, आ0 मोहित कुमार, आ0 मुलायम यादव, आ0 अरविंद कुमार यादव, आ0अमित कुमार उपस्थित रहे।

# सिगरेट और पुड़िया लेने के बाद पैसे को लेकर हुए विवाद ने लिया विकराल रूप: चली गोलियां, कई घायल

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सिगरेट और पुड़िया लेने के बाद पैसे को लेकर हुए विवाद की रंजिश में दबंगों ने सरेराह घर मे घुसकर लाठी डंडा और ईटा पत्थर चलाने लगे जिससे अपरा तफरी मच गई। जान बचाकर भागे लोगों पर आरोपियों ने नाजायज असलाहों से ताबड़तोड़ फायर करने लगे जिसमें महिलाएं बच्चे समेत 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने जांच के दौरान चार लोगों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जबकि अन्य घायलों का इलाज सी एच सी पर किया जा रहा है।पुलिस के अनुसार गांव सिसोरा नकूमपुर की बाजार में बलराम दुकान चल रहा है। शनिवार को आरोपी पक्ष के एक व्यक्ति द्वारा दुकान से सिगरेट और पुड़िया लेने के बाद पैसों के लेनदेन पर विवाद हो गया था। भरी बाजार में आरोपी ने अपमानित हो जाने पर बदला लेने की ठान ली थी। जिसके चलते सोमवार 7 बजे करीब शाम आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दुकानदार के घर पर हमला बोल दिया और लाठी डंडे ईटा पत्थर चलाने लगे जिससे अपरा तफरी मच गई जान बचाकर भाग रहे लोगों पर आरोपी के अन्य साथियों द्वारा नाजायज असलाहों से ताबड़तोड़ फायर चलाने का आरोप लगाया जा रहा है। घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर निरीक्षक अंबर सिंह भारी पुलिस बल के साथ आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने जांच के दौरान अनिकेश शुक्ला, करुणा देवी शुक्ला,सीवी शुक्ला, और अनुज कुमार शुक्ला की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं घटना में घायल किशना देवी पत्नी स्वर्गीय प्रहलाद शुक्ला, लोकेश शुक्ला ,सिंटू शुक्ला ,मिंटू शुक्ला पुत्रगण बलराम शुक्ला को हल्की चोटे होने पर इलाज किया जा रहा है।निरीक्षक अंबर सिंह के अनुसार घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है फायर चलने की पुष्टि को लेकर जांच की जा रही है। मामला संदिग्ध है। तहरीर मिलते ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### निराश्रित गरीबों को बेलरायां चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह ने वितरण किया मिष्ठान और बाँटी कैंडल

जन एक्सप्रेस/तिकुनियां खीरी। विकास क्षेत्र निघासन के बेलरायां क्षेत्र में जबसे अभिषेक सिंह ने कमान संभाली है द्य तब से बेलरायां के निवासियों का चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह ने दिल जीत लिया है द्य कोई भी पर्व हो ग्रामीणों के बीच परिवार की तरह मानते हैं। दीपावली का पर्व पंचदिवसीय पर्व होता है। इस पर्व को लगातार पाँच दिनों तक मनाया जाता है। इस पंचदिवसीय पर्व में जगह-जगह शांति व्यवस्था भी अव्वल दिखी जो कि सराहनीय कार्य रहा। क्षेत्र में गरीबों की मदद के लिए आपस में प्रेम बाँटने के लिए चौकी प्रभारी ने कपड़े और फल भी बाँटे साथ में पत्रकारों को भी मीठे का पैकेट देकर सम्मानित किया जिससे लोगों के दिलों में अपनी जगह बना ली है ऐसा सराहनीय कार्य बेलरायां चौकी में पहली बार हुआ है।





# गन्ने के ट्रक से बाइक सवार की कुचल के हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

कोतवाली सदर के महेवा गंज चौकी क्षेत्र में गन्ने से भरे ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा मौके पर मौत ग्राम पंचायत महेवा के ग्राम बुढनापुर के निवासी कल्लू उम्र 50 वर्ष ठेकेदार जो बाइक से लखीमपुर जा रहा थे वहीं नवभारत स्कूल के पास बाइक सवार कल्लू ठेकेदार को गन्ने से भरे ट्रक ने रौंदा मौके मौत एक्सीडेंट इतना गंभीर की देखने वालों की रूह कांप उठी। बताते चलें पोस्टमार्टम के बाद जब शव ग्राम में पहुंचा है तो पूरे गांव का माहौल काफी गमगीन था हर तरफ मायूसी ही मायूसी नजर आ रही थी मृतक कल्लू के पांच बच्चे थे जिसमें तीन पुत्री दो पुत्र थे बड़ी पुत्री की शादी हो चुकी थी गांव वाले बता रहे थे कि कल्लू अपने बच्चों को इतना प्यार करते थे कि उन्हें कम पर भी नहीं जाने देते थे खुद मकान के ठेकेदार थे और विकलांग थे और अच्छा खासा कारोबार उनका चलता था पूरा परिवार काफी खुशहाल था मृतक कल्लू काफी मिलनसार और हंसमुख स्वभाव के थे उनकी मौत से पूरे गांव में मायूसी इस छाई हुई है कि हर जुबान पर कल्लू की मौत का ही चर्चा है।

### मिल रोड के ग्राम समाज की भूमि पर बनने लगा पक्का मकान

जन एक्सप्रेस/सम्पूर्णानगर खीरी। सम्पूर्णानगर में अवैध कब्जे को लेकर राजस्व कर्मियों की मनमानी का बड़ा खुलासा हुआ है। यह मनमानी भी तब सामने आई जब मुख्यमंत्री से मामले की शिकायत की गई। हुआ यह कि पलिया तहसील के सम्पूर्णानगर कस्बा के मिल रोड पर सरकारी जमीन पर पक्का मकान बनाने की शिकायत आईजीआरएस पर की गई थी। इसमें कहा गया था कि एक भू-माफिया ने ही ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा कर पक्का मकान बना रहा है। ग्राम पंचायत सिंगाही खुर्द सम्पूर्णानगर के किसान सहकारी चीनी मिल जाने वाले मार्ग पर पक्की सड़क किनारे गाटा संख्या 324 पर दर्ज ग्राम समाज की भूमि पर लगभग 17 फीट चौड़ी एवं 70 फीट लम्बी भूमि पर राजेश जायसवाल ने अवैध तरीके से कब्जा कर पक्का मकान निर्माण कार्य शुरू करा दिया है।

# गंभीर बीमारियों से बचने के लिए मधुमेह से दूरी जरूरी: डॉ आईके रामचंदानी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



विश्व मधुमेह दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला पुरुष चिकित्सालय ओयल में किया गया। जिसके अंतर्गत गोष्ठी व हस्ताक्षर अभियान का आयोजन हुआ। जागरूकता गोष्ठी की अध्यक्षता सीएमएस जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ. आईके रामचंदानी ने की। वहीं इस दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले भर में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित जिला पुरुष चिकित्सालय में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हुई गोष्ठी में बोलते हुए सीएमएस जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ आईके रामचंदानी ने कहा कि वर्तमान समय में मधुमेह युवाओं में भी तेजी से बढ़ रहा है। इसके तमाम कारण हैं। जिन्हें आज जानना और समझना बेहद जरूरी है। ऐसा न करने पर तमाम गंभीर बीमारियां हमारे शरीर में घर बना लेते हैं। इसके बाद शारीरिक रूप सहित मानसिक और आर्थिक रूप से भी परेशानियां होना प्रारंभ हो जाती हैं। ऐसे में जरूरी है कि छोटी-छोटी सावधानियां बरत कर और अपनी जीवन शैली में सुधार कर हम मधुमेह जैसी बीमारी से बचाव करें।

# तीन दिनों से लापता युवक का शव तालाब के करीब मिला, पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



कस्बे में तीन दिन से लापता युवक का शव छपरतल्ला तालाब के पड़ोस गड्ढे में उतराता मिला। युवक धनतेरस के दिन घर से सामान खरीदने निकला था और उसके बाद वापस घर नहीं आया। युवक का तालाब में शव मिलने से नगर में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। पोस्टमार्टम के बाद नगर पहुंचे शव को पैंतेपुर मार्ग पर रखकर परिजनों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी ने समझा-बुझाकर परिजनों को मनाया और उसके बाद अंतिम संस्कार हुआ। महमूदाबाद नगर के सरावगी टोला निवासी रवि राठौर उर्फ कल्लू (25) पुत्र प्रताप राठौर धनतेरस 10 नवंबर की शाम खरीददारी के लिए घर से निकला था उसके बाद वह वापस नहीं आया। काफी इंतजार के बाद देररात परिजनों ने खोजबीन शुरू की, किंतु उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चला। रवि की मां ने 11 नवंबर को कोतवाली पुलिस को उसके गायब होने की तहरीर दी। 12 नवंबर रविवार की सुबह रवि राठौर का शव सिधौली मार्ग स्थित छपरतल्ला तालाब के पास एक गड्ढे में उतराता मिला। सूचना मिलते ही नगर में हड़कंप मच गया। कोतवाल ओमवीर सिंह कस्बा इंचार्ज सुरेश पाल के पास पुलिसबल लेकर मौके पर पहुंचे और कार्रवाई शुरू की। पोस्टमार्टम के बाद शव वापस आने पर सोमवार को परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर असंतोष व्यक्त करते हुए पैंतेपुर मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाल मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा-बुझाकर शांत किया और शव का अंतिम संस्कार करवाया। कोतवाल ओमवीर सिंह ने बताया कि रवि राठौर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत होना आया है। शरीर के किसी भी भाग पर चोंट के निशान नहीं हैं। परिजनों की संतुष्टि के लिए मृतक के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगवाया गया है और घर के बाहर लगे सीसीटीवी पुटेज की भी जांच की जा रही है।

# दीयों की रोशनी से जगमगा उठा प्राचीन गंगा सागर तीर्थ

* दीपावली मेले के दूसरे दिन दीपदान व मशहूर आतिशबाजी का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



एक और जहां बीते शनिवार को छोटी दीपावली के अवसर पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या की दीपावली को यादगार बना कर इतिहास रच दिया वहीं सोमवार की शाम सीतापुर जनपद के रामकोट कस्बे के लोगों ने भी यहां अपने पारंपरिक आयोजन में शामिल होकर अयोध्या के सरयु नदी तट की दीवाली व आरती का एहसास कराया। स्थानीय श्री रामेश्वरम् धाम मंदिर व प्राचीन गंगा सागर तीर्थ परिसर में आयोजित तीन दिवसीय दीपावली मेला के दूसरे दिन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपदान व मशहूर आतिशबाजी का आयोजन हुआ। सोमवार की शाम यहां स्थित गंगा सागर तीर्थ जलाशय दीपदान के दीयों की रोशनी से जगमगा उठा। दीपदान का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता गया प्रसाद मिश्र, महेश शर्मा, ललित श्रीवास्तव (चंचल) मेला अध्यक्ष व प्रधान रामनिवास (पप्पू वर्मा) की ओर से दीप जलाकर किया गया। इस आयोजन में मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष व प्रधान रामनिवास (पप्पू वर्मा), प्रेम शंकर गुप्ता, लकी वर्मा, कूम्मू पांडे, उमाशंकर, सुमेर, मो. आमीन उर्फ बादशाह, सुल्तान अहमद, असगर अली, रजनीश गुप्ता, सूर्या कश्यप, मुकेश कश्यप, रमेश, फैज आलम, मो. कय्यूम, मोहम्मद कैफ, मुन्नू, मो. जीशान आदि सहित क्षेत्र वासियों की ओर से दीप जलाने का सिलसिला शाम ढलते ही शुरु किया गया। मौजूद श्रद्धालुओं ने भी दीपदान में सहयोग किया। देखते ही देखते तीर्थ जलाशय 21 हजार दीयों की रोशनी से जगमगा उठा। मेला में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने तीर्थ की परिक्रमा कर अपनी मन्नतें मांगी। इस दौरान असगर अली सिद्दीकी की ओर से मशहूर भव्य आतिशबाजी की प्रस्तुति की गई। जिससे आसमान में छायी सतरंगी छटा को देखकर मौजूद श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होते रहे। मेला की गतिविधियों की जानकारी मंच संचालक नंदकिशोर मिश्रा उर्फ नंदी की ओर से दी जाती रही।

# हॉस्पिटल से भागा शातिर बदमाश, लापरवाह सिपाही हुए निलंबित

जन एक्सप्रेस | उरई

**10 नवम्बर को हुई मुठभेड़ में दाहिने पैर में लगी थी गोली**



**उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के फैक्ट्री एरिया में 10 नवम्बर को एसओजी, कोतवाली पुलिस व सर्विलांस टीम के साथ इस फर्जी दरोगा की मुठभेड़ हुई थी। जिसमें इसके दाहिने पैर में गोली लगी थी। इसीलिए इसे इलाज के लिए हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां रविवार की रात को यह पुलिस को चकमा देकर घायल हालत में फरार हो गया। बता दें कि पुलिस अभिरक्षा से फरार हुए फर्जी दरोगा के खिलाफ अलग-अलग इलाके में 21 आपराधिक मामले दर्ज हैं, और यह कई बार जेल भी जा चुका है।

पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुआ फर्जी दरोगा बनकर लोगों से रंगदारी वसूलने वाला शातिर अपराधी उपचार के दौरान पुलिस को चकमा देकर अस्पताल से फरार हो गया। घटना की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया, और एसपी ने तत्काल ड्यूटी पर तैनात दो लापरवाह सिपाहियों को निलंबित कर दिया। वहीं एसपी ने कई टीमें में गठित कर शातिर अपराधी की खोज में लगा दी गई है। जिसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पूरा मामला कानपुर के लाला लाजपत राय हैलट हॉस्पिटल का है। इस हॉस्पिटल में पुलिस मुठभेड़ में घायल शातिर बदमाश जितेंद्र सिंह परिहार (फर्जी दरोगा) को इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। बल्कि इस दरोगा की देखरेख के लिए उरई कोतवाली में तैनात सिपाही दीपेंद्र और सिपाही तेज सिंह को लगाया गया था। मगर इन दोनों सिपाहियों को चकमा देकर शातिर बदमाश जितेंद्र सिंह हैलट अस्पताल से घायलावस्था में ही फरार हो गया।

जैसे ही इसकी जानकारी ड्यूटी पर लगे सिपाहियों को हुई तो उन्होंने यहां-वहां खोजना शुरू किया। मगर कहीं भी इस शातिर बदमाश के बारे में पता नहीं लगा तो उन्होंने उच्च अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया। फर्जी दरोगा के भागने की जानकारी जैसे ही जालौन पुलिस को हुई विभाग में हड़कंप पहुंच गया। वहीं एसपी ने लापरवाही बरतने वाले ड्यूटी पर तैनात उरई कोतवाली के सिपाही दीपेंद्र और तेज सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी। इस बारे में जालौन के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने बताया कि कानपुर पुलिस के सहयोग से जालौन पुलिस की टीमें गठित की गई है। इस शातिर बदमाश की तलाश की जा रही है। जल्द ही इसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## शॉर्ट सर्किट से परचून की दुकान में लगी आग, लाखों का माल स्वाहा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली के राठ रोड पर मोनी मंदिर के पास बीती देर रात शाट सर्किट के चलते परचून की दुकान में आग लग गई। दुकान में रखा लाखों रुपए का माल जलकर स्वाहा हो गया। शहर कोतवाली क्षेत्र में राठ रोड़ स्थित मोनी मंदिर के समीप परचून की बड़ी दुकान है। बताया गया कि दुकान मालिक अमित कुमार उसे रोज की तरह बंद करने के बाद घर चला गया था। जिसमें अज्ञात करणो के चलते बीते दिन देर रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग इतनी बढ़ गई कि आग की लपटे ऊंची ऊंची उठने लगी। इस दौरान दुकान में लगी भीषण आग को देखकर हड़कंप मच गया, और उन्होंने सूचना दमकल कर्मियों को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकल गर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद दुकान में लगी भीषण आग पर काबू पाया, तब तक दुकान में रखा परचून का सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया।

# प्राचीन साई बाबा मंदिर पर हुआ एक दिवसीय मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस | पनवाड़ी/महोबा



विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिमरिया बुढेरा में हर साल की भांति क्योलारी नदी के घाट पर साई बाबा का मंदिर स्थापित है जो बरसों पुराना है जहां पर दीपावली पर्व के दूसरे दिन मेले का भव्य आयोजन किया जाता है वही मंदिर प्रांगण पर दूर-दूर से ग्रामीण क्षेत्रों से आए 2 दिन से व्रत एवं मौन धारण किए मोर पंख लेकर मोनिया एवं दिवारी नृत्य कलाकारों के द्वारा अपनी अपनी कला का प्रदर्शन कर दिवारी नृत्य किया जाता है यहां दूर-दराज से आए मेला देखने वालों की हजारों से भी ज्यादा संख्या देखी जाती है जहां पर मेला में महिलाओं की संख्या अधिक देखी जाती है जहां पर 1 दिन पहले से दुकानदार अपनी अपनी जगहों पर अपनी दुकानें लगाते हैं।

साई बाबा मंदिर प्रांगण में सुबह से लेकर देर शाम तक भजनों का प्रोग्राम चलता है इसमें अहम भूमिका ग्राम प्रधान लोधीपुरा एवं बुडेरा प्रधान की अहम भूमिका होती है जो लाइट एवं पानी की व्यवस्था स्वयं अपने से करते हैं एवं जगह-जगह टैंकरों के द्वारा पानी की व्यवस्था की जाती है जो एक सराहनीय कार्य रहता है वही मेला प्रांगण में लगे हुए झूलों का आनंद लेते बच्चे आपको एक दिवसीय मेले में हर प्रकार की दुकान मिलेंगी चाहे वह घरेलू उपयोग वस्तुओं की दुकान है या फिर से सब्जी वगैरह खाने पीने की हर दुकानें एक दिवसीय मेले में देखी जाती हैं वहीं ग्रामीणों के द्वारा साई मंदिर प्रांगण में आकर प्रसाद चढ़ाया जाता है एवं मंदिर एक आस्था का केंद्र है वही सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन में फोर्स के सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैदी के साथ देखे जा रहे हैं क्योंकि मेले में महिलाओं की संख्या अत्याधिक होती है।

# ब्रह्मकुमारीज महोबा द्वारा सदभावना भवन में भव्य दीपोत्सव मनाया गया

जन एक्सप्रेस | महोबा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, महोबा द्वारा राठ रोड स्थित नवनिर्मित सदभावना भवन में दीपावली का पर्व दिव्य और अलौकिक रीति से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर महोबा क्षेत्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुधा बहन ने दीपावली का आध्यात्मिक मर्म समझाते हुए कहा कि आज कलियुग के अंतिम समय में मानव मन अनेक विषय विकारों और व्यसनों से दूषित हो गया है। इसलिए मनुष्य आत्मा की ज्योति धुंधली हो गई है अर्थात वह दुःख, अशांति, चिंता, रोग, भय इत्यादि के अंधकार से घिर गया है। इसलिए संगम युग में ज्ञान सूर्य महाज्योति परमपिता परमात्मा शिव, ब्रह्मा के साकार माध्यम द्वारा मानव आत्माओं को सत्य गीता ज्ञान की रोशनी देकर उनकी जन्म जन्मांतर से बुझी ज्योति को जगा रहे हैं। उन्होंने कहा जैसे दिवाली पर हम पहले घर की गन्दगी साफ करके पुताई आदि करते हैं फिर दीप जलाकर श्री लक्ष्मी का आह्वान करते हैं।

ठीक उसी प्रकार यदि हमें धन, धान्य, सुस्वास्थ्य और सच्चे मन की शांति पानी है। परमात्मा शिव से दिव्य गुणों और शक्तियों का वरदान पाना है, तो सर्वप्रथम हमें अपने अंतरदर्शन द्वारा मन से अवगुण, विकारों और व्यसनों का कचरा साफ करना होगा फिर पवित्र मन द्वारा परमात्मा की स्मृति अथवा राजयोग ध्यान और सत्य गीता ज्ञान की साधना करनी होगी। तभी हम परमात्मा से सच्चा सानिध्य स्थापित करके अपनी और अन्य आत्माओं की ज्योति को प्रदीपित का सकेंगे और यथार्थ में आत्म दीपकों को जगाना ही,सच्ची दीपावली मानना है।

इस अवसर पर जिला पंचायत के अधिकारी, उमेश चंद्र यादव, ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि दीपावली ऐसे समय आयोजित होती है, जब नई फसल आ रही होती है। लोग उमंग उल्लास से भरपूर होते हैं। घरों की पुताई रंगाई की जाती है ताकि विषैले कीट, पतंगों से बचाव हो सके। इसी प्रकार आध्यात्मिक दृष्टि से हमें मन और आत्मा के अंदर झांक कर बुराइयों की मैल और धूल साफ करना है। तभी हम मन से ईश्वर की याद कर सकेंगे तथा सुख, शांति और

## अनियंत्रित होकर खंभे से टकराई बाइक, अधेड़ घायल की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुकर गांव में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से टकराई गई। जिससे बाइक चालक घायल हो गया, और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जालौन कोतवाली क्षेत्र के मकरंदपुर गांव निवासी बलवान 40 वर्ष पुत्र रूप सिंह कुशवाहा बीमार गाय की दवाई लेने बाइक से उरई आया था। वापस लौटते समय अनियंत्रित होकर खंभे से बाइक टकरा गई। जिससे वह घायल हो गया।मौजूद लोगों ने घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख पुकार शुरू हो गई। खबर मिलते ही मौके पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूंछतांछ शुरू कर दी। बताया गया कि मृतक एक गरीब किसान था और वह खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है।

# बेशक, बेहद कठिन है कृष्ण उपासक बुंदेलों की मौन साधना

जन एक्सप्रेस | विजय प्रताप सिंह



**महोबा।** शौर्य, साहस और पराक्रम के लिए देश दुनिया मे मशहूर बुंदेलखण्ड की धरती ने धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में भी इतिहास रचा है। प्रमुख अवसरों एवम तीज-त्योहारों पर यहां भक्ति और श्रद्धा की अनूठी बयार बहती है। दीवाली के मौके पर गोवर्धन पूजा पर समूचे विंध्य क्षेत्र में प्रचलित मौनिया पूजा कृष्ण उपासकों की एक ऐसी कठिन साधना है जो अपने आप मे अनूठी एवम अद्वितीय है। इस पर्व पर यहां जगह-जगह आयोजित होने वाले मोनिया मेला लोक संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा भी है।

उत्तर भारत मे दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा का पर्व अत्यंत धूमधाम से मनाया जाता है। द्वापर में देवराज इंद्र के प्रकोप से ब्रज को बचाने के लिए भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली में धारण करने के प्रसंग से जुड़ी कथा के आधार पर भक्त इसे अत्यंत श्रद्धाभाव से मनाते है। बुंदेलखंड में इसके आयोजन की खास परंपरा है। यहां इस पर्व पर महिलाएं घरों में गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत का प्रतीक बनाती है और उसका विधि-विधान से पूजन-अनुष्ठान करती है। जबकि दूसरी तरफ पुरुष वर्ग इस अवसर पर कृष्ण उपासना में मौन साधना के अत्यंत कठिन ब्रत का पालन करते है। वह पूरे दिन अन्नत्याग करके मौन ब्रत धारण कर सप्तकोसी परिक्रमा करके देवालयों में ईश्वर को माथा टेकते है। बुंदेलखंड में मौन साधना की परंपरा अपने आप मे अनूठी है। इसके तहत कृष्ण भक्त सुबह किसी पवित्र नदी अथवा सरोवर में स्नान के साथ ही मौन ब्रत धारण करते है जिसे पूरे दिन अत्यंत कठिनाईयो के साथ पारण किया जाता है।

मौन ब्रत धारण करने वाले इन साधको को स्थानीय भाषा मे मोनिया कहा जाता है और उनकी साधना को मौन चराना कहते हैं। यह सभी मोनिया हाथ मे मोरपंखों की मूठ लेकर अपने-अपने समूह बनाकर पूरे दिन में सात कोस की परिक्रमा यात्रा पूर्ण करते हैं। इस दौरान वह मार्ग में पड़ने वाले सभी मंदिरों व देवस्थलों में विराजित देवी-देवताओं का दर्शन पूजन करते हुए चलते हैं। देर शाम अपनी निर्धारित परिक्रमा पूर्ण होने पर वापस घर पहुंचने पर मोनियों का गो-पूजन के उपरांत ब्रत सम्पन्न होता है। जहां तक मोनियों की साधना का प्रश्न है वह बेहद कठिन होती है। उन्हें पूरे दिन मौन ब्रत का पालन करना होता है। किसी भी वस्तु की आवश्यकता होने पर वह केवल इशारों के माध्यम से ही लोगो को जानकारी देते है। क्योंकि मौन व्रत टूटने पर साधक को अत्यंत कड़ी सजा का प्रावधान होता है। मौन साधना की परंपरा में ब्रत तोड़ने पर दोषी ब्यक्ति को उसके अन्य सभी साथी जमकर पीटते है। मौन ब्रतधारी ब्यक्ति को पानी पीने के लिए विशेष प्रक्रिया अपनानी पड़ती है। उसे बगैर हाथ लगाए पशुओ की तरह सीधे मुंह लगाकर पानी पिलाया जाता है।

कहते है कि एक बार मौन साधना से जुड़ने वाले ब्यक्ति को लगातार 14 सालों तक इस परंपरा का निर्वहन करना पड़ता है। यह अवधि पूर्ण हो जाने पर साधक यहां चित्रकूट, ओरछा, मथुरा आदि जाकर अपनी साधना, अनुष्ठान को पूर्ण (उद्यापन) करते है। समाजसेविका सरस्वती वर्मा बताती है कि गोवर्धन पूजा द्वापर युग की उस महत्वपूर्ण कथा से जुड़ी है जिसमे भगवान कृष्ण द्वारा देवराज इंद्र के अहंकार को तोड़कर विशाल गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली में धारण करके ब्रज वासियों की रक्षा की गई थी। बुंदेलखंड में इसे अनूठी मौन साधना द्वारा सम्पन्न किया जाता है। मौन साधक इसके माध्यम से भगवान को प्रसन्न करके अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु प्रार्थना करते है।

## अज्ञात कारणों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली के मोहल्ला नया पटेल नगर में अज्ञात कारणों के चलते युवक ने घर में ही फांसी लगा ली। जिसमें दम घुटने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी अनिल निरंजन 32 वर्ष पुत्र गिरजा निरंजन ने घर के कमरे में फांसी लगा ली। फांसी पर लटक रहे युवक के शव को देखकर परिजनों में चीख- पुकार शुरू हो गई। परिजनों लोगों की मदद से उसे फांसी के फंदे से उतारकर जिला अस्पताल ले गए। जहां पर मृत्यु घोषित कर दिया और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# सड़क हादसे में सास व दामाद की मौत: मां-बेटी घायल, हालात गम्भीर

जन एक्सप्रेस | कुठौंद

**सास, साली व उसकी मासूम पुत्री को बाइक पर बैठा कर जा रहा था युवक, नैशनल हाईवे पर कार की भिड़ंत में हुआ हादसा**

थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार दामाद व सास की मौत हो गई जबकि मां व मां बेटी गम्भीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल मां बेटी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मदनेपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद उर्फ टिंकू 38 वर्ष पुत्र बाबूराम अपनी सास रामजानकी 70 वर्ष साली संजना गुलाबी भतीजी लक्ष्मी 6 वर्ष को बाइक पर बैठा कर घर से जालौन की ओर जा रहा था। बताया गया है कि तभी जालौन औरैया नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार भाग रही एक्सयूवी कार ने ग्राम मदनेपुर के पास बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार मासूम सहित चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें बाइक पर सवार मासूम सहित चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया गया कि घटना के बाद कार सवार नीचे उतरा और उसने सड़क पर घायल पड़े दामाद व सास सहित मां बेटी को तत्काल राहगीरों की मदद से अपनी कार में बैठाकर कुठौंद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने दामाद व सास को मृत घोषित कर दिया। वही घायल साली व उसकी बेटी की हालत नाजुक होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया और मामले की सूचना उनके परिजनों को देने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों में चलाया गया चेकिंग अभियान

जन एक्सप्रेस | महोबा

पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा जनपद में एक अन्तराल के बाद खुलने जा रहे विभिन्न बैंकिंग, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों के सत्यापन व असामाजिक तत्वों में पैनी नजर रख उनकी सघन चेकिंग किये जाने के निर्देश जनपदीय पुलिस के समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारी, चौकी प्रभारियों को निर्गत किए गए थे, जिसके क्रम में जनपदीय पुलिस बल द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया। इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया। जनपदीय पुलिस बल द्वारा बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी।

इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

ज्ञातव्य हो कि पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस बल द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अन्तर्गत पडने वाली बैंको, वित्तीय संस्थानों में जाकर निरन्तर संदिग्धों व असामाजिक तत्वों की चेकिंग तथा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

जन एक्सप्रेस | उरई

शहर कोतवाली क्षेत्र में चुर्खी रोड पर ग्राम पडूली में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों द्वारा मारपीट के बाद उसे नशीला पदार्थ खिलाने का आरोप लगाया जा रहा है।

महोबा के पनवाड़ी निवासी यशपाल सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह ने बताया कि उसका भाई शिवराज सिंह 25 वर्ष शहर कोतवाली के पडूली गांव में मकान बनवाकर रह रहा था। जो आटो वायरिंग मिस्त्री था, और शहर में ही दुकान चलाकर अपने भरण पोषण कर रहा था। बताया गया है कि युवक का शहर मे जेल के पीछे रहने वाली विशेष समुदाय की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मामले की जानकारी जब युवती के घर वालों को हुई तो पिता ने शिवराज सिंह को मिलने की बात कहकर बुला लिया। शिवराज के पिता का आरोप है कि युवती के परिजन दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसके पुत्र के साथ पहले मारपीट की और बाद में उसे विषाक्त पदार्थ खिला दिया। जिससे उसकी की हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ते देख परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज ले गए। जहां नाजुक हालत होने पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे झांसी के लिए रेफर कर दिया। लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी जब शहर कोतवाली पुलिस को मिली तो पुलिस ने मृतक के पिता राजेंद्र की तहरीर पर नवाब खान मंसूरी निवासी जेल के पीछे व दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

# वर्षों पुराने ऐतिहासिक अकौना के मौनिया मेले का एएसपी ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस | महोबा



महोबा जनपद के अकौना गांव में चलने वाले पांच दिवसीय मौनिया मेले का शुभारंभ जिले के अपर पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर किया है। बुंदेलखंडी लोक कलाओं और दिवारी नृत्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई वर्षों से संचालित मेले में सहभागिता करने वाले युवकों को एएसपी ने सम्मानित भी किया और संदेश दिया कि इस प्रकार के मेलों से बुंदेलखंड की परंपराएं जीवित चली आ रही हैं और लोग अनेक प्रकार के कर्तव्य करके शरीर को फिट रखने का भी संदेश देते हैं।

बुंदेलखंड का महोबा कृष्ण भक्ति में लीन है। दीपावली पर्व के बाद मैनिया हाथों में मोर पंख लेकर भगवान कृष्ण की पूजा आराधना कर रहे हैं। तो वहीं ग्वाले इस पर्व में मौनियां व्रत रखने के बाद दिवारी नृत्य कर भगवान कृष्ण द्वारा कंस वध की खुशियां मनाई जा रही है। जनपद के जैतपुर विकासखंड में कई वर्षों से चले आ रहे पांच दिवसीय मौनिया मेले का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने फीता काटकर किया। इस मेले में सैकड़ो की तादाद में महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए। जहां पर ग्राम प्रधान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ग्वालो ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को अचंभित कर दिया।

हाथों में लाठियां लेकर एक दूसरे पर प्रहार करते युवक ढोल की थाप में थिरकते नजर आए, ऐसा लगे रहा था मानो कोई जंग का मैदान सजा हुआ हो। यही नहीं इसके अलावा साइकिल और बाइक से संबंधित कर्तव्य देख लोगों ने दातों तले उंगलियां दबा ली। अकौना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गोपाल कुशवाहा बताते है कि दीपावली पर्व के मौके पर गोवर्धन पूजा के बाद यह मेला हर वर्ष लगता है जिसमें अकौना गांव सहित आधा दर्जन गांवों के लोग इकट्ठा होते है।

वहीं इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने कहा कि दिवारी नृत्य बुंदेलखंड की धार्मिक परंपरा है जिसे लोग आज भी निभाते चले आ रहे है। भगवान कृष्ण से जुड़ी लीलाओं की झलक इस पर्व में है। साथ ही इससे लोगों को आपसी एकता के अलावा शरीर को स्वस्थ रखने का भी संदेश मिलता है। इस मौके पर संयुक्त मीडिया क्लब के बुंदेलखंड प्रभारी, इरफान पठान, अमित श्रोतिय भी मौजूद रहे।

## सोमवती अमावस्या पर भक्तों ने लगाई गोरखगिरि परिक्रमा

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** दीपावली के अगले दिन कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने आज सुबह तड़के गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाई एवं रास्ते में विराजमान सभी देवी-देवताओं को नमन किया। साथ ही विश्व युद्ध की विभीषिका से दुनिया को बचाने के लिए प्रार्थना की। शिवतांडव मंदिर में परिक्रमा संपन्न होने के बाद बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने कहा कि दुनिया जिस तेजी से विश्व युद्ध के भंवर में उलझती जा रही है, इससे पूरी मानव सभ्यता पर संकट के बादल छा गए हैं। ईश्वर से हम प्रार्थना करते हैं कि इस युद्ध विभीषिका से सबको बचाए। सोमवती अमावस्या जैसे पावन अवसर पर तीर्थों की परिक्रमा व पूजा-पाठ विशेष फलदायी होती है। गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा का महत्व भी चित्रकूट के कामदगिरि के समान माना गया है।

# बीच सड़क बाइक खड़ीकर शराबियों ने मचाया उत्पात

जन एक्सप्रेस | महोबा



बीच सड़क पर दो शराबियों का उत्पात देखने को मिला है, जहां बाइक को खड़ा कर शराबी अराजकतत्वों ने ट्रैफिक पुलिस कर्मी के साथ न केवल अभद्रता की बल्कि धक्का मुक्की करते हुए गाली गलौज तक कर डाली जिसका वीडियो भी कमरे में कैद हुआ है। शराबी दबंग की गुंडई खुलेआम सड़क पर होती रही और मौजूद भीड़ तमाशबीन बनी रही। वर्दीधारी को सरेआम बेइज्जत किया गया जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची शहर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को दबौच लिया है जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

दरअसल यह पूरा मामला महोबा शहर के जिला अस्पताल मुख्य गेट का है। जहां पर बीच सड़क में शराबियों ने बाइक खड़ी कर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। बीच रास्ते में बाइक खड़ी होने से यातायात बाधित होता देख ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मी अजय मौके पर पहुंचा और बाइक हटाने के लिए दोनों युवकों से कहा तो शराब के नशे में धुत दोनों दबंग भड़क उठे और देखते ही देखते सिपाही से ही भिड़ गए। दोनों शराब के नशे में इस कदर धुत थे कि उन्हें इस बात का ख्याल ही नहीं रहा कि उक्त ट्रैफिक पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी को अंजाम दे रहा है और उसके साथ धक्का मुक्की करते हुए गाली गलौज पर उतारू हो गए। वर्दीधारी अपनी ड्यूटी का हवाला देखकर उन्हें समझाने का तमाम प्रयास करता रहा लेकिन शराबी युवकों को इसका कोई असर होता नहीं दिखाई दिया बल्कि उल्टा वह लड़ने पर आमादा हो गए। बीच सड़क पर वर्दीधारी को अपमानित होता देख लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। जिसमें पुलिसकर्मी के साथ दोनों शराबी युवक अभद्रता कर रहे हैं। दबंग शराबियों की करतूत बढ़ता देख सिपाही ने तत्काल शहर कोतवाली पुलिस को फोन पर सूचना दे दी। ऐसे में शहर कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो दोनों शराबियों ने दौड़ लगा दी जिन्हें भागता देख पुलिस ने एक शराबी युवक को धर दबौचा है, जबकि दूसरा दबंग मौके से फरार हो गया। सरेआम वर्दी धारी को अपमानित करने के मामले को लेकर पुलिसकर्मियों में भी आक्रोश है। पुलिस ने एक आरोपी को सलाखों के पीछे हवालात में बंद कर दिया है दूसरे की तलाश को लेकर छापेमारी की जा रही है। बताया जाता है कि दोनों ही शराबी युवक आए दिन अस्पताल के इर्द गिर्द अराजकता फैलाने का काम करते हैं। ऐसे में पुलिस ने दूसरे की पहचान के लिए मुखबारों को भी लगा दिया है। शहर कोतवाल उपेंद्र बताते हैं कि जल्दी दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार होगा और दोनों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही भी होगी।

## खेत से निकलने की रंजिश मे दो पक्ष भिड़े

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** खेत से निकलने के विवाद में दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। यही नहीं महिला के साथ छेड़खानी करने के भी आरोप लग रहे हैं। इस मारपीट में पीड़ित पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार इस कदर खौफ में है कि गांव से पलायन करने की बात कह रहा है। पूरे मामले की शिकायत थाना पुलिस से करते हुए नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। दरअसल आपको बता दें कि यह पूरा मामला जनपद के कबरई थाना क्षेत्र अंतर्गत कहरा गांव का है। जहां खेत से निकलने को लेकर इंद्रपाल प्रजापति का गांव में रहने वाले रज्जू सिंह से पुराना विवाद चल रहा है। आरोप है कि इसी विवाद के चलते रज्जू सिंह शराब के नशे में पीड़ित के दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगा और हद तो तब हो गई जब उसने इंद्रपाल की पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए उसका हाथ पकड़ लिया जिसका विरोध करने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।

# तालाब में उतराते मिले पांच दिन से लापता युवकों के शव

**✻ नाराज परिजनों ने हाईवे पर लगाया जाम, पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिलाकर मनाया**

जन एक्सप्रेस | बहराइच



जिले के जरवलरोड थाना क्षेत्र के एक ही गांव के दो युवक बीते पांच दिन से लापता थे। दोनों के परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। सोमवार को दोनों के शव गांव के पास तालाब में उतराते मिले। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोनों मृतकों के परिजन हाइवे पर आ गए और रास्ता जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी ने कड़ी कार्रवाई का आश्वाशन देकर जाम हटाया। गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।
जरवलरोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद के मजरा चुरईपुरवा निवासी महेश (37) व राजू (23) पांच दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गए थे। जिसके बाद से परिजन दोनों की तलाश कर रहे थे। परिजनों ने जरवलरोड़ थाने पर तहरीर देकर पुलिस से भी दोनों को तलाशने की मांग की थी। लेकिन आरोप है पुलिस लापरवाह बनी रही और परिजनों से स्वयं ढूंढने को कहकर वापस कर दिया। इसी बीच सोमवार को थाना क्षेत्र के रिठौढा में लखनऊ-बहराइच हाइवे किनारे स्थित लोहिया तालाब में दोनों के शव उतराते मिले। एक साथ दो शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। रोते बिलखते परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं इस दौरान परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने लखनऊ-बहराइच हाइवे जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी दद्दन सिंह ने परिजनों का मान-मनौव्वल कर जाम हटाया। थाना प्रभारी दद्दन सिंह ने बताया की शवों को कब्जे में लेकर पोटमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
परिजनों ने मृतकों के शरीर पर चोट के निशान होने की बात कहकर हत्या की आशंका व्यक्त की है।
हाइवे पर बिलख रहे परिजनों ने आरोप लगाया कि अगर थाना प्रभारी गंभीरता से दोनों की तलाश करते तो उनकी जान बच जाती। दो-दो मौत से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## दीपावली के अवसर पर बीसीएम में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के बलरामपुर चीनी मिल बलरामपुर मे आफीसर्स क्लब द्वारा दीपावली के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदधाटन गणेश जी की पतिमा पर दीप पज्जलन एवं माल्यार्पण करके चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक निष्काम गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी मिताली गुप्ता ने किया।
जानकारी के अनुसार दीपावली के अवसर पर बीसीएम के ऑफिसर्स क्लब में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए निष्काम गुप्ता ने कहा दीपावली का त्योहार हमारी धार्मिक और सामाजिक विरासत है । इसको उसी भाव से मनाया जाना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियां हमारी पुरानी धरोहर को सहेज सकें। इस अवसर पर आकर्षक आतिशबाजी का आयोजन भी किया गया था। क्लब के सदस्यों ने विभिन्न गेम्स भी खेले और पुरस्कार प्राप्त किए। कार्यक्रम का सुरुचिपूर्ण संचालन प्रधान प्रबन्धक मानव संसाधन राजीव अग्रवाल ने किया । उन्होने मजेदार चुटकुले और शायरी से सबका मनोरंजन किया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों को उपहार भी दिया गया।
इस अवसर पर प्रधान प्रबन्धक यांत्रिक योगेन्द्र बिष्ट, प्रधान प्रबन्धक इन्जीनियरिंग महेन्द्र अग्रवाल, प्रधान प्रबन्धक कामर्शियल बी0 एन0 ठाकुर, ओ0पी0एस0 यादव, उदयवीर सिंह, संजय सेन गुप्ता, श्रीनिवास सिह, दिनेश सिंह चौहान, अशोक कुमार चतुर्वेदी, हरीश सिंह, एस0 पी0 सिंह, दीपाली अग्रवाल, निधी अग्रवाल, दीपिका ठाकुर व मंजू बिष्ट सहित सभी क्लब सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे।

### अयोध्या में बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई अन्नकूट महोत्सव

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** प्रभु श्री राम की नगरी में सभी मंदिरों में मनाई गई अन्नकूट महोत्सव ये भगवान राम के अयोध्या वापस आगमन पे सभी अयोध्या वासियों ने 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया वही परंपरा अभी तक चली आ रही है जो अयोध्या के वासी हैं वह आज के दिन 56 प्रकार का व्यंजन तैयार कर अपने प्रभु के चरणों में समर्पित करते हैं आज श्रृंगार भवन मंदिर के महंत बृजमंगल शरण शुक्ला के यहाँ भी इसी प्रकार से तैयारी की गई उसके बाद बड़े ही उत्साह के साथ अन्नकूट महोत्सव मनाया गया कार्यक्रम में तमाम साधु संतों के साथ पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने भी प्रसाद ग्रहण किया जिसमें येलो जोन प्रभारी एस आई प्रदीप सिंह चौधरी, जल पुलिस प्रभारी रुबे प्रताप मौर्य,कांस्टेबल नित्यानन्द यादव एल आई यू के संतोष कुमार, अभिषेक यादव, रामविलास व ओमप्रकाश सैनी शामिल रहे।

## विधायक प्रतिनिधि और नपं अध्यक्ष ने गरीब बच्चों संग मनाई दिवाली, मिठाई और पटाखे बांटे

जन एक्सप्रेस | मिहीपुरवा, बहराइच



जिले के मिहींपुरवा आर्दश नगर पंचायत में% दिवाली दिल से, आओ मिलकर मनाओ खुशियां% की थीम पर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बीजेपी युवा नेता तथा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल और नगर पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र मद्धेशिया ने बस्तियों में पहुंचकर गरीब बच्चों के संग दिवाली मनाई बच्चों को उपहार स्वरूप मिठाई और पटाखे का वितरण किया।
विधायक प्रतिनिधि श्री जिंदल और नगर पंचायत अध्यक्ष श्री मद्धेशिया झोपड़ पट्टी में पहुंचे दोनों लोगों ने गरीब बच्चों और बुजुर्गो से मुलाकात की सभी को दीपावली की बधाई दी और कहा कि खुशी के इस त्यौहार को सब लोग मिलजुल कर आपसी सौहार्द पूर्वक वातावरण में मनाएं। दोनों जनप्रतिनिधि ने विधानसभा और नगर पंचायत के जरही मे घसीटे लोधी उर्फ आज़ाद और गुलाल पूरवा में रमेश गौतम के घर दीप जलाकर दीपावली मनाई। इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों के बीच बिस्कुट, नमकीन, मिठाई, पटाखे, कपड़े, चॉकलेट आदि का वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता रामादल मौर्य, रामनरेश पासवान, अमित वाल्मीकि, दिनेश रावत, रामू वर्मा, शोभाराम वर्मा, राजू पासवान इत्यादि उपस्थित थे।

## डब्ल्यू0एच0ओ0 के सात सूत्रीय नियमों का पालन करें प्रत्येक नागरिक : अमिताभ सिंह

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

**✻ महिलाओं के जागरूक होने से स्वस्थ होगा परिवार : राम गोविंद मौर्य**

जनपद अंबेडकरनगर के ब्लॉक बसखारी में डिटोल बनेगा स्वस्थ इंडिया और जागरण पहल के संयुक्त तत्वावधान डिटोल डायरिया नेट ज़ीरो कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से छः साल के बच्चो के लिए ब्लॉक के 11 गुलाबी दीदी का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जो अपने क्षेत्र के 800 से 1000 गुलाबी दीदी को बच्चो को डायरिया से बचाव व डब्ल्यू0 एच0ओ0 के सात सूत्र पर प्रशिक्षित करेगी।
और गाँव-गाँव जाकर जागरूकता की मुहिम को आगे बढ़ाने के साथ प्रशिक्षित करेगी। ब्लॉक के समस्त गाँवो में अपने डब्ल्यू0 एच0ओ0 के सात सूत्रीय कार्यक्रम के साथ जोड़ेगी द्य ब्लॉक कंसलटेंट राम गोविंद मौर्य द्वारा 11 लीड गुलाबी दीदी को डब्ल्यू0 एच0ओ0 के सात सूत्रीय कार्यक्रम के साथ प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें कार्यक्रम प्रबंधक अमिताभ सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम प्रबंधक अमिताभ सिंह ने प्रशिक्षण में आये हुए गुलाबी दीदी से कहा कि सभी देशवासी स्वस्थ जीवन जी सके यही हमारा और डब्ल्यू0 एच0ओ0 का लक्ष्य है। ब्लॉक कंसलटेंट राम गोविंद मौर्य ने कहा कि जब प्रत्येक गाँव की महिलाएं स्वस्थय के प्रति जागरूक हो जायेगी तो देश का प्रत्येक नागरिक ठीक होगा। कार्यक्रम प्रबंधक अमिताभ सिंह ने प्रशिक्षण में आये हुए गुलाबी दीदी से कहा कि सभी देशवासी स्वस्थ जीवन जी सके यही हमारा और डब्ल्यू0 एच0ओ0 का लक्ष्य है।
ब्लॉक कंसलटेंट राम गोविंद मौर्य ने कहा कि जब प्रत्येक गाँव की महिलाएं स्वस्थय के प्रति जागरूक हो जायेगी तो देश का प्रत्येक नागरिक ठीक होगा द्य इस अवसर पर विमला देवी, अर्चना मौर्या, अंतिमा, अंतिमा कुमारी, श्वेता कुमारी, प्रेमकला, सुमन, पिंकी, डेली मौर्या, प्रीति वर्मा, अंजू देवी सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

## रंगोली प्रतियोगिता से बच्चों में आती है रचनात्मकता : जेपी सिंह

जन एक्सप्रेस | अयोध्या




छात्र-छात्राओं के द्वारा स्कूल स्तर पर जो भी प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया जाता है उनका मानसिक विकास तेज होता है। उक्त बातें सी0बी0एस0 इण्टर कालेज मया बाजार अयोध्या के प्रधानाचार्य जे0पी0 सिंह ने कहा। श्री सिंह द्वारा बच्चो द्वारा विद्यालय में कार्यक्रम रंगोली प्रतियोगिता, दीपोत्सव एवं दिपावली संप्रेम भेंट पर आयोजित कार्यक्रम में कही। इस रंगोली प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चो में कलात्मक विकास होता है द्य रंगोली प्रतियोगिता में उनमें रंगो के माध्यम से चित्रात्मकता के विकास के साथ विभिन्न क्रियात्मकता का ढंग होता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जे0पी0 सिंह अध्यापक एवं अध्यापिकाएं अखिलेश मौर्य जीव विज्ञान प्रवक्ता, के. एम. पाण्डेय, दिनेश, हरिकृष्ण उपाध्याय, निखिल, राहुल, रश्मि यादव, राज लक्ष्मी सिंह, लाजो, ज्योति विश्वकर्मा, शालू मौर्या, रुबी मौर्या, आकांक्षा दूबे, आंचल यादव, प्रिया वर्मा, छात्र एवं छात्राएं पार्वती गोंड, नेहा, खुशी यादव, रिया सिंह, निष्ठा सिंह, गीत यादव, मुस्कान, कुनाल, प्रिया, अन्जू, शुभम्, राजू, मौसमी, अंशिका, आदि मौजूद रहे।

## विधान सभा बलहा को सर्वांगीण विकास के लिए जाना जा रहा है : अलोक जिंदल

जन एक्सप्रेस | मिहीपुरवा, बहराइच

विधानसभा बलहा कभी अविकसित विधानसभा के रूप में जानी जाती थी। लेकिन आज विधानसभा के हर क्षेत्र में विकास के कार्य कराए गए हैं। अब विधानसभा विकसित विधानसभा की श्रेणी में गिनी जाती है।
श्री जिंदल ने कहा कि मिहींपुरवा को आदर्श नगर पंचायत बनाने के लिए जनता का सहयोग बहुत ही महत्वपूर्ण रहा। मिहिंपुरवा नगर पंचायत में 780 लोगों को आवास योजना में शामिल किया है। जो लोग योजना से वंचित रह गये है। उन्हें भी आवास योजना से जोड़ने के लिए दोबारा सर्वे करवाया गया है। विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए बताया कि क्षेत्र में सड़को का जाल बिछाया गया है। अब लोगों को बरसात के दिनों में भी आवागमन में कठिनाई उठानी नहीं पड़ती है। गन्ना किसानों को उनकी उपज का प्राथमिकता देते हुए बिक्री के सही मूल्य मिल सके। इसके लिए मिहींपुरवा में चीनी मिल लगाने का प्रस्ताव किया जाएगा तथा क्षेत्र में परिवहन को सुगम बनाने के लिए लगभग 10 सड़कों का निर्माण कराने की मांग जनता ने उठाई है। शीघ्र ही सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव कर कार्य शुरु करा दिया जाएगा। श्री जिंदल ने कहा कि जिस प्रकार जनता ने विश्वास दिखाया है। उनके उम्मीदों पर खरा उतरना हमारी प्रथमिकता रहेगी।

## दीपावली पर्व पर निर्धनों को उपहार देकर बसंत राम ने बांटी खुशियां

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

मां शांति सेवा फाउंडेशन ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्धन परिवार को दीपावली पर्व पर उपहार देकर खुशियां बांटी, अध्यक्ष नेहा कुमारी के नेतृत्व में दीपावली के शुभ अवसर पर संस्था के संरक्षक बसंत राम ने भ्रमण कर जरूरतमंद परिवार को दीपावली में उपहार वितरित किया। संरक्षक वसंत राम ने बताया कि संस्था द्वारा स्वयं व्यवस्था कर कुछ परिवारजनों को दीप, तेल, रुई, मिठाई एवं वस्त्र वितरित कर खुशियां बांटने का कार्य किया गया। अध्यक्ष नेहा कुमारी ने बताया कि दीपावली पर्व मनाते हुए निर्धन परिवारों में भी खुशियां बांटने का कार्य किया गया दूसरों मे खुशी बांटने से ईश्वर स्वयं को भी खुशी देता है ऐसे कार्य करने से लोगों में सहायता पहुंचती है। सहयोग में चंद्र प्रकाश चौधरी, विनय प्रकाश मौर्य, इंद्रजीत, भूपेश्वर गुप्ता, अवधेश अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

## हनुमानगढ़ी मंदिर पर नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के हनुमानगढ़ी मंदिर पर मंगलवार को हनुमान जयंती के समापन अवसर पर रामाकृष्ण इंटरनेशनल तथा अमृत हॉस्पिटल लखनऊ द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण सिविल एवं ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया। जानकारी के अनुसार 14 नवंबर को हनुमानगढ़ी मंदिर पर हनुमत जयंती के समापन अवसर पर श्री रामाकृष्ण इंटरनेशनल की ओर से अमृत हॉस्पिटल लखनऊ द्वारा फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ हनुमानगढ़ी महंत महेंद्र दास, विधायक सदर पलटू राम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी देवेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका उतरौला अध्यक्ष अनूप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू, राकेश सिंह, रामकृपाल शुक्ला, अजय सिंह पिंकू व शिविर एमएलके पीजी कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे द्वारा फीता काटकर किया गया । महंत महेंद्र दास ने कहा कि जनपद वासियों को उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने के उद्देश्य से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया गया है। अमृत हॉस्पिटल लखनऊ के डायरेक्टर डॉक्टर महेश पांडे ने बताया कि उनके अस्पताल के कुशल चिकित्सकों द्वारा सभी प्रकार के रोगों का इलाज किया जाता है। अस्पताल में सभी प्रकार के जांच की सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि अस्पताल में आयुष्मान कार्ड द्वारा भी निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। निशुल्क कैंप के जरिए भी गरीबों की सेवा करने का कार्य उनकी हॉस्पिटल के स्टाफ द्वारा किया जाता है। सदर विधायक पलटू राम ने रामकृष्ण इंटरनेशनल व महंत महेंद्र दास तथा हॉस्पिटल निर्देशक को आयोजन के लिए बधाई दी। विधायक कैलाश नाथ शुक्ला व विधायक राम प्रताप वर्मा एमएलके पीजी कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे, भाजपा नेता विनय कुमार मिश्रा, प्राचार्य दिव्य दर्शन तिवारी सहित तमाम गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भी आयोजन को सराहा गया।

### भटकी वृद्ध महिला को जल पुलिस के द्वारा परिवार से मिलाया गया

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** प्रभु श्री राम की पावन नगरी में दीपावली के दूसरे दिन घूमने आई वृद्ध महिला राजरानी पति राम स्वरूप और उनका पुत्र विमलेश दुबग्गा फरीदपुर लखनऊ के निवासी हैं जो अपने परिवार से बिछड़ गई थी जिससे परिवार वालों को वृद्ध महिला को ढूंढने में काफी परेशानी हुई जो घाट पर भटक रही थी जिनको परेशान देखकर ड्यूटी पर गस्त कर रहे जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य,कांस्टेबल नित्यानन्द यादव ने पूछताछ किया तो उसने बताया कि हम घूमने आए थे और हम अपने परिवार से विछड़ गए हैं तो जल पुलिस के कठिन परिश्रम से उनके परिवार को ढूंढ कर उनके सुपुर्द किया गया जिनके कार्य को देखकर उनके परिवार के लोगों ने जल पुलिस की बहुत सराहना की व आभार प्रकट किया आए दिन जल पुलिस के द्वारा ऐसे ही सराहनीय कार्य करने की प्रेरणा औरों को मिलती रहती है।

### प्रतिमा को मिली पीएचडी की उपाधि

**जन एक्सप्रेस/कुचेरा बाजार-अयोध्या।** अहिरौली गांव निवासी प्रतिमा सिंह को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। प्रतिमा ने भूगोल विषय में डा अनामिका सिंह के निर्देशन में शोध कार्य किया था। उनके शोध का शीर्षक 卐समन्वित ग्रामीण विकास जनपद फैजाबाद उ प्र का एक प्रतीक अध्ययन卐 रहा। पीएचडी की उपाधि मिलने पर पिता दल बहादुर सिंह, पुत्रवधू माता बदल सिंह पति धीरेंद्र प्रताप सिंह, रवीन्द्र सिंह (कोटेदार )डॉ0 दुर्गेश शुक्ला पारितोष रामानुज राजन पाण्डेय संजय पाण्डेय मनोज सर सहित शुभचिन्तकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### चन्द्रबली सिंह इंटर कॉलेज द्वारा सूर्यकुण्ड में दीपोत्सव

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** रामनगरी में आयोजित भव्य दीपोत्सव के अवसर पर चन्द्रबली सिंह इंटर कॉलेज सिरसिंडा द्वारा सूर्यकुण्ड में दीपोत्सव का आयोजन हुआ कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य अविचल सिंह ने बताया कि इस बार सूर्यकुण्ड पर विशाल दीपोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा रहा छात्र-छात्राओं में गजब का उत्साह रहा बच्चे सुबह से ही दीया बिछाने कार्य प्रारंभ कर दिया था। भाजपा नेत्री स्वाति सिंह ने बताया कि अयोध्या को विश्व पर्यटन के क्षेत्र में एवं विशाल राम मंदिर बनने उपलक्ष्य में विद्यालय के प्रधानाचार्य व बच्चों द्वारा भव्य दीपोत्सव मनाया जाता है।

## कब्र से एक महीने बाद मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में निकाला गया शव

जन एक्सप्रेस | बहराइच

डीएम के आदेश पर दफनाए जाने के एक महीने बाद मजिस्ट्रेट और पुलिस की मौजूदगी में कब्र से शव निकलवाया गया। मृतक की पत्नी ने जहर खिलाकर हत्या का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की थी। शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।
जरवलरोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद निवासी हमजा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी। परिजनों ने शव को कब्रिस्तान में 15 अक्टूबर को मुस्लिम रीति रिवाज से दफना दिया था। मृतक हमजा की पत्नी रिजवाना बेगम ने पति को जहर खिलाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की थी।जिलाधिकारी के आदेश पर मंगलवार को नायब तहसीलदार जरवल पीपी गिरी, प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड ददन सिंह, उपनिरीक्षक अनिल कुमार, लव कुमार सिंह,राजस्व निरीक्षक वाहिद कमाल भारी पुलिस बल के साथ मुस्तफाबाद कब्रिस्तान पहुंच गए। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मृतक के शव को कब्र से निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## दिव्यांग बच्चों ने भी दीपोत्सव में लिया भाग

जन एक्सप्रेस | अयोध्या




मुस्कान पुनर्वास केंद्र कनीगंज अयोध्या के मूक बधिर एवं मानसिक मंदित बच्चों ने पांचवे दीपोत्सव में भाग लिया ज्ञात हो कि प्रथम दीपोत्सव समारोह से लगातार बच्चे भाग ले रहे है और उत्साह के साथ हजारों दिया प्रति वर्ष जलाते है। इस वर्ष दिव्यांग बच्चे 23 न 0 घाट पर इतनी तेज धूप के बाद भी अकेले ही दिए लगाने में व्यस्त थे उक्त अवसर पर बच्चों के साथ शिक्षक एवं शिक्षकाएँ उपस्थित थी जो सांकेतिक मध्यम से बच्चों को समझा रहे थे। संस्था के प्रबंधक राघवेंद्र अवस्थी अस्वस्थ होने के बावजूद अपने को रोक न सकें। दीपोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित हुए। दीपोत्सव की छटा ही निराली है और मुस्कान के दिव्यांग बच्चे भी किसी से कम नहीं।

**भगवान राम की झांकी पर हुई पुष्प वर्षा जय श्रीराम, जय श्रीराम के उद्घोष के साथ गुंजायामान हुई अयोध्या**

## आने वाली पीढ़ियों के लिए मिशाल होगी पुष्प वर्षा : राजेश महाराज

जन एक्सप्रेस | अयोध्या




प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या को विश्व पर्यटन पर स्थापित करने के लिए लगातार अयोध्या का विकास किया जा रहा है। अयोध्या का नाम भगवान राम के जन्म के लिए तो मशहूर था ही किन्तु योगी आदित्यनाथ के मुख्य मंत्री बनते ही दीपोत्सव के कार्यक्रम ने और भी बेहतर बना दिया है। वर्ष 2023 का दीपोत्सव अयोध्या को कई रिकार्ड दे रहा है। भगवान राम की राम लीला का मंचन भी अद्वितीय रहा। दीपावली के एक दिन पहले अयोध्या की प्राचीन परंपरा रही है जिसको झाँकी निकाल कर मंचन किया जाता है। इसी क्रम में अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज के नेतृत्व में भगवान श्रीराम जी, माता सीता जी, लक्ष्मण जी, पवन सुत हनुमान जी के ऊपर साकेत महाविद्यालय से सभी झांकियों का फूल बरसा कर पूजन अर्चन किया गया। अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष ने अपनी टीम के साथ पुष्प वर्षा और श्री जय श्री राम का नारा का उद्घोष किया और सभी आए हुए श्रद्धालुओं सहित फूल बरसा कर भगवान राम का स्वागत किया। सभी झांकियों का स्वागत किया। झांकियों पर फूल बरसाने के बाद अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज ने कहा कि जो कार्य हमारी टीम द्वारा किया जा रहा है वह आने वाले समय के लिए एक मिशाल पेश होगी। धीरे-धीरे आने वाली पीढ़ी धर्म-कर्म, पूजा- पाठ, सनातन धर्म, संस्कृति के रास्ते पर चले यही प्रयास कर रहे हैं और हमेशा करते रहेंगे द्य इस अवसर पर श्री अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मत सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष राजेश महाराज, घनश्याम दास पहलवान, महामंत्री महगू लाल पांडे, रामबरन पांडे, रामकलप पांडेय, नंदलाल पांडेय, ननकू पांडेय, विशाल पांडेय, राहुल पांडेय, निर्मल पांडे, नवीन शर्मा, मनोज शर्मा, सूरज शर्मा, राघव शर्मा, शुभम पांडेय, बच्चा शुक्ला, सुरेंद्र यादव रविंद्र यादव, विराट पांडेय, सम्राट पांडे, स्वामी कलिकानंद महाराज, संतोष पाण्डेय मदन पांडेय हजारों तीर्थ पुरोहितों के साथ-साथ सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे।

# डगा के पास हरदोई ब्रांच नहर में चहल कदमी करते बाघ का वीडियो प्रसारित

- वन टीम ने माधोटांडा-खटीमा रोड पर मढ़ी चौराहे के पास ट्रेस किए पगचिन्ह
- बाघ को शीघ्र रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ने की मांग
- जमुनिया से बाघ निकलकर जंगल की तरफ चला गया है। टीम ने उसके पगचिन्ह देखे हैं: कपिल कुमार

जन एक्सप्रेस | प्रशांत शर्मा



### डगा के पास फिर देखा गया बाघ, मची खलबली

माधोटांडा-बाइफरकेशन रोड पर गांव डगा के पास मंगलवार को दोपहर बाद बाघ देखा गया। इससे लोगों में खलबली मच गई। शोर मचाने पर बाघ सड़क किनारे झाड़ियों से होते हुए खेतों की तरफ चला गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई दिन से बाघ देखा जा रहा है। इससे लोग खेतों पर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।



"वन विभाग की लापरवाही से बाघ कई ग्रामीणों की जान ले चुका। लगातार हो रही घटनाओं के बाद भी वन विभाग तार फेंसिंग कराने में लापरवाही कर रहा है।आबादी में घूमने वाले बाघ को शीघ्र रेस्क्यू नहीं किया गया तो वन विभाग के खिलाफ समाजवादी पार्टी धरना प्रदर्शन शुरू करने पर मजबूर होगी
-आरती महेंद्र
पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सपा।



"शाम बाघ की लोकेशन डगा पुल के पास हरदोई ब्रांच नहर में ट्रेस की गई है। रेस्क्यू प्रक्रिया के लिए पीटीआर के डीएफओ को नामित किया गया है। शीघ्र प्रक्रिया पूरी होने पर बाघ को रेस्क्यू किया जाएगा। टीम लगातार बाघ की निगरानी कर रही है।
-पीयूष मोहन,
रेंजर सामाजिक वानिकी पूरनपुर।



"जंगल में हो रही अवैध घुसपैठ से बाघ लगातार जंगल से निकलकर आबादी में पहुंच रहे हैं। एक माह में बाघ कई पशुओं को निवाला बना चुका है। बाघ के डर से किसान खेतों पर नहीं जा पा रहे हैं। जिससे उनकी फसलें भी प्रभावित हो रही है। बाघ को शीघ्र रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा जाए।
-परमजीत सिंह
समाजवादी पार्टी युवा नेता पूरनपुर।

**पूरनपुर।** आबादी क्षेत्र में घूम रहे बाघ ने सोमवार की रात को अपना ठिकाना बदल लिया। नाले की झाड़ियों से निकलकर वह दो गांव की आबादी क्षेत्र को पार करते हुए करीब छह किमी. दूर पहुंच गया। वन विभाग की टीम ने बाघ के जाते हुए पगचिन्ह ट्रेस किए हैं। वन महकमा द्वारा बाघ के वापस जंगल में लौटने की बात कही जा रही थी।शाम बाघ की लोकेशन डगा के पास नहर में मिलने से वन विभाग की मुश्किलें बढ़ गई। हालांकि वन विभाग द्वारा बाघ की निगरानी का दावा किया जा रहा है। माधोटांडा क्षेत्र के गांव जमुनिया में पखबाड़ा भर से पीटीआर के जंगल का बाघ चहल कदमी कर रहा है। कुछ दिन पहले गन्ने के खेत में बाघ के पहुंचने पर खेत के चारो तरफ खाबर लगाकर घेराबंदी की गई लेकिन बाघ खेत से निकल गया। तीन दिन पहले शनिवार को बाघ ने गांव जमुनिया के ओमप्रकाश को मार डाला। इससे आक्रोशित लोगों ने मुख्य मार्ग पर ओमप्रकाश का शव रखकर जाम लगाई और बाघ को पकड़ने की मांग की। प्रशासनिक और वन विभाग के अधिकारियों के आश्वासन पर जाम खोली। अगले दिन रविवार को बाघ ने किसान श्रीकृष्ण पर झपट्टा मारा। गनीमत रही कि उनकी जान बच गई। सोमवार को पीटीआर के डीएफओ नवीन खंडेलवाल टीम के साथ पहुंचे। ड्रोन कैमरे से बाघ की लोकेशन देखी गई। बाघ पूरेठ दिन आबादी किनारे स्थित बरसात के पानी के निकास नाले की झाड़ियों में बैठा रहा। रात को बाघ ने ठिकाना बदल लिया। बताते हैं कि वहां से निकलकर वह गांव जमुनिया, न्यूरिया मल्लपुर की आबादी को क्रास करते हुए माधोटांडा-खटीमा रोड पर मढ़ी चौराहा के पास पहुंच गया। मंगलवार की सुबह वन विभाग की टीम ने नाले से लेकर छह किमी. दूर मढ़ी चौराहा तक बाघ के पगचिन्ह देखे। टीम के मुताबिक नाले की झाड़ियों से निकलकर जंगल की तरफ चला गया है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि बाघ आबादी क्षेत्र में दहशत का पर्याय बन चुका है। उसे पकड़ना चाहिए लेकिन वन विभाग बाघ को रेस्क्यू करने के बजाए सिर्फ निगरानी कर रही है। वन एवं वन्यजीव प्रभाग पूरनपुर के डिप्टी रेंजर कपिल कुमार का कहना है कि जमुनिया से बाघ निकलकर जंगल की तरफ चला गया है। टीम ने उसके पगचिन्ह देखे हैं।

## व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष/समाज सेवी अनूप अग्रवाल फिर बने मसीहा

- मंदबुद्धि लावारिस नाबालिग किशोरी व महिला को पहुंचाया अपना घर आश्रम भरतपुर राजस्थान भेजा

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत



"सेवा ही जीवन है और इसको प्रत्येक नागरिक को करना चाहिए लोगों की सेवा करने से ही दिल को सुकून पहुंचता है जो मेरा जीवन पर्याप्त कार्य रहेगा।
-अनूप अग्रवाल
जिला अध्यक्ष, व्यापार मंडल पीलीभीत।

व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष एवं समाजसेवी अनूप अग्रवाल ने कुछ दिन पहले माधोटांडा पुलिस को गस्त के दौरान ने एक नाबालिग मंदबुद्धि किशोरी जो अपना नाम पूजा बता रही थी पता बताने में असमर्थ थी उम्र लगभग 13 साल उसको वन स्टाफ सेंटर जिला मुख्यालय पर भेजा गया था। शहर से एक महिला जिसके साथ एक साल का बच्चा था पीलीभीत कोतवाली पुलिस को रात में 12:00 बजे के करीब गस्त के दौरान लावारिस हालत में मिली दोनों की सूचना फोन पर प्राप्त होने पर उस दोनो को वन स्टॉप सेन्टर मुख्यालय जिला अस्पताल पर भेजा गया था।

वन स्टॉप सेंटर की मृदुला मिश्रा मिश्रा कर्मचारी द्वारा कागजों की समस्त कार्रवाई के उपरांत आज उनको अपने निजी खर्चे से देखभाल एवं संरक्षण व इलाज के लिए दो महिला सिपाहियों के साथ अपना घर आश्रम भरतपुर गाड़ी द्वारा भेजा गया।

इससे पहले भी समाजसेवी अनूप अग्रवाल ने बहुत ही लावारिस लोगों को अपना घर आश्रम भेज चुके हैं। पीलीभीत जिला ही नहीं मंडल के आसपास कहीं भी उनको अगर महिला या पुरुष मंदबुद्धि लावारिस की स्थिति में मिलता हैं। वह उसको शीघ्र अपने निजी खर्चे से भेजते रहते हैं। बताते चले की समाजसेवी श्री अग्रवाल अब तक करीब 149 लोगों को वह अपना घर भरतपुर भेज चुके हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अबूझ हाल में रिहायशी छप्पर व मकान में लगी आग

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन डिहियां व हैदरपुर गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में एक रिहायशी छप्पर व मकान में रखा लाखों के गृहस्थी का सामान जल गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पानी फेंक आग को काबू में किया। दोनों जगहों पर आग कैसे लगी,यह जानकारी नहीं हो सकी। डिहियां गांव के प्रधान रमाशंकर तिवारी अपने पुराने घर में लगभग 35 क्विंटल भूषा और डेढ़ लाख से अधिक कीमत की इमारती लकड़ी रखें हुए थे। वह अपना नया आवास यहां से लगभग दो सौ मीटर दूर बनाए हैं। सोमवार की आधी रात को घर के भीतर से धुएं का गुबार उठने लगा। जानकारी होते ही वे शोर मचाते हुए मौके पर पहुंच गए। आस पास के लोगों ने हैंडपंप व सबमर्सिबल पंप की मदद से आग बुझाए। तब तक भीतर रखा भूषा और लकड़ी जल गई। उन्होंने बताया कि गोशाला के लिए भूषा खरीद कर रखे थे। इसी तरह दीपावली की शाम हैदरपुर गांव के रामसजीवन यादव के छप्पर में उस समय आग की लपटे उठने लगी, जब ग्रामीण दीपावली के हर्षोल्लास में आतिशबाज़ी कर रहे थे। शोरगुल सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाई।कयास लगाया जा रहा है कि आतिशबाजी की चिंगारी से छप्पर में आग लगी होगी। अगलगी में 80 हजार से अधिक के गृहस्थी के सामानों की क्षति का अनुमान है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी किया।



### खलसहा गांव के वर्तमान ग्राम प्रधान तथा पूर्व प्रधान के घर एक ही रात भीषण चोरी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के खलसहा गांव में वर्तमान ग्राम प्रधान तथा पूर्व प्रधान के घर एक ही रात छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। बाहर हाल में सोए परिवार को छत के रास्ते घुसे चोरों ने आंगन का दरवाजा बंद कर लाक कर दिया तथा अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती जेवर चुरा ले गए। पूर्व प्रधान ओम प्रकाश यादव के घर छत के रास्ते घुसे चोरों ने नवविवाहिता बहू की अलमारी का लाकर तोड़कर उसने रखे दो सोने का हार, एक सोने की चेन, एक सोने का मांग टीका, दो सोने की अंगूठी, एक सोने का मंगलसूत्र, चांदी की करधन चुरा ले गए। जाते-जाते सामानों से भरा बक्सा भी उठा ले गए जो की घर से बाहर 500 मीटर दूर खेत में फेंका मिला। चोरी गए आभूषणों की अनुमानित कीमत लगभग 6 लाख तक बताई गई। जबकि इसी गांव के वर्तमान ग्राम प्रधान अशोक यादव के घर दो कमरों में ताला तोड़कर घुसे चोरों ने गोदरेज अलमारी का ताला कर तोड़कर उसमें रखी दो सोने की चेन, तीन सोने की अंगूठी, एक सोने का कनफूल, चार सोने का कंगन उठा ले गए। जिसकी कीमत लगभग 5 लाख बताई जा रही है। घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह होने पर गौराबादशाहपुर थाने के एस एस आई रमाशंकर पांडेय व उप निरीक्षक राम लाल ने मौके पर पहुंचकर देर तक घटना की जांच पड़ताल की।



### आतिशबाजी से कूड़े में लगी आग

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज नगर के डाकखाने तिराहे पर आतिशबाजी करते समय रविवार की देर रात कूडे की ढेर मे आग लग गई। आग विकराल रुप धारण करने पर स्थानीय लोगों के प्रयास से आग बुझाया गया। बडा हादसा होने से टल गया। डाकघर तिराहे पर मनोज गुप्ता की खाली पडी जमीन है। जिसके अगल बगल बहुत सारी दुकानें है। दीपावली के दिन देर रात तक लोग अपनी अपनी दुकानों पर पूजा पाठ कर रहे थे। बाजार में चहल पहल भी थी। इसी दौरान देर रात पटाखे की चिंगारी से उक्त खाली जमीन पर पडे कूडे के मलबे में आग लग गई। धीरे धीरे आग विकराल रूप धारण कर लिया। आस पास के दुकानदारों में खलबली मच गई। स्थानीय लोगों के प्रयास से किसी तरह आग बुझाया गया। फिलहाल किसी तरह का कोई नुकसान नही हुआ।

### ट्रेलर पलटने से चालक की मौत, शव घर पहुचते मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बदलापुर विकास खंड के मेढ़ा गाँव निवासी रामअनुज नाविक का करीब 24 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार नाविक पूना में आशिर्वाद ट्रांस्पोर्ट का ट्रेलर चलाकर अपना घर परिवार चलाता था। 11 नवम्बर दिन शनिवार की भोर में करीब 3 बजे विशाल अपने ट्रेलर एम एच- 46-एच-1687 को कराड़ से मटर आदि सामान लादकर मुम्बई पोर्ट जैन पेटी ले जा रहे थे,वह कैत्रज घाट के पास पहुचें तभी उक्त ट्रेलर का ब्रेक फेल होने से वह एक पिकअप वाहन को टक्कर मारते हुए उक्त मार्ग पर ट्रेलर पलट गया जिसमें दबकर विशाल कुमार नाविक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं उक्त ट्रेलर पर सवार सुल्तानपुर जनपद के कर सारी गाँव निवासी खलासी जियालाल निषाद बाल-बाल बच गया उसने जिसकी सूचना स्थानीय लोगों को देते हुए विशाल के स्वजनों को दिया। उधर सूचना मिलते ही कुछ घंटे में विशाल के स्वजन घटना स्थल पर पहुंच गए और जिसकी सूचना उक्त ट्रास्पोर्ट मालिक तथा पुलिस को दिए,जहां पर पूना की पुलिस शव का पंचायत नामा व पोस्टमार्टम करवाते हुए शव को स्वजनों को सौंप दिया। वहीं 13 नवम्बर दिन सोमवार को विशाल का शव मेढ़ा गाँव पहुचतें ही पूरे गाँव में कोहराम मच गया विशाल के शव को देखकर हर किसी की आखें नम हो गई।



## गरीब विधवा को सीएमओ ने दिलाया भरोसा, बोले, मैं वापस दिलाऊंगा रोजगार

- सीएमओ के आश्वासन पर वार्ड आया ने 20 नवंबर तक धरना किया स्थगित
- अपर जिलाधिकारी और सीएमओ पहुंचे धरना समाप्त कराने

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत




स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अधीन महिला अस्पताल में आउटसोर्सिंग एजेंसी अवनी परिधि से तैनात रही वार्ड आया बबिता देवी ने सांकेतिक धरना तीसरे दिन भी जारी रखा। दीपावली पर सांकेतिक धरने के तीसरे दिन अपर जिलाधिकारी राम सिंह गौतम व सीएमओ डा.आलोक कुमार महिला से बातचीत करने एवं धरना समाप्त कराने पहुंचे। गरीब विधवा बबिता देवी ने अपना दुखड़ा अधिकारियों को सुनाया और न्याय दिलाने की मांग की। सीएमओ डा. आलोक कुमार ने झूठे आरोपों में फंसाकर नौकरी से निकाली गई वार्ड आया को रोजगार वापस दिलाने का आश्वासन दिया।

सीएमओ ने कहा कि अपर जिलाधिकारी ने नोडल प्राचार्य से बातचीत कर एजेंसी संचालक से बात करने के निर्देश दिए हैं। दीपावली के अवकाश के उपरांत एजेंसी संचालक से बातचीत कर जांच रिपोर्ट के आधार पर पुनः सेवा पर रखने हेतु पत्र मंगाया जाएगा। अगर नोडल प्राचार्य ऐसा करने में विफल रहते हैं तो मैं खुद रोजगार की व्यवस्था कर आजीविका हेतु उचित स्थान दूंगा। सीएमओ के आश्वासन के बाद गरीब विधवा महिला ने 20 नवंबर तक सांकेतिक धरना स्थगित कर दिया है। हालांकि 20 नवंबर तक मांग पूरी न होने पर वह फिर से अस्पताल के बाहर सांकेतिक धरना देंगी।

### यहां लगाया गया कलंक, यहीं हो वापसी

सीएमओ से बातचीत के दौरान बबिता देवी फफक कर रो पड़ी। उसने कहा कि नौकरी जाने से अधिक कष्टप्रद झूठे आरोपों में फंसाकर कलंकित करना है। महिला ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं जिनकी पढ़ाई व पालन-पोषण यहां से मिलने वाले 9000 रुपये के मानदेय से होता है। ऐसे में एक गरीब, बेबस, विधवा, छोटे कर्मचारी से नोडल प्राचार्य स्तर के अधिकारी ने क्यों प्रतिशोध लिया। मेरी और उनकी क्या तुलना। मुझे इस अस्पताल से कलंकित कर निकाला गया है। जांच समिति ने मुझे निर्दोष पाया है, इसलिए मेरी वापसी यहीं कराई जाए जिससे मैं सामाजिक रूप से हीनभावना महसूस न करूं।

### स्टाफ, जनमानस के साथ ही सीएमओ ने भी दिया सहयोग

नोडल प्राचार्य की नियमविरुद्ध कार्रवाई से गरीब महिला की काफूर हुई दीवाली में थोड़ी खुशियां लाने के लिए स्टाफ आगे आया। जिला संयुक्त अस्पताल के स्टाफ में कार्यरत कई कर्मियों ने महिला को आर्थिक सहयोग किया। इसमें आम जनमानस के लोग भी जुड़े। साथ ही धरना समाप्त कराने पहुंचे सीएमओ ने भी महिला को आर्थिक सहयोग दिया व चिंतामुक्त होकर बेहतर ढंग से दीपावली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया। हालांकि महिला को सहयोग देने में अस्पताल के अधिकारी, लिपिक, नर्सिंग स्टाफ व चिकित्सक आगे नहीं आए। फार्मासिस्ट, आउटसोर्सिंग कर्मियों, संविदा स्टाफ व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने गरीब महिला को मदद दी।

## नगर के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी गोवर्धन पूजा का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

- गोवर्धन के दिन अन्नकूट का पर्व मनाया जाता है इस पर्व पर प्रसाद ग्रहण करने का विशेष महत्व है

**बीसलपुर।** बिलसंडा क्षेत्र में गोवर्धन पूजा का पर्व उल्लास पूर्वक मनाया गया। ग्राम पस्तोर कुइयां में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व ग्राम प्रधान कांति मिश्रा द्वारा गोवर्धन पर्वत की सुंदर रंगोली गोबर से सजाई गई तथा उसका पूजन किया गया।

गोवर्धन पर्व पर बीसलपुर के बालाजी मढ़ी पर अन्नकूट भंडारे का आयोजन नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बीसलपुर द्वारा संचालित बालाजी मढ़ी मंदिर पर गोवर्धन पर्व के अवसर पर अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भजन कीर्तन भी किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक विष्णु कुमार गोयल ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के प्रकोप से वृंदावन वासियों की रक्षा के लिए गिरिराज गोवर्धन को अपनी उंगली पर धारण किया था। इससे लोगों की रक्षा हुई तथा गोवर्धन पर्वत को गिरिराज कहकर उनकी पूजा का विधान शुरू हुआ। गोवर्धन के दिन अन्नकूट का पर्व मनाया जाता है। इस पर्व पर प्रसाद ग्रहण करने का विशेष महत्व है। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर विद्यालय के कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार मिश्र, रामकुमार वर्मा, हरीश रस्तोगी, डॉ.सर्वेश अग्रवाल, धनंजय भदौरिया, वीरेंद्र लोहिया, अजीत जायसवाल सहित विद्या मंदिर के समस्त शिक्षक एवं बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज की समस्त शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## पुलिस ने हिस्ट्री शीटर सहित दो को भेजा चालान

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

**हजारा(पूरनपुर)।** हजारा पुलिस ने क्षेत्र के एक हिस्ट्री शीटर सहित दो का चालान करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई किया है। हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि थाना क्षेत्र के गांव नहरोसा निवासी महमूद उर्फ मुदला जो एक हिस्ट्रीशीटर भी है इसे गांव में उपद्रव करने पर गिरफ्तार किया गया इसके अलावा थाना क्षेत्र के ही गांव अशोक नगर निवासी मनोज कुमार को अशांति फैलाने के बाबत गिरफ्तार कर दोनों आरोपितों को शांति भंग की धारा में पाबंद करते हुए दोनों को चालान भेजा गया है। उधर थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार ने बताया है कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार से कानून का उल्लंघन करने एवं क्षेत्र में अशांति फैलाने एवं दहशत पैदा करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजने का कार्य किया जाएगा।

## पांच नाज़ायज़ देशी बम के साथ गो-तस्कर गिरफ्तार

- मुखबीर की सूचना पर चेकिंग के दौरान चढ़ा पुलिस के हत्थे
- गिरफ्तार अभियुक्त गैंग डी-71 का है सदस्य

जन एक्सप्रेस | जौनपुर




खेतासराय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में खेतासराय पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबीर की सूचना पर एक शातिर किस्म का गो-तस्कर को नाज़ायज़ पाँच बम के साथ गिरफ्तार करने का दावा करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। एसओ चन्दन राय ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशन व मार्गदर्शन के अनुपालन में चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार की सुबह लगभग 09-55 बजे मुखबीर की सूचना व निशानदेही पर क्षेत्र स्थित लेदरही नहर पुलिया के पास से शातिर गो-तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया, तलाशी के दौरान उसके पास से नाज़ायज़ पाँच देशी बम बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त अपना नाम दिलशाद पुत्र स्व. मुस्लिम निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय बताया। इसके खिलाफ खेतासराय थाने व शाहगंज कोतवाली में आर्म्स एक्ट सहित गोवध निवारण अधिनियम, गैंगेस्टर एक्ट आदि सम्बंधित धाराओं एक्ट तहत कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है। यह गो-तस्कर एवं गैंग डी-71 का सदस्य है। गिरफ्तार अभियुक्त को थाने लाकर 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस टीम में एसओ चंदन राय, उपनिरीक्षक महंगू यादव, हेड कांस्टेबल संजय पाण्डेय, राजकुमार यादव, कांस्टेबल विकेश चौहान, संदीप कुमार सिंह व संदीप कुमार शामिल रहे।

## पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष का निधन, शोक की लहर

- जनप्रिय नेता की मौत से मर्माहत साथी ने भी छोड़ा प्राण
- दो शव एक साथ निकलें लोगों की आंखें हुई नम

जन एक्सप्रेस | जौनपुर





शाहगंज नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता का वाराणसी में एक निजी चिकित्सालय में रविवार रात सवा बारह बजे मृत्यु हो गया। मृत्यु की खबर जैसे ही उनके साथी विजय मोदनवाल को हुआ हृदयाघात के चलते उनकी भी मौत हो गयी। सोमनाथ सुबह दोनों की अंतिम यात्रा साथ निकाली गयी। अंतिम यात्रा में जन सैलाव उमड़ पड़ा। पूरे नगर में जाम की स्थिति बनी रही। शव यात्रा में शामिल लोगों की आंखें छलक उठीं। क्षेत्र के बड़े नेताओं में सुमार अक्खड़ सियासी, ईमानदार, प्रखर वक्ता, संगीताचार्य, सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य रहे जय प्रकाश गुप्त वर्ष 1995 में भाजपा के टिकट पर नगर पालिका अध्यक्ष निर्वाचित हुए। सीट आरक्षित होने पर 2000 में पत्नी सुमन गुप्ता पुनः भाजपा की टिकट अध्यक्ष बनीं। भाजपा से टिकट न मिलने पर भी पूर्व अध्यक्ष मैदान में डटे रहे। लेकिन सफलता नहीं मिली। हालांकि चुनाव के केन्द्र बिन्दु हमेशा श्री गुप्त ही रहे। पूर्वी कौड़ियां निवासी 68 वर्षीय पूर्व अध्यक्ष के हर पल साये की तरह साथ रहने वाले अलीगंज मोहल्ला निवासी मित्र 58 वर्षीय विजय मोदनवाल अपने परम सखा की मृत्यु बर्दाश्त न कर सके। खबर मिलते ही विजय की तबीयत भी बिगड़ने लगी। जौनपुर ले जाने के दौरान गोरारी में ही इनकी भी मौत हो गई। दोनों लोगों की शवयात्रा साथ साथ नगर भ्रमण किया। इस दौरान पूरा नगर जाम रहा। दो सखा की अंतिम यात्रा साथ देख लोगों की आंखें छलक उठीं। वहीं रामघाट पर साथ ही अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सियासी ताना-बाना तोड़ सभी दलों समेत सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के लोग एवं जन सैलाव उमड़ा रहा।

## वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

शाहगंज विकास खंड सुईथाकला के जमदरा गांव निवासी एक युवक की जहां अखण्डनगर (सुल्तानपुर) में सड़क हादसे में वाहन की चपेट में घायल होने के बाद मौत हो गई। वहीं परिजनों द्वारा मामले में हत्या की आशंका जतायी जा रही है। फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस पंचनामा कराते हुए लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी सत्ताईस वर्षीय युवक कपिलदेव पुत्र राजेंद्र प्रसाद गौतम ऊर्फ मन्ने पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के अखण्ड नगर थाना क्षेत्र के रूपईपुर गांव स्थित एक पोल्ट्री फार्म पर नौकरी करता था। दीपावली के दिन वह त्योहार मनाने के लिए बाइक से घर के निकला था कि अखंडनगर के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। हालांकि मौके पर जुटे लोगों द्वारा उसे शाहगंज स्थित एक चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामले के पीछे परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस लाश का पंचनामा कराते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरतलब हो कि मृतक दो भाई और दो बहनों में सबसे बड़ा था। पेशे से किसानी का काम करने वाले पिता का फिलहाल यही एक मात्र सहारा था जो काल के गाल में समा गया। किसी तरह वह एक बहन की शादी कर पाया था। जिसका कर्ज उसी के सिर था। इधर कमाऊ बेटे की मौत ने परिवार पर बज्रपात सा कर दिया। मां और बहनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना से समूचा गांव स्तब्ध सा रह गया है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत

- आक्रोशित परिजनों ने जाम लगा कर काटा हंगामा
- रायबरेली हाइवे पर अचलगंज थाना क्षेत्र के ईश्वरीखेड़ा गांव के पास हुआ हादसा
- मृतकों के फाइल फोटो व परिजन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव





उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में रायबरेली हाईवे पर ईश्वरी खेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने कार खड़ी देख परिजनों ने पुलिस पर आरोपियों को भगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।करने लगे। हाईवे पर जाम और हंगामें की सूचना पर सीओ बीघापुर के अलावा कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया गया। करने और तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करने का आस्वाशन दिया। करीब डेढ़ घंटे बाद यातायात सामान्य हुआ। अचलगंज थानाक्षेत्र के गांव शोभाखेड़ा निवासी सतीश (35) पुत्र भैरम और कैलाश (43) पुत्र राजाराम एक कोल्डस्टोरेज में मजदूरी करने के साथ ही बटाई पर खेती भी करते थें। सोमवार शाम छुट्टी के बाद कैलाश साथी सतीश को लेकर ईश्वरीखेड़ा स्थित अपनी ससुराल चला गया। शाम करीब 7:30 बजे दोनों बाइक से घर लौट रहे थे तभी गांव के बाहर निकलते ही रायबरेली हाईवे पर अचलगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सतीश की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि कैलाश गम्भीर रुप से घायल हो गया। कार सवार गाड़ी छोड़कर भाग निकले। परिजनों ने पहले तो दोनों को मृत समझा बाद में कैलाश की सांसे चलती देख निजी वाहन से जिला अस्पताल लाए। डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक साथ दो मौतों से गुस्साए पर परिजनों ने पुलिस पर आरोपियों को भगाने का आरोप लगाते हुए हाइवे जाम कर दिया। हंगामें की सूचना पर अचलगंज पुलिस के साथ को सीओ बीघापुर माया राय भी पहुंच गईं। हंगामा देख उन्होंने सदर कोतवाली, बीघापुर और दही थाना पुलिस को मौके पर बुलवाया। परिजनों को समझाने का प्रयास किया। आरोपियों की गिरफ्तारी के आस्वाशन के बाद परिजन माने और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक हाईवे जाम रहा। सीओ माया राय ने बताया कि कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। गाड़ी कब्जे में है। मृतक सतीश की पत्नी रिंकी रो रोकर बेहाल है। उसके दो बच्चे लकी (5) और डेढ़ वर्ष की बेटी नन्दिनी है। वह दो भाइयों में बड़ा था। जबकि कैलाश के पत्नी श्रीमती के साथ बेटी वंदना, छोटू व मनीष हैं। वह दो भाइयों में छोटा था।

# बहन के घर आए भाई का चारपाई पर पड़ा मिला रक्तरंजित शव

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

- दिल्ली में चलाता था रेडिमेड कारखाना
- सफीपुर कोतवाली के बम्हना गांव की घटना

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में बहन के घर आए भाई की हत्या कर दी गई। उसका लहुलुहान शव घर के बाहर चारपाई पर पड़ा मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें धारदार हथियार से सिर और चेहरे पर किए गए वार से मौत की पुष्टि हुई है। भांजे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। अचलगंज थानाक्षेत्र के जरगांव निवासी छून्नू सिंह (50) दिल्ली में रहकर रेडीमेड कपड़ों का कारखाना चलाता था। उसका भांजा फतेहबहादुर सिंह निवासी बम्हना कोतवाली सफीपुर भी उसके कारखाने में काम करता था। दीपावली का त्योहार मनाने के लिए मामा भांजे शनिवार को बम्हना गांव आये थे। रविवार को खाना खाने के बाद छून्नू की बड़ी बहन सरिता सिंह और परिवार के अन्य सदस्य घर के अंदर सोए थे। छून्नू घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था। सोमवार सुबह जब परिजन बाहर निकले तो छुन्नू का चारपाई पर खून से लतपथ शव पड़ा देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। हत्या की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जांच पड़ताल की। भांजे फतेहबहादुर सिंह ने बताया कि छून्नू की शादी नहीं हुई थी। किसी से उनका कोई विवाद भी नहीं था। उसके बाद भी हत्या करना समझ नहीं आ रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया कि मृतक के भांजे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। अभी तक की जांच में पता चला है कि वह शराब का लती था और घटना के दिन रात में दरवाजे के बाहर गालियां भी दे रहा था। जिसका कई लोगों ने विरोध भी किया था। हर पहलू से बिंदु जांच की जा रही है। आसनाई और संपत्ति हड़पने जैसे पहलुओं की जांच की जा रही है। घटना के पीछे पुलिस को किसी नजदीकी का हाथ लग रहा है।

# पैर फिसलने से तालाब में डूबा युवक, मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बीघापुर कोतवाली की निबई चौकी क्षेत्र के बरुवा गांव में पैर फिसलने से युवक की तालाब में डूब कर मौत हो गई। मृतक के छोटे भाई देवेश उर्फ दीपू की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । बरुवा गांव निवासी उमेश चंद्र दुबे (41) पुत्र ओमप्रकाश सोमवार दोपहर खेतों की ओर गया हुआ था। जहां खेत के पास स्थित तालाब में पैर फिसलने से वह तालाब में डूब गया। गांव वालों ने उसका शव उतराता देख परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे मृतक के भाई देवेश की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तालाब से मृतक का शव निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक खेती किसानी करता था।

# कार की टक्कर से बाइक सवार श्रमिक की मौत, साथी घायल

- हाइवे पर अवैध कट से बाइक निकालते समय हुआ हादसा


जन एक्सप्रेस । उन्नाव

अचलगंज थाना क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर हाईवे पर यूपीएसआईडीसी के पास अवैध कट से निकलते समय बाइक सवार श्रमिकों को कार ने टक्कर मार दी। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल पहुंचाए जाने पर एक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया दूसरे का इलाज चल रहा है। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के शंकरपुर सराय गांव निवासी जयशेष सिंह (45) और उसका पड़ोसी उपेंद्र सिंह (40) बंथर औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में काम करते थे। सोमवार रात दस बजे बाइक से दोनों बाइक से ड्यूटी करने जा रहे थे। कानपुर-लखनऊ हाइवे पर यूपीएसआईडीसी के सामने बने अवैध कट से बाइक निकालने के दौरान लखनऊ की ओर से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना में दोनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची बदरका चौकी पुलिस ने एम्बुलेंस से दोनो को जिला अस्पताल भेजा। डॉक्टर ने उपेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। घायल जयशेष सिंह का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा। पति की मौत से पत्नी रानी सिंह, बच्चे आदित्य सिंह, वर्षा समेत अन्य परिजन बेहाल हैं। चौकी इंचार्ज रवी मिश्र ने बताया कि शव पोस्टमार्टम कराया गया है। चालक कार छोड़कर मौके से भाग निकला। गाड़ी कब्जे में ली गई है।

# प्रेमिका से मिलने गए युवक का फंदे से लटका मिला शव

- परिजनों ने लगाया हत्या कर शव लटकाने का आरोप
- हसनगंज कोतवाली के हसनापुर गांव की घटना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में ईट भट्ठा श्रमिक का शव संदिग्ध हालातों में पेड़ में बंधे फंदे से लटका मिला। बताया जा रहा है कि युवक अपनी प्रेमिका से मिलने गया था। मृतक के परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। वहीं शरीर पर मिले चोटों के निशान से आशंका जताई जा रही है कि पिटाई से आहत होकर उसने फांसी लगाकर जान दी है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। आसीवन थाना के अटिया रसूलाबाद निवासी साजन (22) पुत्र लाल बहादुर माखी थाना क्षेत्र स्थित एक ईट भट्ठे में काम करता था। रविवार रात को वह घर से हसनगंज कोतवाली अंतर्गत नारा खेड़ा गांव गया था। चर्चा है कि युवक का उसी गांव में एक युवती से प्रेम संबंध था। मुलाकात के दौरान परिजनों ने उसे पकड़ लिया। सोमवार भोर पहर हसनगंज के नाराखेड़ा के पड़ोसी गांव हसनापुर निवासी शिवकुमार के आम के बाग में पेड़ से गमछे के फंदे से उसका शव लटका देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के शरीर पर मारपीट से आई चोट के निशान हैं। मृतक तीन भाई व एक बहन है। पिता ने प्रेमिका के परिजनों पर बेटे की हत्या कर शव लटका देने का आरोप लगाया है। पिता लाल बहादुर ने बताया की बेटा लक्ष्मी ब्रिक फील्ड रऊ में ईट की पथाई करता था। वही प्रेमिका के परिजन भी ईट की पथाई करते थे। इसके कारण बेटे का अक्सर उनके घर आना जाना था।एसएचओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि फंदे से शव लटकता मिला है। शरीर पर चोट के निशान है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

# युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर कस्बे में सोमवार की देर रात कई युवकों ने मिलकर युवक पर जानलेवा हमला कर युवक की लहुलुहान कर भाग निकले पुलिस ने तीन नामजद व कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सोमवार देर रात वार्ड न 6 निवासी कमल मिश्रा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह देर शाम अपने घर के बाहर बैठा तभी कस्बे के वॉर्ड न 3 निवासी हरी त्रिवेदी, ओमजी त्रिवेदी, विकास त्रिवेदी ने लोहे को सरिया से हमला कर लहुलुहान कर दिया था हमले की सूचना पर युवक के परिजन मौके पर पहुंचे ही तब तक हमलावर मौके से फरार हो चुके थे कमल मिश्रा ने पुलिस से शिकायत में बताया है देशी कट्टा लहराते हुए कट्टा सटाकर उनके गले से सोने की जंजीर व दस हजार रुपए की नगदी हमलावर ले भागे थे। उधर पुलिस ने कमल मिश्रा की तहरीर पर तीन नामजद सहित कई अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। और आश्वासन दिया है कि इस मामले में उचित से उचित जाँच कर के दोषियों को सज़ा दी जाएगी।

# बेटी ने शराब के लिए नहीं दिए पैसे, शराबी पिता फांसी पर झूला

- कुछ वर्षों पहले पत्नी ने भी कीटनाशक पीकर कर ली थी आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर थाना क्षेत्र के खजूरी कला गांव से औरंगपुर सांभी जाने वाली सड़क पर बिजली घर के ठीक सामने एक किसान के खेत में मौजूद हाईटेंशन लाइन के विद्युत टावर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया घटना को गंभीरता से समझते हुए एसीपी आईपी सिंह ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच उपरांत पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कुदौरा गांव निवासी 46 वर्षीय किसान छोटेलाल पुत्र स्वर्गीय बांकेलाल खेती-बाड़ी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। लगभग कुछ वर्षो पूर्व पत्नी की मृत्यु के बाद वह अपनी वृद्ध मां और चार बेटियों दिव्यांशी, सोनी, कोमल व शिवानी के साथ रहता था। जिसमें कोमल की शादी हो चुकी है। परिवारिक जनों के अनुसार किसान छोटेलाल शराब का लती था। मंगलवार को भी सुबह शराब पीने के बाद वह एक बार फिर बेटियों के पास शराब के लिए पैसे लेने पहुंचा था। बेटियों द्वारा पैसे देने से मना करने के बाद वह उनको डांटने फटकारने के बाद घर से निकल आया था। खजूरी गांव निवासी मेवा लाल के खेत को उसने लगान पर लेकर उसमें आलू की फसल बो रखी थी। दोपहर में वह उसी खेत पर पहुंच गया और लगभग एक बजे खेत में मौजूद हाई टेंशन लाइन के टावर में अंगौछे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। किसान द्वारा फांसी लगाए जाते ही खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। जानकारी मिलते ही वृद्ध मां व नाबालिग तीनों बेटियां मौके पर पहुंच गईं और फांसी पर लटका शव देख चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस पुलिस ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया कोतवाल सुरेंद्र सिंह भाटी ने गंभीरता को समझते हुए फॉरेंसिक टीम को अवगत कराया शव को फांसी से उतरवाकर मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किए।कोतवाली प्रभारी सुरेंद्र सिंह के अनुसार प्रथम द्रष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। अन्य आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए फॉरेंसिक टीम मौके पर बुलाई गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। और दोषी को सज़ा दी जाएगी

## फास्ट फॉरवर्ड

### गुंडा टैक्स न देने पर दबंगों ने जमकर पीटा


जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज/उन्नाव। मिश्रा कालोनी में रहने वाले आकाश त्रिपाठी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार शाम करीब चार बजे जब वह अपने घर पर बैठा था। तभी कुछ लोग घर पर आ गये और गुंडा टैक्स मांगने लगे। विरोध करने पर मारा पीटा और घर पर ईंट पत्थर चला दिये। मारपीट में सभासद विशाल त्रिपाठी, भाई कन्हैया त्रिपाठी, श्रीराम पांडेय, संदीप कुशवाहा को गंभीर चोटें आईं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सौरभ मिश्रा उर्फ कल्लू, आश्चर्य अवस्थी उर्फ कुल्लू, ऋषभ उपाध्याय, आर्यन, मनीष, अमित, मुन्नू धानुक, दीपक मिश्रा, गुड्डू अवस्थी के अलावा 40 से 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष से भी कार्रवाई को लेकर तहरीर दी गई है।

### अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज/उन्नाव। सोमवार को अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से ही नगर के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। जहां श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दूध, घृत, शहद, अक्षत, रोली, चंदन, पुष्प, सुगंध, धूप, दीप व नैवेद्य आदि समर्पित कर पतित-पावनी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। उनसे सुख और समृद्धि की कामना की। मिश्रा कालोनी घाट, गंगा बिशुन घाट, शिव बाबा घाट, आनंद घाट, पुल के नीचे बने घाट व चंदन घाट पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भोर पहर से ही श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान प्रारंभ कर दिया। श्रद्धालुओं ने गंगा के घाटों और तटों पर भगवान सत्य नारायन की कथा सुनी व प्रसाद बांटा। इसके साथ ही घाटों पर सत्यनारायण की कथा सुनी। इसके साथ ही घाटों के आस पास लगी दुकानों में भी श्रद्धालुओं ने खरीददारी की।

### सोमवार को अमावस्या पड़ने के कारण मंगलवार को हुई गोवर्धन पूजा

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज/उन्नाव। दीपावली के दूसरे दिन पड़ने वाली गोवर्धन पूजा, इस बार सोमवार को अमावस्या होने के कारण मंगलवार को मनाई गई। जहां नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने घरों में गोबर से घरों के आंगन में गोवर्धन बनाया। जिसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद रोली, चावल, खीर, बताशे, जल, दूध, पान, केसर, फूल और दीपक जलाकर गोवर्धन भगवान की पूजा करें। कहा जाता है कि इस दिन विधि विधान से सच्चे दिल से



गोवर्धन भगवान की पूजा करने से साल भर भगवान श्री कृष्ण की कृपा बनी रहती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने आज ही के दिन इन्द्र का मानमर्दन कर गिरिराज का पूजन किया था। तभी से गोवर्धन पूजा का त्योहार अनवरत रूप से चला आ रहा है। अन्नकूट के नाम से जाना जाता है क्योंकि इस दिन घरों में अन्नकूट का भोग बनाया जाता है। गोवर्धन पूजन के दिन घरों में गोबर से गोवर्धन महाराज की प्रतिमा बनाई जाती है और पूरे परिवार के साथ शुभ मुहूर्त में पूजन किया जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने देवराज इंद्र का घमंड चूर किया था और अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की थी।

### दो घरों से चोरों ने लाखों का माल किया पार

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज/उन्नाव। 14 नवम्बर सोहरामऊ थानांतर्गत चौपई चौकी क्षेत्र के गांव लक्षीपुर में दो घरों में घुसकर अज्ञात चोरों ने बीती रात चार मोबाइल और पंद्रह हजार नगदी पर हांथ साफ कर दिया घटना के शिकार हुए दोनो लोगों ने सोहरामऊ थाने में तहरीर दी है। सोहरामऊ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की

# संदिग्ध परिस्थितियों में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लगी आग

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जमोरिया चौराहे पर देर रात अज्ञात कारणों के चलते इलेक्ट्रानिक की दुकान में आग लग गई। जिससे तीन लाख का सामान सहित एक लाख की नगदी जलकर राख हो गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दुकानदार ने ग्रामीणों की मदद से समरसेबल,हैंडपंपों की मदद से एक घण्टे बाद जबतक आग पर काबू पाते तब दुकान का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के धोपा जमोरिया गांव निवासी संजय कुमार पुत्र लक्ष्मी नारायण की इलेक्ट्रानिक दुकान जमोरिया चौराहे पर खोलकर परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार देर शाम दुकानदार ने दुकान को बंद करके घर चला गया। देर रात दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई।दुकान के अंदर से धुआं निकलता देख आसपास के लोगो ने सूचना दुकानदार को दिया।मौके पर पहुंचे दुकानदार ने अपनी दुकान खोलकर देखा तो आग ने विकराल रूप धारण करते हुए पूरी दुकान को अपने चपेट में ले लिया। दुकान के अंदर से आग की तेज लपटे उठती देख आसपास के लोगो में हड़कंप मच गया।जिसके बाद दुकानदार और ग्रामीणों ने समर्सेबल, हैंडपंपों की मदद से कड़ी मशक्कत कर एक घण्टे के बाद जब तक आग पर काबू पाते तब दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो चुकी थी। पीड़ित दुकानदार संजय के अनुसार लैपटॉप, एलईडी टीवी, मिनी एटीएम, मोबाइल, गिफ्ट, घड़ी, साउंड सहित तीन लाख का सामान व एक लाख की नगदी जलकर राख हो गई।

# बिल्हौर के ब्रह्म नगर में वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर कस्बे में एक वृद्ध ने रविवार रात घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवारिक जनों को सुबह जागने पर मामले की जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही की। थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव निवासी 65 वर्षीय महेश बिल्हौर कस्बे के ब्रह्म नगर मोहल्ले में मकान बनाकर अपनी पत्नी व बच्चों के साथ निवास करते थे और बढ़ई का काम कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। बेटा संदीप के अनुसार रविवार शाम दीपावली के पर्व पर उन्होंने सभी के साथ मिलकर पूजा अर्चना कर दीपावली की खुशियां मनाने के बाद खाना खाकर वह अपने कमरे में चले गए। भोर पहर उनकी मां दीपावली की रात सूप खटखटाए जाने की परंपरा निभाने के लिए उठी थीं और सूप खटखटाते हुए वह पति महेश के कमरे में पहुंचीं और पति को कमरे में मौजूद लोहे की खूंटी में अंगौछे के सहारे फांसी पर लटका देख उनकी चीख निकल गई। मां की चीख सुनकर वह और उसकी बहन भी कमरे में पहुंच गई। मां को शांत कराने के बाद उसने पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घटना की जांच पड़ताल शुरू की। बहू की मौत के बाद मानसिक तनाव में थे महेश बेटा संदीप के अनुसार कुछ माह पूर्व उनकी पत्नी थी छत से गिरकर मौत हो गई थी। पत्नी की मौत की बाद ससुराली जनो ने पूरे परिवार दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर दिया था। तब से उसके पिता लगातार मानसिक तनाव में चल रहे और शायद इसी कारण उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कस्बा इंचार्ज कमल सिंह के अनुसार प्रथम द्रष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# अनियंत्रित बाइक पोल से टकराई, किशोर की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पुरवा कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में घायल बाइक सवार किशोर को राहगीरों की मदद से पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस में शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के तौरा गांव निवासी मोनू (17) पुत्र राजकुमार का ट्रक में क्लीनर था। रविवार देर रात करीब 12 बजे कोतवाली क्षेत्र के गांव हिम्मतखेड़ा में रहने वाले रिश्तेदार के घर जाते समय उन्नाव-पुरवा मार्ग पर मिर्जापुर सुम्भारी गांव के पास लगे बिजली के पोल से उसकी बाइक टकरा गई। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएसआई राममोहन सिंह को मृतक की जेब मे मिले कागजों के आधार पर परिजनों को सूचना दी। मृतक चार भाई बहनों में भाई बहनों में छोटा था। बेटे की मौत से पिता राजकुमार और अन्य परिजन बेहाल है। और साथ ही परिवार के अन्य लोगो का भी रो रो कर बुरा हाल है।

# दबंगों ने युवक को पीटा, मौत

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव



सोहरामऊ थानांतर्गत रामपुर निवासी ईश्वरदीन का पुत्र रमाकांत दो दिन पूर्व अपने मित्र को छोड़ने भटपुरा गया था जाते समय मोटरसाइकिल की हल्की टक्कर लग गई। मित्र को छोड़कर वापस लौटते समय भटपुरा निवासी तीन युवकों ने नशे की हालत में रोड पर खड़े होकर रोक लिया और मारपीट की सूचना जब परिजनों को मिली तो परिजन उसे गंभीर रूप से घायल देख मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए ले गए।इलाज के दौरान उक्त युवक की मौत हो गई। जिसकी तहरीर पिता ईश्वरदीन ने सोहरामऊ थाने में दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोहरामऊ थानांतर्गत ग्राम रामपुर निवासी ईश्वरदीन ने तहरीर देकर बताया उनका लगभग 20 वर्षीय पुत्र रमाकांत दो दिन पूर्व शाम को लगभग सात बजे भटपुरा निवासी अपने मित्र रामेश्वर पुत्र फकीरे को छोड़ने भटपुरा गांव अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था भटपुरा गांव के पास मोटरसाइकिल से हल्की फुल्की टक्कर लग गई वह अपने मित्र रामेश्वर को छोड़कर वापस लौट रहा था तभी भटपुरा निवासी कमलेश वा श्रवण पुत्र हिरमानी छोटेलाल पुत्र रम्मा नशे की हालत में बीच रोड़ पर खड़े होकर रमाकांत को रोक लिया और गंदी गंदी गालियां देते हुए लात घूंसे और और डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया मारपीट के दौरान रमाकांत बेहोस होकर गिर पड़ा उसे छोड़कर मोटरसाइकिल अपने घर लेकर चले गए। घटना की सूचना जब पिता को मिली मौके पर पहुंचा तो देखा बेटा अचेत अवस्था में पड़ा था गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया लेकिन उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता ईश्वरदीन ने बताया की मेरे पुत्र रमाकांत के साथ उपरोक्त लोगों ने इतना मारा कि मेरे बेटे की मौत हो गई। जबकि सोहरामऊ थाना प्रभारी अवधेश कुमार के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला एक्सीडेंट का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मामला क्या है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला दर्ज कर उचित कार्यवाही की जाएगी।



































स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)